

एचडीएफसी बैंक के चेयरमैन का इस्तीफा कमान मिस्त्री को - 12



एलपीजी की बुकिंग सामान्य की ओर लेकिन स्थिति अब भी चिंताजनक - 12



ऊर्जा उत्पादन अब राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला - 13



रोहित और विराट की तरह संजू की जगह कोई नहीं ले सकता : रियान पराग - 14


आज का मौसम

27.0° अधिकतम तापमान

17.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06.13 सूर्यास्त 06.20

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

|कानपुर नगर|

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष द्वितीया 02:31 उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2083

शुक्रवार, 20 मार्च 2026, वर्ष 4, अंक 208, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 5 रुपये


# कच्चा तेल उबला, औंधे मुंह बाजार

## पश्चिम एशिया में तेल व गैस संयंत्रों पर हमले से सहमा बाजार, 22 महीने की सबसे बड़ी गिरावट | क्रूड ऑयल की कीमत फिर से 116 डॉलर प्रति बैरल पहुंची, निवेशकों के 12 लाख करोड़ डूबे

मुंबई, एजेंसी

पश्चिम एशिया में तेल एवं गैस संयंत्रों पर हमलों के कारण गुरुवार को कच्चे तेल के दाम में भारी उछाल आया। इस कारण स्थानीय शेयर बाजार में गुरुवार को तेज गिरावट आई और प्रमुख सूचकांक सवा तीन प्रतिशत से ज्यादा टूट गए। बीएसई सेंसेक्स ने 2,497 अंक का गोता लगा गया, जबकि एनएसई निफ्टी 775 अंक लुढ़क गया। इसके साथ बाजार में पिछले तीन दिन से जारी तेजी पर विराम लगा। भारी गिरावट से निवेशकों को 12.87 लाख करोड़ का नुकसान हुआ। पश्चिम एशिया संकट 28 फरवरी को शुरू होने के बाद से निवेशकों को 37 लाख करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हो चुका है।

पश्चिम एशिया में तेल एवं गैस संयंत्रों पर हमलों के बाद कच्चे तेल के दाम में उछाल आने से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई है। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 2,497 अंक यानी 3.26% का गोता लगाकर 74,207.24 अंक पर बंद हुआ। जून, 2024 के बाद सेंसेक्स में एक दिन में यह सबसे बड़ी गिरावट है। कारोबार के दौरान, यह 2,753.18 अंक टूटकर 73,950.95 अंक पर आ गया था। पचास शेयरों पर आधारित निफ्टी भी 775.65 अंक यानी 3.26% टूटकर 23,002.15 अंक पर बंद हुआ। इससे पहले, पिछले तीन कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स 2,140 अंक चढ़ा था जबकि निफ्टी में 626 अंक की तेजी रही थी। एचडीएफसी बैंक के चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती के इस्तीफे के बाद बैंक का शेयर 5.13 प्रतिशत नीचे आ गया। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत 6.75 प्रतिशत चढ़कर 114.8 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गई। यह वृद्धि कतर में एक महत्वपूर्ण प्राकृतिक गैस संयंत्र और कुवैत में दो तेल रिफाइनरियों पर ईरान के हमले के बाद हुई। ईरान ने गुरुवार को अपने पड़ोसी देशों के ऊर्जा संयंत्रों पर हमले तेज कर दिए। उसने लाल सागर स्थित सऊदी अरब की एक रिफाइनरी को निशाना बनाया और कतर के एलएनजी संयंत्रों और कुवैत की दो तेल रिफाइनरियों पर भी हमले किए। यूरोप के प्रमुख बाजारों में भी भारी गिरावट आई।




### चांदी में 17,800 की गिरावट सोना 7,000 रुपये लुढ़का

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमतें 17,800 रुपये लुढ़ककर 2.38 लाख प्रति किलोग्राम रह गईं, जबकि बाजारों में भारी बिकवाली के चलते सोने की कीमत 7,000 रुपये के नुकसान के साथ 1.53 लाख प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 17,800 रुपये या लगभग सात प्रतिशत गिरकर 2,38,700 प्रति किग्रा (सभी करों सहित) रह गई, जो बुधवार को बंद हुई कीमत 2,56,500 रुपये से काफी कम है। चांदी अब तक के सबसे ऊंचे स्तर 4,04,500 रुपये प्रति किग्रा से 1,65,800 रुपये या 41 प्रतिशत तक नीचे आ चुकी है।

### पश्चिम एशिया में ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर हमलों को भारत ने अत्यंत चिंताजनक बताया

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में गैस भंडारण केंद्रों पर ताजा हमलों से पैदा चिंताओं के बीच भारत ने गुरुवार को कहा कि ऐसे हमले अस्वीकार्य हैं और इन्हें रोका जाना चाहिए। भारत ने इन हमलों को अत्यंत परेशान करने वाला बताया और कहा कि ये पहले से ही अनिश्चितता से गुजर रहे वैश्विक ऊर्जा क्षेत्र को और अधिक अस्थिर करेंगे। ईरान ने अपने साउथ पार्स गैस क्षेत्रों पर इजराइल के हमलों के जवाब में रास लाफान में कतर के एलएनजी केंद्र सहित पश्चिम एशिया के कई ऊर्जा प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, भारत ने इससे पहले पूरे क्षेत्र में नागरिक बुनियादी ढांचे, जिसमें ऊर्जा बुनियादी ढांचा भी शामिल है, को निशाना बनाने से बचने का आह्वान किया था। इस क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर हालिया हमले अत्यंत परेशान करने वाले हैं।

# यूएई-कतर के तेल और गैस संयंत्र पर ईरानी वार से चौतरफा मचा हाहाकार

दुबई, एजेंसी

ईरान ने अपने एक प्रमुख गैस फील्ड पर इजराइल के हमले के जवाब में गुरुवार को चार से अधिक खाड़ी देशों में तेल और गैस के प्रतिष्ठानों पर हमले किए। ईरान के इस वार से वैश्विक अर्थव्यवस्था प्रभावित होने लगी है। इन हमलों के बाद ईंधन के दामों में तेजी से वृद्धि हुई और ईरान के पड़ोसी अरब देशों के सीधे संघर्ष के दायरे में आने का खतरा बढ़ गया है। ईरान ने कतर के रास लफ्फान गैस प्लांट पर हमले किए। होर्मुज में ईरान के अवरोधों के कारण पहले से दबाव में बनी हुई वैश्विक आपूर्ति ईरान के इन हमलों से और अधिक दबाव में आ रही है।

इस क्षेत्र में संयुक्त अरब अमीरात के तट के पास एक जहाज में आग लगा दी गई और कतर के पास एक अन्य जहाज क्षतिग्रस्त हो गया। एक ईरानी ड्रोन से लाल सागर में स्थित सऊदी अरब की एक रिफाइनरी को निशाना बनाया गया। इजराइल और अमेरिका द्वारा 28 फरवरी को ईरान पर हमलों के साथ युद्ध शुरू होने के बाद से अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल की कीमत 116 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई।

वहीं, कतर, सऊदी व संयुक्त अरब अमीरात ने ईरान के हमलों की निंदा की। अरब लीग के महासचिव अहमद अबूल घीत ने इसे खतरनाक तरीके से उकसावे वाला बताया। सऊदी अरब ने बताया कि एक ड्रोन ने लाल सागर के किनारे स्थित बंदरगाह शहर यानबू में देश की एसएएमआरईएफ रिफाइनरी पर गुरुवार को हमला किया। सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि नुकसान का आकलन किया जा रहा है लेकिन उसने इस बारे में विस्तार से कुछ नहीं बताया।



कतर के रास लफ्फान गैस प्लांट पर धधकती आग।

- इजराइल पर हमले के बाद चार खाड़ी देशों को बनाया निशाना कतर का रास लफ्फान गैस प्लांट दहला
- ईरान की धमकी एनर्जी इन्फ्रास्ट्रक्चर पर हमला किया तो और बड़े हमले करेंगे

### ट्रंप का आश्वासन- गैस क्षेत्र पर नहीं करेंगे हमले

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आश्वासन दिया कि इजराइल ईरान के प्रमुख गैस क्षेत्र 'साउथ पार्स' पर और हमले नहीं करेगा लेकिन उन्होंने साथ ही कहा कि अगर ईरान ने कतर पर फिर हमला किया तो अमेरिका जवाबी कार्रवाई करेगा और उस पूरे क्षेत्र को उड़ा देगा। वैश्विक ऊर्जा बाजारों में उथल-पुथल और कतर पर ईरानी मिसाइल हमलों के बीच ट्रंप ने बुधवार रात सोशल मीडिया पर यह टिप्पणी की। ट्रंप ने कहा, मैं इस पैमाने की हिंसा और विनाश की अनुमति नहीं देना चाहता क्योंकि इसका ईरान के भविष्य पर दीर्घकालिक असर पड़ेगा।

### पेंटागन ने 200 अरब डॉलर का अतिरिक्त कोष मांगा

उधर पेंटागन ने ईरान युद्ध के लिए 200 अरब डॉलर का अतिरिक्त कोष मांगा है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। इजराइल के हमलों में ईरान के खुफिया मंत्री की मौत हो गई है। इजराइल ने शीर्ष ईरानी नेतृत्व के खिलाफ अपना अभियान जारी रखते हुए बुधवार को ईरान के अपतटीय प्राकृतिक गैस क्षेत्र पर कथित तौर पर हमला किया जिससे क्षेत्र की आर्थिक जीवनरेखा यानी ऊर्जा पर दबाव और बढ़ गया।

## ब्रीफ न्यूज

### अहमदाबाद में 2.38 करोड़ रुपये मूल्य के जाली नोट जब्त

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद पुलिस ने 2.38 करोड़ रुपये अंकित मूल्य के उच्च गुणवत्ता वाले भारतीय जाली नोट जब्त किए हैं और इस सिलसिले में सात लोगों को पकड़ा गया है। अधिकारियों ने बताया कि इस संबंध में मिली एक सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा ने सूरत के एक योग शिक्षक सहित आरोपियों को उस समय पकड़ा जब वे बुधवार को यहां पहुंचे। आरोपियों के पास से 500 रुपये के 42,000 जाली नोट जब्त किए गए। पुलिस उपायुक्त सभी आरोपी एक एसयूवी में यह जाली नोट लेकर आए थे। वाहन को अमराईवाड़ी इलाके के पास रोका गया और नोट बरामद किए।

### अक्षय तृतीया पर 12:15 बजे खुलेंगे गंगोत्री धाम के कपाट

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड में चारधाम यात्रा की तैयारियों के बीच आस्था के प्रमुख केंद्र गंगोत्री धाम के कपाट आगामी 19 अप्रैल अक्षय तृतीया के दिन दोपहर 12:15 बजे विधिविधान के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। गंगोत्री मंदिर समिति ने चैत्र नवरात्र के दौरान पंचांग के अनुसार तिथि और समय की औपचारिक घोषणा कर दी है।

# राष्ट्रपति ने की श्रीराम यंत्र की प्रतिष्ठापना

- राज्यपाल व मुख्यमंत्री के साथ किए रामलला के दर्शन, चरणों में झुकाया शीश
- आज अयोध्या में होना मेरे जीवन का कृतार्थ करने वाला पल : मुर्मू

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को हिंदू नववर्ष के आगमन व चैत्र नवरात्र के पहले दिन श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में श्रीराम यंत्र की प्रतिष्ठापना की। उन्होंने राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी के साथ रामलला के चरणों में शीश झुकाकर व आरती उतारकर श्रद्धा निवेदित की। मंदिर परिसर में सभी देवों के समक्ष शीश झुकाया।

दर्शन-पूजन के बाद राष्ट्रपति ने भावुक होकर कहा, श्रीराम की मेरे ऊपर बहुत कृपा है। आज अयोध्या में होना मेरे जीवन का कृतार्थ करने वाला पल है। उन्होंने प्रभु राम से देश की समृद्धि, शांति और नागरिकों की भलाई की प्रार्थना की। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के द्वितीय तल पर श्रीरामयंत्र की विधिवत प्रतिष्ठापना की। श्रीराम यंत्र दो वर्ष पूर्व जगद्गुरु शंकराचार्य विजयेंद्र सरस्वती महाराज द्वारा शोभायात्रा के माध्यम से अयोध्या भेजा गया था। वैदिक गणित और ज्यामितीय आकृतियों पर आधारित यह यंत्र देवताओं का निवास माना जाता है, जो सकारात्मक ऊर्जा आकर्षित करने की क्षमता रखता है। दक्षिण भारत, काशी, अयोध्या के आचार्यों द्वारा मंदिर में श्रीराम यंत्र के लिए नौ दिवसीय वैदिक अनुष्ठान पहले से ही शुरू हो चुका था। राष्ट्रपति ने राम परिवार की मध्याह्न आरती में भी भाग लिया। मंदिर परिसर का भ्रमण कर वहां नक्काशियों और रामायण के दृश्यों को बड़े ध्यान से देखा। उन्होंने निर्माण में लगे कर्मयोगियों से भी मुलाकात की और उनकी मेहनत की सराहना की। कार्यक्रम में मां अमृतानंदमयी, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि, ट्रस्टी अनिल मिश्रा, सदस्य गोपाल जी समेत बड़ी संख्या में संत-महंत आदि मौजूद रहे।



राम मंदिर के द्वितीय तल पर श्रीराम यंत्र का पूजन अर्चन करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

### सनातन विरोध वाले स्थानों पर नहीं जाती वर्तमान पीढ़ी : योगी

- मुख्यमंत्री ने कहा- अब नए वर्ष पर परिवार के साथ मंदिर जाते हैं लोग

**अयोध्या।** वर्तमान पीढ़ी नववर्ष पर ऐसे किसी टूरिस्ट डेस्टिनेशन पर नहीं जाती, जहां सनातन के विरोध में कोई कार्य हो रहा है। वह नए वर्ष पर परिवार के साथ मंदिर जाती है। ये बातें गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। वे श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में श्रीराम यंत्र की प्रतिष्ठापना के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सबसे पहले प्रदेशवासियों को भारतीय नवसंवत्सर की शुभकामना दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरयू मैया अयोध्या धाम को पवित्र करते हुए अपने निर्मल जल से पूरे क्षेत्र को पवित्र करती हैं। रामराज्य की अनुभूति का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया में युद्ध चल रहे हैं और हम श्रीराम यंत्र की प्रतिष्ठापना कार्यक्रम में सहभागी बन रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व-मार्गदर्शन में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन, श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा, रामदरबार के पवित्र विग्रह की स्थापना, ध्वजा आरोहण और आज श्रीराम यंत्र की स्थापना का कार्यक्रम हर सनातन धर्मावलंबी व सच्चे भारतीय को आनंद से विभोर कर देता है और यही भारत की आस्था है। उन्होंने विपक्षी दलों पर भी निशाना साधा, कहा कि आस्था को अंधविश्वास कहकर अपमानित किया गया था।

# पीएम मोदी ने कई वैश्विक नेताओं से की बात

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक और अपने मलेशियाई समकक्ष अनवर इब्राहिम से बात की तथा उनके साथ पश्चिम एशिया में स्थिति पर चर्चा की। मोदी ने क्षेत्र में संघर्ष को कम करने और उसके बाद शांति व स्थिरता बहाल करने का समर्थन किया।

मोदी ने एक पोस्ट में कहा, मैंने अपने प्रिय मित्र राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से पश्चिम एशिया की स्थिति पर, और तनाव कम करने की तत्काल आवश्यकता के साथ-साथ संवाद और कूटनीति की ओर लौटने के बारे में बात की। हम क्षेत्र और उससे परे शांति व स्थिरता को आगे बढ़ाने के लिए अपने घनिष्ठ समन्वय को जारी रखने को उत्सुक हैं। यह भी कहा कि उन्होंने अपने भाई सुल्तान हैथम बिन तारिक के साथ सार्थक बातचीत की और ओमान के लोगों को ईद की शुभकामनाएं दीं। मोदी ने कहा, हम (क्षेत्र में) तनाव कम करने और उसके बाद शांति व स्थिरता बहाल करने के लिए संवाद और कूटनीति को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर सहमत हुए। प्रधानमंत्री ने ओमान की संप्रभुता व क्षेत्रीय अखंडता के उल्लंघन की भारत द्वारा की गई निंदा को दोहराया और भारतीय नागरिकों सहित हजारों लोगों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा, भारत और ओमान होर्मुज जलडमरूमध्य में सुरक्षित और निर्बाध नौवहन के लिए प्रतिबद्ध हैं।

इब्राहिम के साथ बातचीत में, मोदी ने ईद को लेकर अपने मलेशियाई समकक्ष और मलेशिया के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, हमने पश्चिम एशिया में बेहद चिंताजनक स्थिति पर भी चर्चा की और संवाद और कूटनीति के माध्यम से तनाव कम करने और शांति व स्थिरता की शीघ्र बहाली के प्रति अपनी साझा प्रतिबद्धता को दोहराया। 28 फरवरी को शुरू हुए इस युद्ध के बाद से ओमान के सुल्तान के साथ मोदी ने दूसरी बार बातचीत की।

पश्चिम एशिया संकट



- फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों, ओमान के सुल्तान, मलेशिया के पीएम से बातचीत में शांति बहाल करने का किया समर्थन

### म्यामार से भारत में घुसने पर सात लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** मिजोरम की खुली सीमा के रास्ते अवैध रूप से भारत में दाखिल होने के बाद कुछ वांछित व्यक्तियों की भागने की कोशिश करने की गुप्त सूचना मिलने पर सुरक्षा एजेंसियों ने अलर्ट जारी किया जिसके बाद एक अमेरिकी सुरक्षा विश्लेषक समेत सात विदेशियों को गिरफ्तार किया गया। एक अधिकारी ने कहा कि इस गिरफ्तारी से भारत की पूर्वोत्तर सीमा पर गंभीर सुरक्षा कमजोरियां उजागर हुई हैं।

## 2,929 करोड़ के धोखाधड़ी मामले में अनिल अंबानी से आठ घंटे पूछताछ

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने अनिल अंबानी से रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड और उनके खिलाफ एसबीआई की शिकायत पर दर्ज 2,929 करोड़ रुपये के धोखाधड़ी मामले के सिलसिले में गुरुवार को करीब आठ घंटे पूछताछ की।

सीबीआई के कई मामलों का सामना कर रहे अंबानी को पूछताछ के लिए शुक्रवार को फिर से बुलाया गया है। अंबानी सुबह 10:15 बजे एजेंसी के नई दिल्ली मुख्यालय पहुंचे। वह शाम 6:15 बजे एजेंसी मुख्यालय से बाहर आए। सीबीआई के ने कहा, 21 अगस्त 2025 को आरकॉम लिमिटेड के खिलाफ 2929.05 करोड़ के बैंक धोखाधड़ी मामले में सीबीआई द्वारा दर्ज मामले के सिलसिले में, जिसमें रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड, अनिल अंबानी और अज्ञात लोक सेवकों सहित अन्य अज्ञात लोग आरोपी हैं।



- सीबीआई ने शुक्रवार को फिर से बुलाया, नई दिल्ली मुख्यालय में की गई पूछताछ

# दो लाख आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का 8 से 11 हजार रुपये बढ़ा वेतन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी की घोषणा के मुताबिक सरकार ने आउटसोर्सिंग के जरिए कार्यरत करीब दो लाख कर्मचारियों के मानदेय में बड़ा इजाफा किया है। अब विभिन्न पदों पर कर्मचारियों को पहले की तुलना में आठ से 11 हजार तक अधिक वेतन सीधे उनके खाते में जाएगा। ईपीएफ व ईएसआई का लाभ भी मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने पहले ही विधानसभा में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का मानदेय बढ़ाने का एलान किया था। अब इसे अमल में लाते हुए नई दरें जारी कर दी गई हैं। नई व्यवस्था के तहत चपरासी, चौकीदार और अनुसेवक का मानदेय 10 हजार रुपये से बढ़ाकर 18 हजार रुपये कर दिया गया है। वहीं, अनुवादक, कंप्यूटर सहायक व डेटा एंट्री ऑपरेटर को अब 14 हजार के बजाय 23 हजार मिलेंगे। तकनीकी पदों पर भी अच्छी बढ़ोतरी की गई है। सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर और सीनियर प्रोग्रामर का वेतन 28 हजार से बढ़ाकर 37,400 रुपये कर दिया गया है। स्टेटिकल ऑफिसर और प्रोग्रामर को अब 29,900 मिलेंगे, सीनियर डेटा एंट्री ऑपरेटर का मानदेय 21 हजार से बढ़ाकर 31,900 रुपये कर दिया गया है। बढ़ा हुआ मानदेय अप्रैल महीने से लागू होगा। साथ ही कर्मचारियों को 13% ईपीएफ व 3.25 प्रतिशत ईएसआई का लाभ भी दिया जाएगा, जिससे सामाजिक सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। विभागीय बजट में 426 करोड़ की बढ़ोतरी करते हुए कुल 2223.84 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है।



- सीएम योगी की घोषणा अप्रैल से होगी लागू, ईपीएफ व ईएसआई भी
- अब चपरासी को 18 हजार तो प्रोग्रामर का 37,400 हुआ मानदेय

### शिक्षा और स्वास्थ्य

जारी नई दरों में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को भी शामिल किया गया है। नियुक्त डॉक्टरों को अब अधिकतम 40 हजार रुपये तक वेतन मिलेगा, जबकि शिक्षण सेवाओं में लगे कर्मियों को 25 हजार रुपये तक भुगतान किया जाएगा।

एडीआर रिपोर्ट

दागी और धनवान सांसदों की बढ़ी हिस्सेदारी, 32% पर आपराधिक मामले, 14% अरबपति

# राज्यसभा के 73 सांसदों पर दर्ज हैं आपराधिक मुकदमे

नई दिल्ली, एजेंसी

चुनाव सुधारों से संबंधित गैर-सरकारी संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की एक रिपोर्ट के अनुसार राज्यसभा के लगभग 32 प्रतिशत मौजूदा सांसदों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामलों की घोषणा की है, जबकि इनमें से 14 प्रतिशत अरबपति हैं। यह रिपोर्ट राज्यसभा के 233 सदस्यों में से 229 के हलफनामों के विश्लेषण पर आधारित है।

फिलहाल झारखंड की एक सीट खाली है, जबकि तीन सांसदों के हलफनामे उपलब्ध नहीं थे। इस विश्लेषण में हाल में निर्वाचित 37 सदस्य भी शामिल हैं। जिन 229 सांसदों के दस्तावेजों का विश्लेषण किया गया है, उनमें से 73 (32 प्रतिशत) ने आपराधिक मामलों की घोषणा की है। उनमें से 36 (16 प्रतिशत) गंभीर आरोपों का सामना कर रहे हैं।

एक सांसद ने हत्या का मामला, चार ने हत्या के प्रयास का मामला और तीन ने महिलाओं के खिलाफ अपराध से संबंधित मामले दर्ज होने के बारे में जानकारी दी हैं। भाजपा के 99 सांसदों में से 27, कांग्रेस के 28 सांसदों में से 12, तृणमूल कांग्रेस के के 13 सांसदों में से चार और आम आदमी पार्टी के 10 सांसदों में से चार ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा की है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के तीन-तीन सांसदों ने भी आपराधिक मामलों का खुलासा किया है।

| | |
|---|---|
| भाजपा | 27 |
| कांग्रेस | 12 |
| तृणमूल | 4 |
| आप | 4 |

- इन पार्टियों के सांसदों ने आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा की



### राज्यसभा सदस्य की औसत संपत्ति 120.69 करोड़ रुपये आंकी गई

रिपोर्ट में यह भी पाया गया कि 31 सांसदों (14 प्रतिशत) की कुल संपत्ति अरबों में है। प्रमुख पार्टियों में, भाजपा के छह सांसदों, कांग्रेस के पांच सांसदों, वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के चार सांसदों, आम आदमी पार्टी और बीआरएस के दो-दो सांसदों और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के तीन सांसदों ने 100 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति घोषित की है। राज्यसभा में सदस्य की औसत संपत्ति 120.69 करोड़ रुपये आंकी गई है। भाजपा के मामले में प्रति सांसद औसत संपत्ति 28.29 करोड़ रुपये है जबकि कांग्रेस के लिए 128.61 करोड़ रुपये, तृणमूल के लिए 17.70 करोड़ रुपये और आम आदमी पार्टी के लिए 574.09 करोड़ रुपये है। अन्य दलों में वाईएसआरसीपी (522.63 करोड़ रुपये), समाजवादी पार्टी (399.71 करोड़ रुपये), बीजू जनता दल (105.63 करोड़ रुपये) और द्रमुक (11.90 करोड़ रुपये) शामिल हैं। बीआरएस सांसद बंडी पार्थ सारथी ने सबसे अधिक करीब 5,300 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की है। इसके बाद आम आदमी पार्टी के राजेंद्र गुप्ता (5,053 करोड़ रुपये) और वाईएसआरसीपी के अयोध्या रामी रेड्डी आला (2,577 करोड़ रुपये) दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं।

न्यूज ब्रीफ

### अब तीन सदस्यीय समिति करेगी विवादों का निस्तारण

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. परिवहन निगम ने संविदा चालकों और परिचालकों से जुड़े विवादों के निस्तारण को तेज करने के लिए आर्बिट्रेशन व्यवस्था में बदलाव किया है। अब तक 5 सदस्यीय आर्बिट्रेशन समिति के स्थान पर 3 सदस्यीय समिति का गठन किया जाएगा। परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि संविदा कर्मियों से जुड़े मामलों की संख्या बढ़ने और उनके निस्तारण में देरी को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। नई व्यवस्था से मामलों का जल्द निपटारा संभव हो सकेगा। उन्होंने बताया कि पहले नियमानुसार पांच सदस्यीय समिति बनाई जाती थी, जिसमें क्षेत्रीय प्रबंधक, सेवा प्रबंधक, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक (वित्त), वरिष्ठतम सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक और सहायक विधि अधिकारी शामिल होते थे। नई व्यवस्था के तहत अब क्षेत्रीय प्रबंधक के साथ उपरोक्त अधिकारियों में से किसी दो को शामिल कर तीन सदस्यीय समिति बनाई जाएगी। इससे प्रक्रिया सरल होगी और निर्णय लेने में कम समय लगेगा।

### डॉ.हेडगेवार की जयंती पर केशव प्रसाद मौर्य ने दी श्रद्धांजलि

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गुरुवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार की जयंती पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर डॉ. हेडगेवार के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. हेडगेवार का पूरा जीवन राष्ट्रसेवा, संगठन शक्ति और सांस्कृतिक जागरण को समर्पित रहा। उनके विचार आज भी देश को एक सशक्त, संगठित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि समाज में एकता, समरसता और राष्ट्रहित सर्वोपरि की भावना को आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। केशव प्रसाद मौर्या ने लोगों से आह्वान किया कि डॉ. हेडगेवार के आदर्शों को आत्मसात करते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दें।

### सुधरी बच्चों की पोषण स्थिति, 1.43 करोड़ का परीक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में बच्चों की पोषण स्थिति में सुधार के सकारात्मक संकेत मिले हैं। आंगनबाड़ी केंद्रों के पोषण ट्रैकर आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2026 के मुकाबले फरवरी 2026 में स्टंटिंग में 1.21 प्रतिशत, अति कुपोषित बच्चों में 0.12 प्रतिशत और अंडरवेट श्रेणी में 0.61 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। फरवरी में प्रदेशभर में बड़े स्तर पर चलाए गए अभियान के तहत 1.43 करोड़ से अधिक बच्चों का परीक्षण किया गया। छह वर्ष तक के बच्चों की लंबाई, वजन और आयु के आधार पर उनकी पोषण स्थिति का आकलन किया गया, जिससे कुपोषण की सटीक पहचान संभव हो सकी।

### होम-स्टे संचालकों को मिला प्रशिक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में पर्यटन को नई दिशा देने के प्रयासों के तहत मान्यवर कांशीराम इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म मैनेजमेंट (एमकेआईटीएम) में होम-स्टे संचालकों के लिए पांच दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 16 से 20 मार्च तक चल रहे इस कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए 31 प्रतिभागियों को आधुनिक आतिथ्य सेवाओं और प्रबंधन की बारीकियां सिखाई जा रही हैं।

## हज यात्राः पासपोर्ट जमा करने की बाध्यता खत्म

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नई गाइडलाइन जारी, फ्लाइट बुकिंग के लिए पोर्टल सुविधा

**अमृत विचारः** हज-2026 पर जाने वाले यात्रियों की यात्रा को सुगम, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने के लिए हज कमेटी ऑफ इंडिया ने सर्कुलर-34 जारी कर नई गाइडलाइन लागू की है। उप्र. राज्य हज समिति के सचिव/कार्यपालक अधिकारी एसपी तिवारी ने बताया कि इस बार पासपोर्ट पहले से जमा करने की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है। यात्री अपने मूल अंतरराष्ट्रीय पासपोर्ट को सुरक्षित रखें और फ्लाइट बुकिंग के समय अपने साथ लेकर जाएं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि पासपोर्ट की वैधता 31 दिसंबर 2026 तक होना अनिवार्य है। पासपोर्ट क्षतिग्रस्त, कटा-फटा या दागयुक्त नहीं होना चाहिए और वीजा स्टैंपिंग के लिए कम-से-कम दो खाली पन्ने होना जरूरी है। पासपोर्ट का विवरण हज आवेदन से मेल खाना चाहिए, अन्यथा यात्रा बाधित हो सकती है। फ्लाइट बुकिंग अब हज कमेटी ऑफ इंडिया के पोर्टल के माध्यम से होगी। यात्रियों को यात्रा से पहले पासपोर्ट, हेल्थ कार्ड, टीकाकरण प्रमाणपत्र, बैंक रसीद और बुकिंग कन्फर्मेशन की जांच करने की सलाह दी गई है।

# अपराध पर ब्रेक लगाएंगी पांच नई प्रयोगशालाएं


## यूपीएसआईएफएस में स्थापित होगी प्रयोगशाला, क्वांटम व डिजिटल फॉरेंसिक के जरिए होगी जांच

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- केस निस्तारण तेज, दोषियों को जल्द सजा दिलाने में मिलेगी मदद

**अमृत विचारः** योगी सरकार अपराध के बदलते तौर-तरीकों पर लगाम लगाने के लिए फॉरेंसिक सिस्टम को हाईटेक बनाने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यूपी स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज (यूपीएसआईएफएस) में पांच नई अत्याधुनिक प्रयोगशाला स्थापित की जाएंगी।

इनमें क्वांटम कंप्यूटिंग लैब, चैलेंज्ड ऑडियो-वीडियो लैब, थ्री-डी प्रिंटिंग लैब, एससीएडीए लैब और डिजिटल फॉरेंसिक लैब शामिल हैं। इन लैब्स के जरिए



जटिल साइबर अपराध, एन्क्रिप्टेड डाटा, खराब ऑडियो-वीडियो साक्ष्य और डिजिटल उपकरणों से जुड़े मामलों की जांच अधिक सटीक और तेज होगी। यूपी स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज के निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी के अनुसार, क्वांटम लैब जटिल डाटा

**क्या बदलेगा**

- साइबर अपराध और एन्क्रिप्टेड डाटा की तेज व सटीक जांच
- खराब ऑडियो-वीडियो साक्ष्यों को स्पष्ट करने की सुविधा
- थ्री-डी मॉडल से क्राइम सीन का बेहतर पुनर्निर्माण
- औद्योगिक व महत्वपूर्ण ढांचे पर साइबर हमलों की पड़ताल
- मोबाइल, कंप्यूटर से डाटा रिकवरी और डिजिटल जांच मजबूत
- वैज्ञानिक साक्ष्य आधारित जांच से केस मजबूत, सजा की दर बढ़ेगी

एनालिसिस और साइबर अपराध जांच में मदद करेगी, जबकि ऑडियो-वीडियो लैब कमजोर साक्ष्यों को स्पष्ट कर सकेगी। थ्री-डी प्रिंटिंग लैब अपराध स्थल के मॉडल तैयार करने में सहायक होगी और एससीएडीए लैब औद्योगिक व महत्वपूर्ण ढांचे पर साइबर हमलों की जांच में उपयोगी साबित होगी। डिजिटल फॉरेंसिक लैब से मोबाइल और कंप्यूटर डाटा रिकवरी की क्षमता भी बढ़ेगी।

पहले से संचालित पांच एडवांस्ड लैब्स के साथ ये नई सुविधाएं प्रदेश की जांच प्रणाली को और मजबूत करेंगी। इससे केसों के निस्तारण में तेजी आएगी, साक्ष्य मजबूत होंगे और दोषियों को जल्द सजा दिलाने में मदद मिलेगी।

**जांच के लिए प्रशिक्षित हो रही एजेंसियां**

पुलिस और जांच एजेंसियों को वैज्ञानिक साक्ष्य आधारित जांच के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है, जिससे अपराधियों के खिलाफ मजबूत केस तैयार किए जा सकें। योगी सरकार का उद्देश्य है कि प्रदेश में न्याय प्रक्रिया को तेज और पारदर्शी बनाया जाए। नई लैब्स के शुरू होने से केसों के निस्तारण में तेजी आएगी और दोषियों को जल्द सजा दिलाने में मदद मिलेगी। साथ ही, इससे प्रदेश में कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने में भी योगदान मिलेगा।

# बैंक अफसरों के ठिकानों पर सीबीआई की छापेमारी

## प्रधानमंत्री मुद्रा लोन के नाम पर 2.77 करोड़ का घोटाला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बैंक ऑफ इंडिया के मैनेजर व फील्ड अफसर समेत 44 पर कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुई थी रिपोर्ट

**अमृत विचारः** सीबीआई ने बाराबंकी स्थित बैंक ऑफ इंडिया में प्रधानमंत्री मुद्रा लोन के नाम पर 2.77 करोड़ के घोटाले में सीबीआई सक्रिय हो गई। सीबीआई की टीमों ने तत्कालीन बैंक मैनेजर अमन वर्मा और फील्ड अफसर शैलेंद्र प्रताप के लखनऊ और मैनपुरी के पांच ठिकानों पर छापेमारी की। वहां पर टीम ने आवश्यक दस्तावेज बरामद किए हैं।

मामला तीन वर्ष पुराना है। प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना में दस लाख तक बेरोजगारों को कारोबार शुरू करने के लिए ऋण देने की सुविधा है। इस मामले में बाराबंकी की बैंक ऑफ इंडिया की बरौली



मलिक शाखा में मुद्रा लोन देने के नाम पर 2.77 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी को अंजाम दिया गया। आरोप है कि 41 लोगों के नाम से खाते खोले गए। उसके बाद दलाल सुरेश रावत के जरिए फर्जी तौर पर खाते खोलकर उनके खातों में घोटाले की रकम को ट्रांसफर कर दिया गया। एक युवक सलमान के नाम से भी फर्जी तौर पर 9.10 लाख रुपये का मुद्रा लोन स्वीकृत किया गया।

इस मामले में बैंक मैनेजर राजीव बच्चन ने पहले पुलिस में तहरीर दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उसके बाद बैंक की ओर से मामला हाईकोर्ट जा पहुंचा। अदालत में सलमान ने भी अपने बयान दर्ज कराए गए। अदालत के आदेश पर बैंक मैनेजर, फील्ड अधिकारी व दलाल समेत 44 लोगों पर मुकदमा कायम करा दिया गया। उसके बाद सीबीआई सक्रिय हुई और छापेमारी शुरू कर दी। सूत्रों का दावा है कि छापे में सीबीआई को घोटाले के अहम साक्ष्य मिले हैं।

# ट्रांफार्मर फुंकने पर होगी कार्रवाई और वेतन से रिकवरी

## अधिशासी अभियंता से 20, एसडीओ से 30 और जेई से वसूले जाएंगे 50 फीसदी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पावर कारपोरेशन के चेयरमैन आशीष गोयल के आदेश से मची विभाग में खलबली

**अमृत विचारः** पावर कारपोरेशन ने बिजली ट्रांसफार्मर फुंक जाने पर उनकी मरम्मत का खर्च क्षेत्र के एसडीओ और जूनियर इंजीनियर से वसूला जाएगा। जूनियर इंजीनियर को मरम्मत का 50, एसडीओ को 30 और अधिशासी अभियंता को भी 10 फीसदी धन देना होगा। साथ ही विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी। इस आदेश के बाद विभाग में खलबली का माहौल है, वहीं इंजीनियरों में भी खासा रोष व्याप्त है।

गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है तो ट्रांसफार्मरों पर बिजली का लोड बढ़ता जा रहा है। हालात यह हो गए हैं कि प्रदेश भर में आए दिन हजारों ट्रांसफार्मर फुंक रहे हैं। जिसके चलते मरम्मत पर पावर कारपोरेशन का काफी धन खर्च हो रहा है। पावर कारपोरेशन के चेयरमैन आशीष गोयल ने फुंकने वाले ट्रांसफार्मर की मरम्मत पर होने वाले खर्च को क्षेत्र के अधिशासी अभियंता, एसडीओ और जूनियर इंजीनियरों से रिकवरी करने के आदेश जारी किया है।

**इस तरह होगी वसूली**

आदेश में कहा गया है कि यदि 10 से 63 केवीए तक के ट्रांसफार्मर यदि फुंकते हैं तो उसकी मरम्मत पर होने वाला 50 फीसदी खर्चा क्षेत्र का जूनियर इंजीनियर, 30 फीसदी एसडीओ और 20 फीसदी अधिशासी अभियंता देंगे। इसी तरह 100 से लेकर 250 केवीए के ट्रांसफार्मर की मरम्मत पर जूनियर इंजीनियर और एसडीओ से 40-40 और अधिशासी अभियंता से 20 फीसदी धन वसूला जाएगा। 400 से 1000 केवीए के ट्रांसफार्मर की मरम्मत पर जूनियर इंजीनियर, एसडीओ और अधिशाषी अभियंता को 30-30 और अधीक्षण अभियंता से दस फीसदी रकम वसूल की जाएगी।

**विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने जताया रोष**

इंजीनियरों से मरम्मत की वसूली के आदेश पर विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति कड़ा रोष व्यक्त किया है। समिति के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने कहा कि यह दमनकारी कार्रवाई है, जिसके वह नहीं झुकेंगे। ट्रांसफार्मरों के फुंकने के अनेक तकनीकी कारण होते हैं, जिनमें ओवरलोडिंग प्रमुख है। ओवरलोडिंग की जिम्मेदारी शीर्ष प्रबंधन की होती है, क्योंकि पर्याप्त क्षमता के ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराना और लोड प्रबंधन करना उसी के दायरे में आता है। बिना किसी तकनीकी जांच के सामान्य आदेश के माध्यम से अभियंताओं पर आर्थिक दंड थोपना प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ है। उन्होंने इस तरह के इंजीनियरों को प्रताड़ित करके प्रबंधन निजीकरण का रास्ता आसान करना चाह रहा। तुरंत ही इस आदेश को वापस लेना चाहिए।

## भाजपा सरकार युवाओं के भविष्य से कर रही खिलवाड़ : अखिलेश यादव

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बड़ी संख्या में पढ़े-लिखे युवा बेरोजगार हैं और उन्हें रोजगार के पर्याप्त अवसर नहीं मिल रहे हैं। सपा प्रमुख गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में विभिन्न जिलों से आए कार्यकर्ताओं और नेताओं को संबोधित कर रहे थे। सरकार स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी व्यवस्थाओं को संभालने में विफल रही है।

## एलपीजी की कमी नहीं : सतीश चंद्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** खाद्य तथा रसद एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने बताया कि प्रदेश में एलपीजी, डीजल और पेट्रोल की पर्याप्त उपलब्धता है और उपभोक्ताओं को समय पर आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। राज्य मंत्री, गुरुवार को सरकारी कार्यालय में खाद्य एवं रसद विभाग की समीक्षा बैठक में आपूर्ति व्यवस्था, राशन वितरण और गेहूं खरीद तैयारियों पर चर्चा कर रहे थे।

# बदलाव : एसएनए प्रणाली से ही होगा धनावंटन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सरकारी भुगतान में अब साइबर ट्रेजरी से आरबीआई तक डिजिटल ट्रैकिंग
- पारदर्शिता बढ़ेगी, देरी और गड़बड़ी पर लगेगा अंकुश

**अमृत विचारः** प्रदेश में विकास योजनाओं के भुगतान को अधिक पारदर्शी और समयबद्ध बनाने के लिए शासन ने नई व्यवस्था लागू कर दी है। वित्त विभाग की ओर से जारी शासनादेश में स्पष्ट किया गया है कि अब केंद्र प्रायोजित योजनाओं से जुड़े सभी भुगतान साइबर ट्रेजरी, पब्लिक फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम (पीएफएमएस) और भारतीय रिजर्व बैंक के जरिए चरणबद्ध तरीके से होंगे।

वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव (एसीएस) दीपक कुमार के अनुसार, नई व्यवस्था के तहत विभागों के बिल पहले साइबर ट्रेजरी में प्रस्तुत कर पास किए जाएंगे। इसके बाद ई-क्लेम फाइल बनाकर पीएफएमएस को भेजा जाएगा। वहां से फाइल संबंधित मंत्रालय के प्रोग्राम डिवीजन को जाएंगी, जहां दैनिक स्वीकृति जारी होगी। स्वीकृति के बाद भारतीय रिजर्व बैंक, नई दिल्ली के माध्यम से धनराशि संबंधित योजना खाते में ट्रांसफर की जाएगी और खाते में धन आने के बाद ही अंतिम भुगतान संभव होगा। एसीएस (वित्त) ने सभी विभागों को निर्देश दिया है कि इस प्रक्रिया का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें। शासन का मानना है कि इससे भुगतान प्रणाली पूरी तरह डिजिटल, सुरक्षित और ट्रैकिंग योग्य बनेगी, जिससे अनियमितताओं और देरी पर प्रभावी नियंत्रण लगेगा। साथ ही, यह व्यवस्था योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन और जवाबदेही तय करने में भी अहम भूमिका निभाएगी।

## मत्स्य पालन से जुड़ी महिलाओं को सशक्त बनाने को बदले गए नियम

**अमृत विचार, लखनऊः** प्रदेश सरकार ने मत्स्य पालन क्षेत्र में महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए 'माता सुकन्या महिला मत्स्य पालक सशक्तिकरण परियोजना' के तहत संशोधित दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम की ओर से जारी शासनादेश में योजना को अधिक प्रभावी और व्यावहारिक बनाने के लिए कई अहम बदलाव किए गए हैं। नई व्यवस्था के तहत परियोजना में चयन प्रक्रिया, पात्रता मानकों और कार्यान्वयन की प्रक्रिया को सरल किया गया है, ताकि अधिक से अधिक लाभार्थी जुड़ सकें। शासनादेश के अनुसार, योजना के तहत इकाई लागत करीब 3 लाख रुपये तय की गई है, जिसमें 60 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाएगा।

# गोवंश के छुट्टा घूमने पर लगेगी रोक

## प्रदेशभर में 469 गाय संरक्षण केंद्रों का निर्माण पूरा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- चारे की व्यवस्था के लिए 25 मार्च तक निकाले जाएंगे टेंडर

**अमृत विचारः** प्रदेश भर में छुट्टा घूमने वाले गोवंश पर काफी हद तक आने वाले दिनों में लगाम लग सकेगी। सरकार ने 469 बड़े गो-संरक्षण केंद्रों का निर्माण पूर्ण हो गया है, जबकि 30 केंद्रों का लोकार्पण होना प्रस्तावित है। इसके अलावा 130 केंद्रों का 15 मई तक निर्माण पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने निर्देश दिए कि रबी फसल की कटाई शुरू हो गई है। इसलिए पशुओं को खिलाने को पूरे वर्ष के लिए भूसा



खरीद के लिए 25 मार्च टेंडर की प्रक्रिया को पूरा कर लिया जाए। इसके साथ ही गर्मी और लू से बचाव के लिए गो आश्रय स्थलों में स्वच्छ पेयजल, चारा तथा त्रिपाल आदि की पर्याप्त व्यवस्थाएं भी कर ली जाएं।

प्रदेश में पशुओं की नस्ल सुधारने के लिए कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम में तेजी लाएं, वहीं बकरी पालने वाली जैसी लाभार्थी योजनाओं को तेजी से लागू किया जाए। पशु डाक्टर गो आश्रय स्थलों पर जाएं और गोवंश के उत्तम स्वास्थ्य, चिकित्सा एवं औषधि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। जिन गौ आश्रय स्थलों में अव्यवस्था या गोवंश की देखभाल संबंधी कोई भी शिकायत मिले तो उसमें तत्काल सुधार किया जाए। बैठक में विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम और पीसीडीएफ के एमडी वैभव श्रीवास्तव आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# विध्वंस के रहे सरकार के नौ वर्षः अजय राय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लोकार्पण के बाद ग्रीन कॉरीडोर की सड़क अगले दिन ही धंस गई
- भूमि विकास बैंक कर रहीं किसानों से सूदखोर जैसा व्यवहार

**अमृत विचारः** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने प्रदेश सरकार के नौ साल पूरे होने पर करारा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सरकार के नौ साल नव निर्माण के नहीं, बल्कि विध्वंस के हैं। 15 मार्च को 1519 करोड़ की लागत से बने लखनऊ ग्रीन कॉरिडोर का लोकार्पण होता है। लेकिन अगले ही दिन वह सड़क धंस जाती है। आगरा समेत प्रदेश भर की भूमि विकास बैंक किसानों से सूदखोर जैसे व्यवहार कर रही हैं। आलू किसान आत्महत्या करने को मजबूर हो रहे हैं।

प्रदेश अध्यक्ष गुरुवार को पार्टी के प्रदेश कार्यालय पर पत्रकार वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कल



पत्रकारों से संवाद करते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय व अन्य। अमृत विचार

सरकार के मुखिया बीते नौ वर्ष की उपलब्धियों का ढिंढोरा पीट रहे थे। यह बातें पूरी तरह से झूठी हैं। सूदखोरों का एक ऐसा मकड़जाल इस प्रदेश में फैला है। फतेहपुर के एक परिवार ने 5 लाख रुपये सूद पर लिए थे। बदले में 27 लाख 50 हजार देने के बाद भी तकादा जारी था। उत्पीड़न से परेशान परिवार ने आत्महत्या कर ली।

उन्होंने कहा कि रोजगार सेवक जिसने एसआईआर में दिन रात काम किया। लेकिन उसे मानदेय नहीं मिला। इसके कारण आत्महत्या कर ली। आरोप लगाया कि बदायूं के एचपीसीएल प्लांट में भाजपा के एक विधायक के गुर्गे द्वारा दो अधिकारियों की हत्या कर दी गई। काशी मणिकर्णिका घाट पर लगी महारानी अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर विरासत की हत्या कर दी गई। आगरा समेत प्रदेश भर के सभी आलू किसान परेशान हैं। एक क्विंटल बुवाई की लागत 1200-1500 है,लेकिन दाम 200-300 रुपये प्रति क्विंटल ही मिल रहा है। इस दौरान आगरा के किसानों ने भूमि विकास बैंक द्वारा किए जा रहे अपने उत्पीड़न की कहानी बताई।

निरीक्षण | केंद्रीय सचिव ने लखनऊ में की स्किल इको-सिस्टम की समीक्षा

# उद्योग आधारित प्रशिक्षण को और मजबूत करने पर जोर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आईटीआई अलीगंज में आधुनिक प्रशिक्षण मॉडल की सराहना

**अमृत विचार :** केंद्र सरकार की सचिव (व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता) देबाश्री मुखर्जी ने गुरुवार को लखनऊ दौरे के दौरान उप्र. के स्किल इको-सिस्टम की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), अलीगंज का निरीक्षण कर वहां संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने संस्थान में चल रहे विभिन्न ट्रेड्स और प्रशिक्षण मॉड्यूल की जानकारी ली और प्रशिक्षार्थियों से संवाद कर प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर फीडबैक भी प्राप्त किया। रेमंड टेलरिंग सेंटर सहित कई इकाइयों का अवलोकन करते हुए उन्होंने कौशल प्रशिक्षण की व्यवस्था की सराहना की।

सचिव मुखर्जी ने टाटा टेक्नोलॉजीज के सहयोग से स्थापित अत्याधुनिक लैब्स और कार्यशालाओं का निरीक्षण किया। साथ ही रॉयल एनफील्ड और मारुति सुजुकी के वर्कशॉप का दौरा कर उद्योगों की जरूरतों के



लखनऊ स्थित आईटीआई अलीगंज का निरीक्षण करतीं केंद्रीय सचिव देबाश्री मुखर्जी।

अनुरूप तैयार किए जा रहे युवाओं की सराहना की। ऑटोकैड लैब में प्रशिक्षार्थियों द्वारा तैयार की जा रही तकनीकी ड्रॉइंग को उन्होंने सराहा, वहीं टर्नर वर्कशॉप में भी विद्यार्थियों से बातचीत कर उनके अनुभव जाने। इस दौरान एचसीएल फाउंडेशन समर्थित 'स्किल रथ' पहल का भी अवलोकन किया गया, जिसे उन्होंने कौशल विकास से युवाओं को जोड़ने की प्रभावी पहल बताया।

समीक्षा बैठक में प्रदेश में चल रहे नवाचारों, अप्रेंटिसशिप योजनाओं और निजी क्षेत्र की भागीदारी पर प्रस्तुतीकरण दिया गया। देबाश्री मुखर्जी ने उत्तर प्रदेश के स्किल मॉडल को देश के लिए मिसाल बताते हुए कहा कि राज्य रोजगारपरक प्रशिक्षण की दिशा में प्रभावी कार्य कर रहा है।

## बागपत के खान अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि

**अमृत विचार, लखनऊ :** बागपत में खनन कार्यों और राजस्व प्राप्ति में खराब प्रदर्शन और लापरवाही के चलते खान अधिकारी वीरेन्द्र प्रताप सिंह को वित्तीय वर्ष 2025-26 की मध्यावधि के लिए विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है। यह कार्रवाई गुरुवार को भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग की सचिव एवं निदेशक माला श्रीवास्तव ने बागपत में खनन कार्यों और राजस्व प्रगति की समीक्षा के बाद की है। समीक्षा में पाया गया कि 42 करोड़ रुपये के लक्ष्य के सापेक्ष केवल 22.85 करोड़ रुपये की ही राजस्व प्राप्ति हुई। खनन पट्टों के निष्पादन में देरी, जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट (डीएसआर) के अद्यतन में लापरवाही और संभावित खनन क्षेत्रों को शामिल न करने जैसी कमियां सामने आईं।

# ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर खोलने को मांगे आवेदन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में योग्य चालकों की उपलब्धता बढ़ाने के लिए परिवहन विभाग ने बड़ा कदम उठाया है। प्रदेश के 20 जिलों में 32 प्रत्यायन चालन प्रशिक्षण केंद्र (ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर) स्थापित करने के लिए पहली अप्रैल से ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं।

राज्य परिवहन आयुक्त किंजल सिंह ने गुरुवार को बताया कि आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन होगी। इसके लिए विभाग ने एक विशेष पोर्टल विकसित किया है, जहां इच्छुक और पात्र आवेदक अपने आवेदन आवश्यक दस्तावेजों के साथ जमा कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि आवेदन 1 अप्रैल 2026 को दोपहर 12 बजे से स्वीकार किए जाएंगे।

**बलिया में सबसे ज्यादा खुलेंगे चार केंद्र**

रिक्तियों की बात करें तो बलिया में सबसे अधिक 4 केंद्र खोले जाएंगे। कानपुर नगर और बदायूं में 3-3, जबकि महराजगंज, लखीमपुर खीरी, सिद्धार्थनगर, संतकबीरनगर और बलरामपुर में 2-2 केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इसके अलावा रामपुर, हरदोई, फिरोजाबाद, अंबेडकरनगर, कुशीनगर, बहराइच, फर्रुखाबाद, चंदौली, फतेहपुर, महोबा, चित्रकूट और श्रावस्ती में 1-1 केंद्र खोले जाएंगे।

# पत्नी से विवाद पर बसुला मार कर की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

## डेरापुर थाना क्षेत्र के उरसान गांव में हुई दिल दहला देने वाली घटना, मचा हड़कंप

संवाददाता, मंगलपुर

**अमृत विचारः** डेरापुर थाना क्षेत्र के उरसान गांव में घरेलू विवाद के चलते एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। शराब के नशे में धुत पति ने पत्नी पर बसुला से हमला कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।


मिथिलेश कश्यप।


घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस। अमृत विचार

उरसान गांव निवासी मिथिलेश कश्यप की शादी करीब 9 वर्ष पूर्व गांव के ही रजत कश्यप के साथ हुई थी। बताया जा रहा है कि रजत शराब का आदी था और आए दिन शराब पीकर घर आने के बाद पत्नी से विवाद करता था। मिथिलेश के विरोध करने पर दोनों के बीच अक्सर कहासुनी होती रहती थी। बताते हैं कि बुधवार की रात भी रजत शराब के नशे में घर पहुंचा, जिसके बाद पति-पत्नी के बीच विवाद शुरू हो गया। इसी दौरान गुस्से में आकर रजत ने लकड़ी छीलने वाले बसुले से मिथिलेश पर हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल मिथिलेश की मौके पर ही मौत हो गई। गुरुवार सुबह घटना की सूचना मिलते ही डेरापुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की। क्षेत्राधिकारी राजीव सिरोही ने बताया कि आरोपी रजत कश्यप को गिरफ्तार कर लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और घटना में प्रयुक्त बसुला भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

### फोन कर खेतों पर बुलाया और किया जानलेवा हमला

■ **मंगलपुर :** डेरापुर थाना क्षेत्र के खिरवां गांव में बुधवार देर रात एक युवक गंभीर रूप से घायल अवस्था में खेत में मिला। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। खिरवां गांव निवासी शिव दिवाकर पुत्र राजेंद्र कुमार बुधवार देर रात खेत में रक्त रंजित हालत में पड़े मिले। अज्ञात हमलावरों ने धारदार हथियार या चाकुओं से उन पर हमला किया है। हालांकि पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है। घटना के बारे में सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल शिव को तत्काल अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें कानपुर रेफर कर दिया, जहां उनका उपचार जारी है। कांधी चौक प्रभारी मलूक चंद्र ने गुरुवार को बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस रात में ही घटनास्थल पर पहुंची और जांच-पड़ताल की गई। घटना किन परिस्थितियों में हुई और इसके पीछे कौन लोग हैं, यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। घायल के पिता राजेंद्र ने बताया कि शिव को किसी अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर खेतों पर बुलाया था।

### फाल्ट ठीक करते समय करंट से झुलसा लाइनमैन, भर्ती

**राजपुरः** राजपुर थाना क्षेत्र के पिचौरा गांव में बुधवार को जैनपुर विद्युत फीडर में तैनात लाइनमैन पिचौरा गांव लाइन फाल्ट ठीक करने गया। फाल्ट ठीक करते समय अचानक लाइन में करंट आने से झुलस कर घायल हो गया। ग्रामीणों की मदद से उसे स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। उपचार के बाद डाक्टरों ने चिंता जनक हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

जैनपुर विद्युत फीडर में तैनात लाइनमैन ओमकार 35 वर्ष पुत्र तुलसीराम बुधवार को पिचौरा गांव में हुऐ विद्युत फाल्ट को ठीक करने गया था। वह विद्युत पोल पर चढ़कर लाइन ठीक कर रहा था। अचानक विद्युत लाइन में करंट आने से वह गम्भीर रूप से झुलस कर घायल हो गया।

ग्रामीणों की मदद से लाइनमैन को राजपुर स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। उपचार के बाद डाक्टरों ने लाइनमैन की गम्भीर हालत देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के जेई को घटना की सूचना के सम्पर्क किया। ग्रामीणों ने कई बार फोन लगाने की कोशिश की मगर जेई ने फोन रिसीव नहीं किया। राजपुर थाना प्रभारी सनत कुमार ने बताया कि विद्युत विभाग के अधिकारियों को सूचना दे दी गयी है।


स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करते सीडीओ। अमृत विचार

# गर्मी की आहट, रोग नियंत्रण को लेकर खींचा गया खाका

**10 से 30 अप्रैल तक चलेगा संचारी रोग अभियान**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** गर्मी आ गई है। अप्रैल से जून तक संचारी रोग फैलते हैं। इसके मद्देनजर जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग, दोनों ने तैयारियों का खाका खींचना शुरू कर दिया है। गुरुवार को कलेक्टेट में इसकी बैठक हुई। इसमें पूरा मसौदा बना। बताया गया कि एक अप्रैल से 30 अप्रैल तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलेगा जबकि बीच में दस अप्रैल से लेकर 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान के कार्यक्रम होंगे।

विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान को लेकर हुई बैठक में सीडीओ विधान जायसवाल भी पहुंचे। इसमें स्वास्थ्य, पंचायतीराज, नगर निकाय, शिक्षा, बाल विकास एवं पुष्टाहार, पशुपालन, कृषि, जल निगम, स्वच्छ भारत मिशन, उद्यान विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों ने सहभागिता की। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि एक अप्रैल से 30 अप्रैल तक संचालित होने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलने वाले दस्तक अभियान को जनपद में प्रभावी, समन्वित एवं परिणामोन्मुख तरीके से संचालित किया जाए।

बैठक में बताया गया कि जनपद के अकबरपुर, सरवनखेड़ा, मलासा, अमरौधा, राजपुर, सन्दलपुर, डेरापुर, झींझक, रसूलाबाद एवं मैथा के चयनित संवेदनशील ग्रामों एवं मोहल्लों में विशेष फोकस के साथ गतिविधियां संचालित की जाएंगी।

# मेला परिसर में सीसीटीवी कैमरे न लगना सुरक्षा की चूक, अधिकारियों ने दिए निर्देश

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** लाला भगत स्थित कौमारी देवी मंदिर परिसर के चैत्र नवरात्रि से शुरू होने वाले मेले की सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया है। बुधवार को क्षेत्राधिकारी आलोक वर्मा के नेतृत्व में पुलिस बल ने लाला भगत मंदिर और मेले का सघन निरीक्षण किया।


मेले में पैदल गश्त करके सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते सीओ व थाना प्रभारी।

मेले का निरीक्षण करने के पहले सीओ आलोक वर्मा व थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह ने देवी मां के दरबार में मत्था टेक कर क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की। इसके बाद पुलिस बल ने मंदिर परिसर और मेले के लिए चिन्हित स्थान पर पैदल मार्च किया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्थाओं में खामी पाए जाने विशेष कर मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरे न होने पर थाना प्रभारी ने ग्राम प्रधान प्रदीप बाथम से कड़ी नाराजगी व्यक्त की।

उन्होंने प्रधान से कहा कि इतने महत्वपूर्ण और भीड़भाड़ वाले मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरे नहीं लगाए गए हैं। सुरक्षा की दृष्टि से यह बड़ी लापरवाही है। प्रधान को सीसीटीवी लगवाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि मेले की शुरुआत से ही पूरे परिसर को कैमरों की निगरानी में लाया जाए।

# 'जल अर्पण' में मंत्री ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां

- सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर संगसियापुर में हुआ आयोजन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** प्रदेश सरकार के नव निर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद में कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा। इसी कड़ी में गुरुवार को सदर तहसील क्षेत्र के गांव संगसियापुर में जल संगोष्ठी एवं जल अर्पण कार्यक्रम हुआ। राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।


कार्यक्रम के दौरान जल अर्पण करतीं राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला। अमृत विचार

जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा मंत्री ने कहा कि जल है तो कल है, की भावना को आत्मसात करते हुए प्रत्येक नागरिक को जल संरक्षण की दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को जल संकल्प की शपथ दिलाते हुए जल के विवेकपूर्ण उपयोग एवं संरक्षण हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान मंत्री द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्मित नवनिर्मित पेयजल टंकी का लोकार्पण फीता काटकर किया गया। इस परियोजना से क्षेत्र के ग्रामीणों को स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित होगी, जिससे उनकी जीवन गुणवत्ता में सुधार आएगा। मंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में संचालित सभी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए तथा पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध तरीके से योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाए। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा जनजागरूकता हेतु स्टॉल लगाए गए, जिनका मंत्री ने अवलोकन किया। स्टॉलों के माध्यम से आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान कल्याण योजनाएं, महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम सहित अन्य जनहितकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी आमजन को प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। कार्यक्रम में अकबरपुर के ब्लॉक प्रमुख सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी, अधिशाषी अभियंता जल निगम, जिला कृषि अधिकारी डॉ. उमेश कुमार गुप्ता, खंड विकास अधिकारी आदि रहे।

# चकबंदी समस्याओं पर लगी चौपाल

- तिश्ती स्थित पंचायत भवन में पहुंचे चकबंदी अधिकारियों ने लोगों की सुनीं समस्याएं

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** तिश्ती स्थित पंचायत भवन में चकबंदी अधिकारियों द्वारा किसनों की समस्याओं को सुनने एवं उनका समाधान करने के उद्देश्य से एक ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इसमें वरिष्ठ अधिकारी पहुंचे। लोगों से खास कर किसानों की समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण के लिए मशविरा दिया।


चौपाल में मौजूद ग्रामीण एवं चकबंदी अधिकारी। अमृत विचार

चकबंदी अधिकारी कमलेश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामवासी और किसान अपनी भूमि संबंधी समस्याएं, सीमांकन विवाद और अभिलेखों में त्रुटियों जैसी शिकायतें लेकर पहुंचे। इस पर उन्होंने सभी की समस्याओं को गंभीरता से सुना। कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जिन प्रकरणों का तत्काल समाधान संभव नहीं था, उन्हें शीघ्र निपटान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

अधिकारियों ने ग्रामीणों को चकबंदी प्रक्रिया, इसके लाभ और आवश्यक नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे समस्याओं के समाधान के लिए विभागीय प्रक्रिया का पालन करें और किसी भी प्रकार की भ्रांति या अफवाह से बचें। कार्यक्रम का समापन अधिकारियों द्वारा ग्रामवासियों को उनकी समस्याओं के निष्पक्ष एवं शीघ्र समाधान का आश्वासन देते हुए किया गया। इस अवसर पर सहायक चकबंदी अधिकारी रसूलाबाद द्वितीय, चकबंदीकर्ता, कनिष्ठ सहायक और चकबंदी लेखपाल सहित चकबंदी विभाग के कई कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बस हेल्पर ने फांसी का फंदा लगाकर दी जान

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** सलेमपुर महेरा ग्राम में एक प्राइवेट बस के हेल्पर युवक ने बुधवार रात गांव के ही उच्च प्राथमिक विद्यालय के पीछे खड़े नीम के पेड़ में अपनी शर्ट से फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। इसकी जानकारी सुबह लोगों को हुई तो उन्होंने उसके पिता को इसकी सूचना दी। उसकी असामायिक मौत पर घर में कोहराम मच गया है। तब इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस फॉरेंसिक टीम सहित मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को पीएम हेतु भेजा है।

सलेमपुर महेरा निवासी मोहन सिंह का पुत्र हर्षित उर्फ हनु 19 वर्ष रसूलाबाद दिल्ली चलने वाली प्राइवेट बस में हेल्परी और कभी ढाबे में काम करता था। बुधवार रात वह घर से किस समय चला गया यह घर वाले नहीं जान पाए। उसने वही समीप जूनियर हाई स्कूल के पीछे खड़े नीम के पेड़ में शर्ट से फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। इसकी जानकारी सुबह ग्रामीणों को हुई और उन्होंने उसके पिता को इसकी सूचना दी।

**तैयारी** | जनकपुरी मैदान पर कल होगा श्री श्याम परिवार का 5वां आयोजन

# केदारनाथ की थीम पर सजेगा श्री श्याम महोत्सव का मंच

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** श्री श्याम महोत्सव इस बार केदारनाथ थीम पर आधारित होगा। मंच की साज-सज्जा हूबहू केदारनाथ मंदिर की तरह होगी। करीब आठ फीट ऊंचा मंच तैयार किया जा रहा है। सजावट के लिए पूरा सामान दिल्ली से आया है। मंच सजाने के कारीगर भी वहीं से बुलाए गए हैं। कार्यक्रम के लिए दिन-रात तैयारियां चल रहीं। शनिवार की रात आठ बजे पूजन के साथ महोत्सव प्रारंभ होगा।



5वें श्री श्याम महोत्सव के बारे में आयोजकों ने दी जानकारी। अमृत विचार

अकबरपुर के जनकपुरी मैदान पर इस वर्ष 5वां आयोजन है। कार्यक्रम को लेकर गुरुवार को श्री श्याम परिवार के सदस्यों ने पत्रकार वार्ता की। इसमें विस्तार से जानकारी दी। बताया कि हर साल अलग-अलग थीम पर आयोजन होता है। पिछली बार श्रीराम मंदिर की थी पर कार्यक्रम हुए थे। इस बार केदारनाथ थीम है। मैदान के बीचो-बीच 25 फीट लंबा और 70 फीट चौड़ा मंच बनाया जा रहा है। साज-सजावट के लिए दिल्ली के कारीगर आए हैं। उनकी टीम दो दिन से लगी है। शनिवार की शाम तक वह मंच तैयार कर दे देंगे।

आयोजकों ने बताया कि मैदान में महिलाओं और पुरुषों के बैठने की अलग-अलग व्यवस्था की गई है। मेन गेट से भीतर दाखिल होने वाले श्याम भक्तों को बाहर निर्धारित काउंटर पर अपने जूते-चप्पल उतारने होंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में बेहतर ऑडियो के लिए कानपुर से साउंड मंगाया गया है। भजनों की प्रस्तुति के लिए बरेली से अंजलि द्विवेदी, श्रीधाम वृंदावन से बृज रस अनुरागी पूनम दीदी और कानपुर से श्याम जी लाड़ला को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम को देखते हुए पास स्थित होलिका दहन स्थल पर बाइक पार्किंग बनाई गई है। कार पार्किंग की व्यवस्था देने के लिए यातायात पुलिस रहेगी। कार्यक्रम के बाद बूंदी का प्रसाद वितरित किया जाएगा।

### श्रीश्याम परिवार में न कोई अध्यक्ष न मंत्री

■ अब तक चार आयोजन हो चुके। सभी भव्यता के साथ हुए। खास बात यह है कि आयोजन के लिए अध्यक्ष-मंत्री का चुनाव नहीं होता। श्री श्याम काज के लिए एक-एक कार्यकर्ता जिम्मेदारी के साथ जुटते हैं। आमंत्रण कार्ड पर कृष्ण स्वरूप यादव, अमित प्रजापति, अमित कौशल, अभिषेक प्रजापति, सचिन गुप्ता, निखिल साहू, नवीन पांडेय, केतन गुप्ता, ऋषभ यादव, शैलेंद्र गुप्ता, शुभम कौशल, शिवम पाल, आकाश गुप्ता, अभय सिंह सविता, देवल कौशल, गोलू कौशल और सिद्धार्थ यादव के नाम लिखे हैं। विशेष सहयोगी के रूप में दीपक सेंगर, अमित यादव, प्रकाश कौशल, लक्ष्य शुक्ला, शक्ति साहू, अमित कौशल, दिनेश शर्मा और उत्कर्ष श्रीवास्तव के नामों का उल्लेख है।

# नव वर्ष प्रारंभ, संघ ने लगाई शाखा


संघ की शाखा में मौजूद स्वयंसेवक। अमृत विचार

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचारः** चैत्र शुक्ल वर्ष प्रतिपदा के शुभ अवसर पर गुरुवार को मैथा क्षेत्र के रास्तपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों द्वारा भगवा ध्वज का वितरण कर लोगों को हिंदू नव वर्ष की शुभकामनाएं दी गयीं।

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा हिंदू नव वर्ष विक्रम संवत 2083 के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खंड प्रचारक रामनारायण के नेतृत्व में प्रखंड मैथा में रास्तपुर गांव में संघ की शाखा लगाकर भगवा ध्वज का वितरण किया गया एवं हिंदू नव वर्ष की सभी को शुभकामनाएं दी गई। खंड प्रचारक रामनारायण ने बताया कि इस दिन आदिदेव ब्रम्हाजी द्वारा सृष्टि की रचना का प्रथम दिवस है। इसी दिन भगवान श्रीराम व धर्मराज युधिष्ठर का राज्याभिषेक हुआ था। सिखों के द्वितीय गुरु अंगद देव जी का प्रकोटत्सव (जन्म) भी आज ही के दिन हुआ था। वर्ष प्रतिपदा के ही दिन स्वामी दयानन्द सरस्वती ने आर्य समाज की स्थापना की थी। सिंध प्रांत के प्रसिद्ध समाज रक्षक वरुणावतार संत झूलेलाल जी का जन्म वर्ष प्रतिपदा के दिन ही हुआ था। सम्राट विक्रमादित्य द्वारा विक्रम संवत शुभारंभ किया गया था। इस दौरान मंडल कार्यवाह अंकित शाखा के मुख्य शिक्षक गोविंद, अंश, राधे आदि रहे।

**अदालती सूचना**
न्यायालय–उपजिलाधिकारी, तहसील, मैथा, कानपुर देहात
वाद संख्या–टी– 202603400701587 सन 2026
अंतर्गत–धारा 116–उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006
ग्राम–अलियापुर, तहसील मैथा, कानपुर देहात
किरन देवी बनाम ज्योति देवी आदि
वास्ते– 1–अवधेश सिंह चौहान पुत्र रामनरेश सिंह, 2–अरविंद सिंह पुत्र रामनारायण सिंह, 3–सुरेश कुमार पुत्र महावीर, 4–रमेश सिंह पुत्र रामनरेश सिंह, 5–सज्जन लाल पुत्र महावीर, 6– जयराम सिंह पुत्र रामनारायण सिंह, 7–प्रेम कुमारी पत्नी रणवीर सिंह, 8–दिनेश कुमार पुत्र महावीर, 9–अनोखे लाल पुत्र महावीर उपरोक्त सभी निवासी ग्राम अलियापुर तहसील मैथा, कानपुर देहात, तहसील मैथा, जनपद कानपुर देहात आपको सभी को आदेशित किया जाता है। कि दिनांक 02–04–2026 को मेरी अदालत में उपस्थित होकर उपरोक्त वाद में अपना पक्ष प्रस्तुत करे। अनुपस्थित रहने पर आदेश आप के विरुद्ध भी जा सकता है।
उपजिलाधिकारी, मैथा, कानपुर देहात

## न्यूज ब्रीफ

### नव वर्ष पर भगवामय हुआ रसूलाबाद

**रसूलाबाद।** हिंदू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्रि के पहले दिन भारतीय नव वर्ष सेवा समिति के तत्वावधान में कस्बा के ऋषि आश्रम से शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में शामिल हिंदुओं ने केसरिया ध्वज लहराकर नगर के प्रमुख मार्गों पर रहने वाले सनातनियों के घरों में केसरिया ध्वज लगाए। इसके साथ ही नगर के प्रमुख मार्गों पर भ्रमण करते हुए हिंदू युवाओं की टीम द्वारा जय श्री राम के जयघोष से रसूलाबाद गुंजायमान हो गया। इस दौरान प्रमुख रूप से बृजेंद्र कुमार, राम लखन, राजीव शुक्ला, जीतू त्रिपाठी, संजय मिश्रा, अभिषेक तिवारी, अटल वाजपेई, अजय मिश्रा, महेंद्र यादव, मुरारीलाल, उमेश गुप्ता, विकास बाजपेई, सोनू पांडेय, गोपाल मिश्रा, चंदन यादव, टिंकू कुशवाहा, सोनू गुप्ता, सुमन दुबे रहे।

### सीओ की अध्यक्षता में हुई शांति समिति की बैठक

**राजपुर।** ईद व चैत्र नवरात्र को लेकर सिकंदरा सीओ की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। सीओ ने सरकार की गाइडलाइन को लोगों के सामने रखते हुए बताया कि ईद की नमाज ईदगाह के अंदर ही पढ़ी जाए। सड़क पर नमाज पढ़ने की छूट किसी भी सूरत में नहीं दी जाएगी। उन्होंने नगर पंचायत ईओ नीति त्रिपाठी से ईदगाह और मस्जिदों के रास्ते की साफ सफाई कराने को कहा। लोगों से अपील करते हुए सीओ ने कहा कि गलत अफवाह फैलाने वाले अराजकतत्वों की सूचना तुरंत पुलिस को दें। ऐसे लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। थानाध्यक्ष सनत कुमार ने मुस्लिम समाज के मौलानाओं से कहा कि आप लोगों को कोई दिक्कत हो तो बेझिझक बताएं। इस मौके पर मौलाना अनीसुर रहमान, मौलाना, सैयद अजमत अली, मौलाना नियामत उल्ला, सभासद अजय शुक्ला, पूर्व प्रधान अनवार खां, अरशद मंसूरी, शौकत अली, दिनेश मिश्रा रहे।

### सीएमओ कार्यालय में दिव्यांगों को बांटा अल्पाहार

**कानपुर देहात।** भारतीय नव वर्ष एवं नवरात्रि के प्रथम दिन गुरुवार को सीएमओ दफ्तर में दिव्यांग कैंप में आए दिव्यांगजनों के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारिओ एवं कर्मचारियों की ओर से नि:शुल्क भोजन व्यवस्था का आयोजन किया गया। सीएमओ डॉ एके सिंह के निर्देशन एसीएमओ, डॉ एसएल वर्मा और रत्नेश बाजपेई द्वारा पौष्टिक मखाना खीर का वितरण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियो के सहयोग से माह के प्रत्येक सोमवार और गुरुवार को होने वाले दिव्यांग कैंप में दिव्यांग जनों को निशुल्क भोजन व्यवस्था व स्वल्पाहार की व्यवस्था की जाती है। कार्यक्रम में विजय मिश्रा, लाल जी, विशाल कुशवाहा, ब्रजेश पांडे एवं अशोक कुशवाहा ने विशेष सहयोग दिया।

### ई-रिक्शा पलटा, दो महिलाएं घायल

**रसूलाबाद।** रसूलाबाद कानपुर रोड पर अंगदपुर के समीप एक ई रिक्शा अनियंत्रित होकर खड्ड में जा गिरा। इससे उसमें सवार लोगों में दो महिलाएं घायल हो गईं जिन्हें सीएचसी रसूलाबाद ले जाया गया है। अटिया रायपुर निवासी घायल महिलाओं पूजा देवी 40 पत्नी राजकुमार व राखी देवी 25 पत्नी नीरज कुमार ने बताया टीवीएस सेंट्रल बैंक रसूलाबाद जा रही थी तभी रास्ते में यह दुर्घटना हो गई। ई रिक्शा चालक नौशाद अली शराब के नशे में धुत जिससे वह रिक्शे को नियंत्रित नहीं कर सका और वह पलट गया। चालक उनके गांव का ही निवासी है। दुर्घटना की सूचना पाकर घायलों के परिजन उन्हें तत्काल सीएचसी रसूलाबाद ले गए जहां उनका उपचार किया जा रहा है।

### एएसपी को ज्ञापन सौंप मांगी सुरक्षा

**मंगलपुर।** नवरात्रि पर्व के दृष्टिगत विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल के पदाधिकारियों द्वारा एएसपी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से मंदिरों में होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों की व्यवस्था एवं सुरक्षा को लेकर विशेष मांग उठाई गई। इस दौरान 50 से अधिक विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मुख्य रूप से हिंदू समन्वय समिति के राष्ट्रीय गौ रक्षा प्रमुख प्रशांत अवस्थी सहित प्रखंड मंत्री हरिओम पांडेय प्रखंड संयोजक संजय यादव, मोनू, सुमित, मंजुल शुक्ला, अंकित यादव, विष्णु, कुनाल, लक्की आदि उपस्थित रहे।

### आम रास्तों पर नहीं पढ़ी जाएगी ईद की नमाज

**रसूलाबाद।** ईद की नमाज शनिवार सुबह 9 बजे ईदगाह में पढ़ी जाएगी। नमाज के दौरान किसी भी प्रकार से कोई रास्ता बाधित न हो इसके लिए सीओ रसूलाबाद ने शांति समिति की बैठक कर लोगों से व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस दौरान सीओ ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी हालत में नमाज आम रास्तों और सड़कों पर नहीं पढ़ी जाएगी। सोशल मीडिया में किसी भी धर्म के प्रति टिप्पणी न करे अन्यथा कठोर कार्रवाई की जाएगी। गुरुवार शाम थाना परिसर में सीओ आलोक कुमार चौधरी व प्रभारी निरीक्षक शिवनारायण सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान उपस्थित संभ्रांत जनों से वार्ता कर व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली गई। स्पष्ट रूप से बताया कि आम रास्ता और सड़कों पर नमाज किसी भी हालत में नहीं पढ़ी जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### लावारिस हालत में 22 दिन से बांकी मार्ग में खड़ी है बाइक

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** कस्बे के बांकी मार्ग में रघुवीर पैलेस के बाहर एक बाइक 22 दिन से लावारिस हालत में खड़ी है। सूचना के बाद पुलिस ने भी इसको कब्जे में नहीं लिया है।

बांकी मार्ग निवासी बसपा नेता बाबू खान ने बताया कि बाइक संख्या यूपी 90 एल 3467 गत 26 फरवरी से रघुवीर पैलेस के सामने जय मां शीतला इलेक्ट्रॉनिक्स में खड़ी है सूचना देने के बाद पुलिस मौके पर आई थी और पूछताछ करके वापस लौट गई। यह बाइक बांदा आरटीओ कार्यालय में रामशरण के नाम से पंजीकृत है। 2015 से उसका बीमा नहीं है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि बाइक लावारिस हालत में खड़ी होने की सूचना मिली है।

### चार माह के कंप्यूटर ट्रेड के लिए करें आवेदन

**हमीरपुर।** जिले के अन्य पिछड़ा वर्ग के युवक युवतियों को कम्प्यूटर ट्रेड में चार माह का प्रशिक्षण देने वाली संस्था उद्यमिता विकास संस्थान उप्र लखनऊ द्वारा प्रदान किया जाना है। उपायुक्त उद्योग जयश्री ने बताया कि योजना का उद्देश्य युवाओं में छिपे कौशल को विकसित कर स्वरोजगार के नए उद्यम स्थापित करना है। इसके लिए 18 से 45 वर्ष की आयु के कक्षा आठवीं पास अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे। इसके लिये बेबसाइट https://diupmsme.upsdc.gov.in के माध्यम से आवेदन कर सकते है। इसमें एक फोटो, जाति प्रमाण पत्र, बैंक खाता, आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति, शैक्षिक योग्यता, निवासी प्रमाणपत्र अपलोड करना अनिवार्य है।

### हादसे में युवक घायल

**हमीरपुर।** मनकी मार्ग में खरौज मोड़ के पास ई रिक्शा की टक्कर लगने से बाइक सवार गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे राहगीरों की मदद से उपचार के लिए स्थानीय सीएचसी लेकर आए जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत नाजुक देख जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। हमीरपुर सदर कोतवाली क्षेत्र के बनवारी डेरा निवासी राजाराम (43) बाइक से मंगलपुर से राजमिस्त्री का काम करके अपने गांव आ रहा था तभी कुरारा मनकी मार्ग में खरौंज मोड़ के पास एक ई रिक्शा ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे स्थानीय सीएचसी में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है।

# बाइक सवार 3 युवकों को दूध टैंकर ने रौंदा

## तीनों की मौके पर ही हुई मौत, अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे हालिया घाट मूसानगर, परिजनों में मचा कोहराम

संवाददाता, घाटमपुर

- भोगनीपुर पीबीसी मार्ग पर पांच घंटे लगा रहा भीषण जाम
- एसीपी के समझाने के बाद माने परिजन और ग्रामीण


सूरज।


बलवान।


अजय।

**अमृत विचार।** घाटमपुर के रेउना थाना क्षेत्र के अंतर्गत शाखा जानवरा गांव के पास एक सड़क हादसे में एक बाइक पर सवार तीन युवकों को दूध टैंकर ने रौंद दिया। इसके चलते तीनों युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। तीनों युवक अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिये हालिया घाट मूसानगर जा रहे थे। जानकारी होने पर हादसे के बाद परिजन मौके पर पहुंचे और मुआवजे की मांग करते हुए भोगनीपुर पीबीसी मार्ग पर जाम लगा दिया। इसके चलते पांच घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। घाटमपुर एसीपी मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझा बुझाकर तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

रेउना थाना क्षेत्र के अंतर्गत शाखा जानवरा गांव के पास घाटमपुर-भोगनीपुर पीबीसी मार्ग में घाटमपुर नौबस्ता पश्चिमी वार्ड नंबर एक निवासी अजय कुमार पुत्र छोटे, बलवान पुत्र माना एवं सूरज मोहल्ले के ही दुर्गा प्रसाद की पत्नी प्रेमा देवी उम्र 80 वर्ष की मौत हो गई थी। उनका अंतिम संस्कार करने के लिए परिजन हालिया घाट मूसानगर लिए जा रहे थे। अंतिम संस्कार में शामिल होने उक्त तीनों लोग बाइक से हलियागढ़ मूसानगर जा रहे थे। जैसे ही बाइक सवार तीनों युवक रेउना थाना क्षेत्र के अंतर्गत शाखा जानवरा गांव के पास पहुंचे तभी एक ओवरलोड भूसे की ट्राली को बचाने के प्रयास में दूध टैंकर तीनों को रौंदते हुए बीस मीटर तक घसीटता चला गया। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि तीनों युवकों के चीथड़े उड़ गए। सूचना मितले ही भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया और दूध टैंकर व चालक को कब्जे में ले लिया। वहीं जानकारी होते ही घटना स्थल परिजन व ग्रामीण पहुंच गये और हंगामा करने लगे। वहीं लोगों की भीड़ व बवाल होने की संभावना के चलते घाटमपुर एसीपी कृष्णकांत यादव सहित घाटमपुर सर्किल के सभी 6 थानों की पुलिस व पीएसी मौके पर पहुंच गई। वहीं सूचना के बाद घाटमपुर से परिजनों रिश्तेदारों एवं एवं शुभचिंतकों ने पहुंचकर शवो को सड़क पर रख कर मुआवजे की मांग पर अड़ गए। जिसके चलते शाखा जानवरा से मूसानगर तक शाखा जानवरा से रूपनगर तक दोनों तरफ 6 किलोमीटर लंबा जाम लग गया। एसीपी कृष्णकांत यादव ने परिजनों को समझा बुझाकर शांत कराया और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया उसके बाद भारी मशक्कत के बाद यातायात चालू कराया।

मृतक अजय की पत्नी रीना एवं उसकी बेटी सारिका 17 वर्ष, आकांक्षा 16 वर्ष एवं पुत्र मयंक 12वर्ष का रो रो कर बुरा हाल था। वहीं मृतक बलवान की पत्नी रिंकी एवं उसके पुत्र अर्पित 8 बेहाल रहे। वही सूरज की पत्नी प्रतिष्ठा एवं उसकी पुत्री आकांक्षा 18 वर्ष, सियांशी 15, एवं बेटा शिवांश 12 वर्ष का रो-रो कर बुरा हाल था। परिजनों की चीख पुकार सुनकर वहां मौजूद लोगों की भी आंखे नम गईं।


घटनास्थल पर रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार


जाम के चलते खड़े ट्रक। अमृत विचार

# विधवा महिला के घर से चोरों ने उड़ाया माल

संवाददाता ,शिवराजपुर

- डेढ़ लाख के जेवर और दो हजार रुपये नकद हुए चोरी

**अमृत विचार।** गंगा तटीय गांव प्यारेपुर में चोरों ने दिनदहाड़े एक घर को अपना निशाना बना लिया। चोरों ने महिला विजया मिश्रा पत्नी स्व सिद्धेश्वर मिश्रा के घर को निशाना बनाया और डेढ़ लाख रुपये के जेवरात, बीमा के कागज और लगभग दो हजार रुपये नकद पार कर दिये।

विजया मिश्रा के तीन बच्चे हैं और उनके पति का देहांत हो चुका है। विजया को दिखाई नहीं देता है और वे प्यारेपुर गांव के एक सरकारी मिलन केंद्र में रहती हैं। घटना के दिन वह अपने भाई के पैर टूटने की सूचना पर घर में ताला लगाकर राधन गांव देखने गई थीं, तभी चोरों ने उनकी गैर मौजूदगी में चोरी की घटना को अंजाम दिया। विजया का छोटा बेटा एक प्राइवेट स्कूल में पढ़ाई करता है और बड़ा बेटा कृष्ण कांत मिश्रा दिल्ली में नौकरी करता है।

### ग्रामीणों ने चोर को पकड़ पुलिस के सुपुर्द किया

**शिवराजपुर।** क्षेत्र के एक गांव में एक पिता पुत्र किसी काम से बिल्हौर गए थे। वह जब अपने घर लौटे और ताला खोलकर घर के अंदर पहुंचे तो देखा कि घर के अंदर एक चोर बक्शा खोलकर उसमें रखे सामान को चोरी करने का प्रयास कर रहा था। दोनों के शोर मचाने पर पहुंचे ग्रामीणों ने चोर को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। क्षेत्र के भैंसऊ गांव निवासी सुनील गुप्ता ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि बताया कि 14 मार्च को वह अपने पुत्र प्रिंसू के साथ किसी काम से बिल्हौर गए थे। वापस आने में रात हो गई, जब वह घर का ताला खोलकर अंदर गए तो देखा कि पीछे की दीवार से घर में आया चोर बक्सा खोलकर उसमें रखा सामान चोरी करने का प्रयास कर रहा था। गृह स्वामी ने पुत्र के मोबाइल से थाना पुलिस को सूचना दी व शोर मचा दिया शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने चोर को घेरकर पकड़ लिया और मौके पर पहुंची पुलिस के सुपुर्द कर दिया। इस मामले में थाना प्रभारी अमित सिंह ने बताया कि चोरी की तहरीर मिली थी चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पूछताछ करके उसे जेल भेजा जाएगा।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

**यू०पी० प्रोजेक्ट्स कॉरपोरेशन लि०**
कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, निर्माण इकाई–10, कानपुर (केन्द्रीय भण्डार)
(उ०प्र० सरकार का उपक्रम)
उद्योग कुंज रोड नियर हलुआखाड़ा (रजवाहा)
नौरैया खेड़ा (नहर कोठी), दादा नगर, कानपुर–208022
CIN : U15209UP1976SGC004285

पत्रांक:–3023/पी.सी.एल./पी.एम.–10/कानपुर दिनांक: 19.03.2026

**अल्पकालीन ऑफलाइन निविदा सूचना**

Repair and Renovation Work of Rajkiya District Library at District-Kannauj, U.P. हेतु इस कार्यालय की निविदा सूचना सं0-26/PM-10/UPPCL/2025-26 दिनांक 19.03.2026 द्वारा ऑफलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा इकाई कार्यालय में दिनांक 20.03.2026 से दिनांक 27.03.2026 के अपराह्न 15:00 बजे तक जमा की जा सकती है।
ऑफलाइन निविदा से सम्बन्धित अन्य विवरण, नियम एवं शर्तें कारपोरेशन की इकाई कार्यालय में दिनांक 20.03.2026 से प्राप्त की जा सकती है।

(सत्य प्रिय)
परियोजना प्रबन्धक, निर्माण इकाई–10, कानपुर


कूष्मांडा देवी मंदिर में लगी भक्तों की भारी भीड़। अमृत विचार

# नवरात्रि का प्रथम दिन: माता के जयकारों से गूंजे मंदिर

**घाटमपुर।** कानपुर सागर मार्ग में स्थित चतुर्थ शक्तिपीठ मां कूष्मांडा देवी मंदिर में नवरात्रि के प्रथम दिन भक्तों ने माता के दर्शन किये।

नौ शक्तिपीठों में मां कूष्मांडा का चतुर्थ स्थान है। यहां पर कस्बा व आसपास गांव के लोग आते हैं और मां को चुनरी तथा जल अर्पित करते हैं। मां के दो मुख हैं, मां पिंडी रूप में विद्यमान होकर भक्तों पर कृपा बरसाती हैं और ऐसी मान्यता है कि मां की पिंडी के जल से आंखों की ज्योति बढ़ती है। नवरात्रि के प्रथम दिन मां कूष्मांडा देवी मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ रही।

झालरों एवं फूलों से माता कूष्मांडा देवी मंदिर के विशाल प्रांगण को सजाया गया है। नवरात्रि के पावन अवसर पर मंदिर परिसर में जिला कार्य समिति सदस्य महिला मोर्चा कंचन पटेल द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों ने भंडारे का प्रसाद चखा। विशाल भंडारे में राजीव सोनी, मोहित सोनी, ललित सोनी, अमित सोनी उपस्थित रहे।

# राजस्व विभाग ने करोड़ों की भूमि कब्जेदारों से कराई मुक्त

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** ब्लॉक क्षेत्र की बनी ग्राम पंचायत के मजरा गंभीरपुर में करोड़ों रुपये कीमत की सरकारी भूमि राजस्व विभाग की टीम ने गुरुवार को कब्जेदारों से मुक्त कराई। इस दौरान नायब तहसीलदार ने दोबारा अवैध कब्जा किए जाने पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही।

ग्राम पंचायत बनी के लोगों ने जिलाधिकारी कानपुर नगर को दिए शिकायती पत्र में बताया था कि उनकी ग्राम पंचायत के राजस्व गांव गंभीरपुर की गाटा संख्या 896 की 12 बीघा भूमि राजस्व अभिलेखों में ऊसर भूमि दर्ज थी। कुछ वर्षों पहले बाहरी क्षेत्र के लोगों द्वारा उक्त भूमि अवैध ढंग से अपने नाम दर्ज करा ली गई। लगभग तीन हफ्ता पहले बाहरी कुछ लोगों ने लेखपाल के साथ आकर उक्त भूमि पर जेसीबी मशीन से मेड़ बंदी शुरू करा दी। ग्रामीणों द्वारा विरोध जताने पर वह झगड़ा करने पर आमादा हो गए। मामले की जांच कराए जाने पर अभिलेख संदिग्ध पाए गए। जिस पर जिलाधिकारी ने एसडीएम बिल्हौर से मामले की जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए। तत्पश्चात एसडीम के निर्देश पर गुरुवार को नायब तहसीलदार दिव्या भारती राजस्व टीम के साथ मौके पर गईं और बुलडोजर से अवैध कब्जे को ढहा दिया। इस दौरान मामले से संबंधित एक बोर्ड भी राजस्व कर्मियों द्वारा यहां लगाया गया। नायब तहसीलदार ने दोबारा इस तरह के कब्जे होने पर इसकी जानकारी तत्काल दिए जाने के बात ग्रामीणों से कही।



कब्जा मुक्त कराई गई भूमि पर बोर्ड लगाते राजस्वकर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार**
**क्लासीफाइड**
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मेरे पुत्र रुद्र प्रताप पुत्र पुनीत कुमार के घरेलू नाम से बीमा पॉलिसी संख्या 265566050 है जबकि पुत्र का सही नाम अर्चित प्रताप व पुत्र के पिता का सही नाम शोभित कुमार है जो पुत्र के आधार कार्ड व अन्य शैक्षिक प्रमाण पत्रों में अंकित है। दोनो एक ही व्यक्ति के नाम है। **शोभित कुमार पुत्र आशा राम ,दुर्गा नगर तिर्वा गंज ,जिला कन्नौज।**

**सूचना**
I, RAJ KUMAR S/O RAM PRASAD, R/O-180A, VISHNU LOK COLONY, MANAS NAGAR, PS- SAROJINI NAGAR, LUCKNOW, UP, HEREBY INFORM EVERYONE THAT I HAVE CHANGED MY NAME TO RAJ KUMAR CHAUDHARY SHOULD BE KNOWN, IDENTIFIED, AND ADDRESSED AS RAJ KUMAR CHAUDHARY.

**सूचना**
मैने अपना नाम SHAMSHAD से बदलकर SHAMSAD ALI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-VISMILLA ADD- KOTHA, KEDARPUR, PAINTEPUR DEHAT DIST-SITAPUR-261203(U.P.)

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 1991 अनु0 465263 का अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। **केशव दत्ता निवासी– ग्राम–पोस्ट ककरघटा, शाहाबाद, हरदोई**

**सूचना**
मैने अपना नाम SIMARANDEEP KAUR से बदलकर SIMRAN DEEP KAUR रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0-SATENDRA PAL SINGH ADD-VILL AND POST-NAURANGABAD, DIST-LAKHIMPUR KHERI-262905(U.P.)

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल संस्थागत 2018 अनु0 1181307 एवं इण्टरमीडिएट 2021 संस्थागत अनु0 215873082 का अंक पत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। **गुन्जन वर्मा, निवासी– ग्राम नगला भाग, शाहाबाद, हरदोई**

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा नाम MOHAMMAD IRATAJ था से बदलकर MOHAMMAD IRTAJ रख लिया है। अब मुझे MOHAMMAD IRTAJ के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-NISAR ADD-VILL-KATURIKHURD POST-KATURI KALAN PS-BADDUPUR DIST-BARABANKI-225306 (U.P.)

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल का अंकपत्र रोल नंबर 1252309740 वर्ष 2025 वास्तव में खो गया है। चौधरी ओंकारनाथ इंटर कालेज चन्द्र नगर नन्दवल से उत्तीर्ण किया था। **गोपाल पुत्र अवधेश कुमार ग्राम सिरौली कला विकास खंड फखरपुर बहराइच।**

**सूचना**
मै अपने पुत्र सुरेन्द्र जिसका चाल चलन आचरण ठीक नहीं है, उससे अपना समस्त रिश्ता व आवागमन बंद करता हूं तथा उसके द्वारा कृत्य कार्यो का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों से उसके कृत्यों से कोई सरोकार नहीं रहेगा।– **प्रार्थी परशुराम पुत्र हरीलाल निवासी ग्राम व पोस्ट कन्थईपुर थाना बदोसरांय जिला बाराबंकी।**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है मेरा नाम शीबू/ सुषमा पुत्री हृदय नारायण अब मेरे सभी दस्तावेजों में सुषमा है दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है यह सत्य है भारतीय जीवन बीमा निगम में शीबू के नाम से पालिसी संख्या275761501 खुलवा दी गई है जबकि मेरे सभी दस्तावेज में सुषमा दर्ज है आधार कार्ड मार्कशीट आदि में सही नाम सुषमा है जिसे पालिसी में सही करनेहेतु घोषणा की जा रही है घोषणा कर्ता **सुषमा पुत्री हृदय नारायण निवासी ग्राम अरई चुरैला पोस्ट अरई जनपद अम्बेडकर नगर पिन कोड 224149**

**सूचना**
मेरा हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की अंकतालिकाएं (मार्कशीट) वास्तव मे खो गया है। जिनका विवरण निम्न है–
**नाम व पता– राहुल कुमार पुत्र राजकुमार निवासी ग्राम बरगदवा, पोस्ट ककरहवा थाना मोहाना जिला सिद्धार्थनगर।**
हाईस्कूल–परीक्षा वर्ष–2021–रोल नंबर–212743572
इंटरमीडिएट– परीक्षा वर्ष–2023
रोल नंबर–2237376862
बोर्ड– उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद

मै **भगौती पुत्र अंगनू निवासी ग्राम धनौरा मजरा दनौर परगना व तहसील मलिहाबाद जिला लखनऊ,** मेरे बड़े पुत्र अनूप व उसकी पत्नी रागिनी का चालो–चलन व आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक नही है। मुझसे व मेरे परिवार से हमेशा दुर्व्यवहार करता है अर्थात मारपीट करता है। मैं अपने बड़े पुत्र अनूप व उसकी पत्नी रागिनी के खराब चालो–चलन व आचरण से काफी आहत हूँ इसलिए मै अनूप व उसकी पत्नी को अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। आज से मेरा व मेरे परिवार से समस्त रिश्ते–नाते समाप्त हो गये हैं। यदि उपरोक्त अपकृत्य या अपराध करते हैं तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा मेरी व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

# एडीएम सिटी ने किया नगर पालिका का निरीक्षण

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** गुरुवार की शाम कानपुर के एडीएम सिटी राजेश कुमार ने बिल्हौर नगर पालिका कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय की कार्यप्रणाली, जनसुविधाओं और नगर में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान एडीएम सिटी ने नगर पालिका परिसर और सार्वजनिक सुविधाओं की स्थिति देखी। उन्होंने विशेष रूप से पिंक शौचालय का निरीक्षण किया और वहां स्वच्छता के मानकों को और बेहतर करने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर में साफ-सफाई के मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नगर पालिका द्वारा जगह-जगह पशु-पक्षियों के लिए पानी पीने के टब रखवाए गए हैं। इस मानवीय पहल को देखकर एडीएम सिटी राजेश कुमार ने नगर पालिका प्रशासन की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के साथ-साथ बेजुबान जीवों के प्रति ऐसी संवेदनशीलता एक आदर्श नगर निकाय की पहचान है। एडीएम सिटी ने नगर पालिका अध्यक्ष इखलाख और अधिशाषी अधिकारी अंजनी मिश्रा के साथ बैठक की। इस बैठक में उन्होंने लंबित प्रोजेक्ट्स को समय सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से एसडीएम संजीव दीक्षित, नगर पालिका अध्यक्ष इखलाख,ईओ अंजनी मिश्रा रहे।

# 90 जोड़ों ने थामा एक-दूसरे का हाथ

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश सरकार की 'मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना' के अंतर्गत गुरुवार को बिल्हौर ब्लॉक परिसर में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 90 जोड़ों का विवाह पूरे विधि-विधान और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम में बिल्हौर ब्लॉक, ककवन ब्लॉक और बिल्हौर नगर पालिका क्षेत्र के जोड़ों का विवाह कराया गया। बिल्हौर ब्लॉक में कुल 62 जोड़ों में से 58 जोड़े शामिल हुए इनमें 55 हिंदू और 3 मुस्लिम जोड़े रहे। वहीं ककवन ब्लॉक में 32 पंजीकृत जोड़ों में से 28 जोड़े उपस्थित रहे इनमें 27 हिंदू और 1 मुस्लिम जोड़ा रहा। वहीं नगर पालिका क्षेत्र से कुल 4 जोड़ों का विवाह हुआ । इनमें 3 जोड़े हिंदू और 1 मुस्लिम जोड़ा रहा।समारोह के मुख्य अतिथि विधायक राहुल बच्चा सोनकर मौजूद रहे। उनके साथ एसडीएम डॉ. संजीव कुमार दीक्षित, ब्लॉक प्रमुख मनोरमा कठेरिया, ककवन ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विनय यादव और जिला विकास अधिकारी आलोक सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी शिवम सागर,जिला दिव्यांग अधिकारी विनय उत्तम,खंड विकास अधिकारी यशवीर सिंह,नेमचंद,ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए वरदान साबित हो रही है।


विवाह कार्यक्रम के दौरान मौजूद वर-वधू। अमृत विचार

### सामग्री व खाने की गुणवत्ता पर सवाल

पिछली कई बार से लगातार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत सामग्री की गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। बीते वर्ष भी इस तरह के आयोजन में सामग्री लाभार्थियों के उम्मीद के मुताबिक नहीं थी। वही क्रिया इस बार भी अपनाई गई जो लाभार्थियों को दहेज का सामान दिया गया उसकी गुणवत्ता अत्यंत खराब थी। इसको लेकर भी तरह-तरह की चर्चायें होती रहीं। वहीं बंद पैकेट में खाने का प्रबंध पहले ही कर दिया गया जो उम्मीद के मुताबिक गुणवत्ता विहीन था जिसको लेकर भी तमाम दिक्कतें हुईं।

**आयोजन** | विधायक राहुल बच्चा सोनकर की मौजूदमी में हुआ होली मिलन समारोह

# भाजपाइयों ने फूलों संग जमकर खेली होली

संवाददाता बिल्हौर

**अमृत विचार ।** हिंदू नव वर्ष के भव्य स्वागत और होली मिलन के पावन अवसर पर ककवन मंडल के इब्राहिमपुर रौंस गांव में भक्ति और रंगों का अनूठा संगम देखने को मिला।

यहां आयोजित 'फूलों की होली' कार्यक्रम में न केवल केसरिया रंग की छटा दिखाई दी, बल्कि पंखुड़ियों की वर्षा ने वातावरण को अलौकिक बना दिया। साथ ही एक दूसरे को गुलाल भी लगाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे बिल्हौर विधायक राहुल बच्चा सोनकर का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। विधायक ने कहा कि हिंदू नव वर्ष हमारी सांस्कृतिक पहचान है और इस तरह के आयोजन समाज में समरसता की भावना को सुदृढ़ करते हैं। विशिष्ट अतिथि कृष्ण मुरारी शुक्ला ने भी सभी को नव संवत्सर की बधाई देते हुए एकता का संकल्प दिलाया। फूलों की होली के दौरान पूरा पंडाल जय श्री राम के उद्घोष से गूंज उठा। इस दौरान संदीप सिंह सेंगर, अविरल शुक्ला, अमित राजपूत, नंदन सिंह, रामचंद्र पाल, संतराम राजपूत, अशोक सिंह, रामकिशोर सैनी,शीलू गौतम, श्याम सिंह यादव, हर्षित कटियार, वरुण शुक्ला आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे। होली मिलन समारोह के कार्यक्रम में तमाम भाजपा के कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा की सरकार बनाने का फिर संकल्प लिया।


होली मिलन समारोह में मौजूद विधायक राहुल बच्चा सोनकर व अन्य। अमृत विचार

# दलेलपुर में 'जल महोत्सव' का हुआ भव्य आयोजन

संवाददाता , बिल्हौर

**अमृत विचार।** जल ही जीवन है और इसका संरक्षण ही हमारे सुरक्षित भविष्य की नींव है। इसी संकल्प के साथ आज ककवन ब्लॉक की ग्राम पंचायत दलेलपुर में जल जीवन मिशन के तहत नवनिर्मित पानी की टंकी परिसर में 'जल महोत्सव' का आयोजन किया गया।

जल महोत्सव के दौरान उपस्थित अधिकारियों और अतिथियों ने ग्रामवासियों को बताया कि जल जीवन मिशन के माध्यम से हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाया जा रहा है। साथ ही उन्होंने लोगों से अपील की कि पानी को बर्बाद न करें। वहीं विनय यादव ने ग्रामीणों से अपील की कि वे पानी की टोंटियों को खुला न छोड़ें । कार्यक्रम के दौरान वहां पर उपस्थित समस्त ग्रामीणों, महिलाओं और युवाओं ने एक साथ खड़े होकर 'जल संरक्षण शपथ' ली। ग्रामीणों ने संकल्प लिया कि वे न केवल स्वयं पानी बचाएंगे, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी जल की महत्ता के प्रति सचेत करेंगे। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में विनय यादव , धीरेंद्र कुमार, बाबू सिंह यादव और जल निगम के अधिशासी अभियंता मुकेश कुमार सिंह एवं सहायक अभियंता सतीश चंद्रा समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS •MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999


# विकास के सफर में शहर को मिली नई पहचान

## तेजी से बदल रही शहर की तस्वीर, बिजली संकट और विकास की धीमी रफ्तार को मिली नई उड़ान

**योगी सरकार के 9 साल**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** योगी सरकार में कानपुर विकास के सफर पर लगातार नई सीढ़ियां चढ़ रहा है। बीते नौ साल में शहर की तस्वीर काफी कुछ बदल चुकी है, जो अब और तेजी से बदलने के लिए तैयार है। पहले जहां शहर यातायात जाम, बिजली संकट और धीमे विकास के लिए जाना जाता था, वहीं अब मेट्रो, पॉवर प्रोजेक्ट और नई सड़कों के जरिए नई उड़ान भरने को तैयार है। सरकार के फोकस से अब ये बदलाव जमीन पर भी साफ नजर आ रहा है। योगी सरकार ने शहर को संवारने के लिए करीब 1500 करोड़ रुपये से ज्यादा का बजट खर्च किया है, जिससे लोगों का जीवन पहले से काफी आसान और सहूलियत भरा हो गया है।



मेट्रो की रफ्तार ने आसान किया सफर। अमृत विचार

**1500** करोड़ रुपये से ज्यादा का बजट खर्च

**252** प्रोजेक्ट से शहर भर रहा नई उड़ान

### मेट्रो बन रही लाइफ लाइन घंटों की दूरी अब मिनटों में

- शहर में मेट्रो का नेटवर्क तेजी से विस्तार लेने के साथ लोगों का सफर आसान बना रहा है। कॉरिडोर-1 पर आईआईटी से कानपुर सेंट्रल तक मेट्रो की सवारी से रेलवे स्टेशन आने-जाने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिली है। अब नौबस्ता तक विस्तार के लिए ट्रायल रन जारी है, जिससे इस रूट पर कनेक्टिविटी और मजबूत होगी। उधर, सीएसए कृषि विश्वविद्यालय से बर्रा-8 तक प्रस्तावित कॉरिडोर-2 पर तेजी से काम चल रहा है। रावतपुर से डबलपुलिया के बीच यह रूट भूमिगत है। इस कॉरिडोर पर इसी साल मेट्रो सेवा शुरू करने का लक्ष्य है। इसके साथ ही अन्य प्रमुख इलाकों को जोड़ने के लिए कॉरिडोर-3 की रूपरेखा भी तैयार की जा रही है, ताकि पूरा शहर मेट्रो नेटवर्क से जुड़ सके। करीब 11076.48 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना में अब तक 9111.76 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं और लगभग 86 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है, इससे साफ है कि आने वाले समय में मेट्रो शहर की लाइफलाइन के रूप में और मजबूत होने वाली है।

### रिंग रोड के निर्माण और पुलों से दो साल बाद काफी आसान हो जाएगी आवाजाही



- शहर में भारी वाहनों की घुसपैठ रोकने और अन्य जनपदों को जाने वाले ट्रैफिक को बाहर ही बाहर निकालने के लिए 93 किमी लंबी सिक्स लेन रिंग रोड का प्रथम फेज इसी साल पूरा हो जाएगा, जबकि अंतिम पैकेज का काम अगले दो साल में पूरा करने का लक्ष्य है। इसके साथ ही, रेलवे क्रॉसिंग का झंझट खत्म करने के लिए दादा नगर में नया ओवरब्रिज (पुल) बनाया जा चुका है। शुक्लागंज के लिए नया पुल बनना शुरू हो चुका है।

### पॉवर प्लांट के विस्तार और सबस्टेशन से दूर हुआ बिजली का संकट



- घाटमपुर में बन रहे पावर प्लांट पर करीब 21,780 करोड़ रुपये और पनकी पावर प्लांट के विस्तार पर 6,729 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। इन दोनों प्लांट का काम अब अपने अंतिम दौर में है, जिससे कानपुर को भरपूर बिजली मिलेगी। इसके अलावा, किदवई नगर और गोविंद नगर में बिजली सप्लाई सुधारने के लिए 124 करोड़ से नया सब स्टेशन भी शुरू किया गया है।

### स्पोर्ट्स को आगे बढ़ाने के लिए मिली सौगात

योगी सरकार में कानपुर को खेलों का गढ़ बनाने के लिए पालिका स्टेडियम में 42.59 करोड़ रुपये से आधुनिक ''''स्पोर्ट्स हब'''' बनाया गया है। ग्रीन पार्क स्टेडियम में 9.03 करोड़ लागत से ''''विजिटर गैलरी'''' बनाई गई है, जिसे देखने अब तक 30 हजार से ज्यादा लोग पहुंच चुके हैं। चुन्नीगंज में 93.38 करोड़ रुपये से हाईटेक कन्वेन्शन सेंटर बनकर तैयार है।

प्रदेश सरकार की प्राथमिकता के तहत कानपुर में इंफ्रास्ट्रक्चर के बड़े प्रोजेक्ट तय समय पर पूरे किए जा रहे हैं। मेट्रो और रिंग रोड जैसे प्रोजेक्ट शहर की लाइफलाइन जैसे हैं। हमारा प्रयास है कि हर विकास कार्य सीधे आम जनता की सुविधा में शामिल हो और लोगों का जीवन आसान बनाने से जुड़ा हो।

–जितेन्द्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी

## द्वितीय ब्रह्मचारिणी



दूसरे दिन नवरात्र में मां के ब्रह्मचारिणी एवं तपश्चारिणी रूप को पूजा जाता है। जो साधक मां के इस रूप की पूजा करते हैं उन्हें तप, त्याग, वैराग्य, संयम और सदाचार की प्राप्ति होती है और जीवन में वे जिस बात का संकल्प कर लेते हैं उसे पूरा करके ही रहते हैं। देवी ब्रह्मचारिणी की पूजा से मंगल दोष खत्म होता है।

**बीज मंत्र.....**

**माँ ब्रह्मचारिणी: ह्रीं श्री अम्बिकायै नमः।**



## इफ्तार

शुक्रवार शाम

सुन्नी: 6.22 शिया: 6.32

पैगंबर मोहम्मद साहब ने फरमाया: जिसने रमजान के रोजे रखे और उसके बाद शव्वाल के छह रोजे रखे तो उसने जैसे हमेशा रोजा रखा।

### बेंगलुरु फ्लाइट फुल मुंबई, दिल्ली खाली

**कानपुर।** गुरुवार को बेंगलुरु की फ्लाइट में 237 यात्री कानपुर पहुंचे और कानपुर से 207 यात्रियों ने बेंगलुरु के लिए उड़ान भरी। दिल्ली की फ्लाइट में कुल 159 यात्री आए और कानपुर से 149 यात्री दिल्ली रवाना हुए। मुंबई की फ्लाइट में कुल 181 यात्री कानपुर आए और 207 यात्री मुंबई रवाना हुए।

# एलिवेटेड सेक्शन के पियर-कैप्स की ढलाई पूरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर मेट्रो रेल परियोजना के कॉरिडोर-2 (सीएसए-बर्रा-8) के अंतर्गत दो हिस्सों में बन रहे लगभग 4.50 किमी लंबे एलिवेटेड सेक्शन में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर ली है। इस सेक्शन के वायाडक्ट में प्रयुक्त होने वाले प्री-कास्ट संरचनाओं में से सभी पियर-कैप्स और डबल टी-गर्डर्स की ढलाई का कार्य नौबस्ता स्थित कास्टिंग यार्ड में पूरा हो गया है। यहां विभिन्न आकारों के 106 पियर-कैप्स और 141 डबल टी-गर्डर्स की कास्टिंग पूरी होने पर अब इन्हें क्रेन की सहायता से निर्माण स्थल पर निर्धारित स्थान पर परिस्थापित किया जाएगा।

उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने बताया कि एलिवेटेड मेट्रो के सिविल ढांचे की कई संरचनाएं (पियर-कैप, यू-गर्डर, आई-गर्डर, डबल टी-गर्डर आदि) प्री-कास्ट तकनीक से निर्मित होती हैं। कास्टिंग यार्ड में तैयार करने के बाद इन्हें सुरक्षा के मानकों पर परखने के बाद इन्हें निर्माण स्थल पर भेजा जाता है, जहां क्रेन की सहायता से निर्धारित स्थान पर इनका परिनिर्माण (इरेक्शन) किया जाता है। इस प्रणाली से निर्माण कार्य में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के साथ ही गति भी बनी रहती है। एलिवेटेड संरचना में पियर कैप्स को पिलर्स के ऊपर स्थापित किया जाएगा, जिनपर यू और आई-गर्डर्स का इरेक्शन किया जाता है। वहीं, डबल टी-गर्डर्स का उपयोग एलिवेटेड स्टेशनों के स्टेशन बॉक्स को आधार प्रदान करने के लिए होगा। यूपीएमआरसी के सिविल इंजीनियरों की टीम ने गुरुवार को नवरात्र के पहले दिन नौबस्ता कास्टिंग यार्ड में इन दोनों प्रमुख संरचनाओं की कास्टिंग प्रक्रिया पूर्ण कर ली है। अब जल्द ही यू-गर्डर्स और आई-गर्डर्स की कास्टिंग भी पूरी होने वाली है।

### दो हिस्सों में सेक्शन एलिवेटेड का निर्माण

- लगभग 8.60 किमी लंबे कॉरिडोर-2 (सीएसए - बर्रा-8) में से 4.50 किमी सेक्शन एलिवेटेड है, जिसका निर्माण दो हिस्सों में हो रहा है, पहला हिस्सा कंपनी बाग चौराहे से सीएसए परिसर में स्थित कॉरिडोर-2 डिपो रैंप तक और दूसरा हिस्सा डबल पुलिया रैंप से बर्रा-8 तक। इसके अतिरिक्त लगभग 4.10 किमी लंबा अंडरग्राउंड सेक्शन का निर्माण भी हो रहा है। एलिवेटेड सेक्शन में पांच और अंडरग्राउंड सेक्शन में तीन स्टेशन हैं। इस मार्ग में मेट्रो के संचालन से लाखों लोगों को लाभ मिलेगा।



**धूम मची**

नव संवत्सर पर गंगा बैराज के अटल घाट पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने भरतनाट्यम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। • अमृत विचार


हिन्दू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं


## मां ब्रह्मचारिणी

शारदीय या चैत्र नवरात्रि के दूसरे दिन यानी द्वितीया को माता ब्रह्मचारिणी की पूजा होती है। माता का वाहन हंस है। साधक इस दिन अपने मन को माँ के चरणों में लगाते हैं। इनके दाहिने हाथ में जप की माला एवं बाएँ हाथ में कमण्डल रहता है।




**मां ब्रह्मचारिणी का अर्थ:** ब्रह्म का अर्थ है तपस्या और चारिणी यानी आचरण करने वाली। इस प्रकार ब्रह्मचारिणी का अर्थ हुआ तप का आचरण करने वाली।

**मां ब्रह्मचारिणी की पूजा विधि व पूजा सामग्री**

- **फूल:** माँ को पीले या सफेद रंग के फूल (जैसे चमेली या गेंदा) अत्यंत प्रिय हैं।
- **भोग:** शक्कर (चीनी), मिश्री या पंचामृत।
- **वस्त्र:** संभव हो तो पूजा के समय पीले या सफेद वस्त्र धारण करें।
- **अन्य:** चंदन, अक्षत, धूप, दीप और सुपारी।

या देवी सर्वभूतेषु माँ ब्रह्मचारिणी रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।

- मां ब्रह्मचारिणी का अर्थ, ■ मां ब्रह्मचारिणी की पूजा विधि ■ मां ब्रह्मचारिणी की आरती ■ मां ब्रह्मचारिणी व्रत की कथा ■ माता शैल पुत्री की चालीसा ■ मां ब्रह्मचारिणी की पूजा का लाभ ■ मां ब्रह्मचारिणी पर पूछे जाने वाले प्रश्न–

### पूजा विधि

**स्नान व शुद्धि:** प्रातः जल्दी उठकर स्नान करें और स्वच्छ वस्त्र पहनें। पूजा स्थान पर गंगाजल छिड़क कर उसे पवित्र करें।

**आवाहन व ध्यान:** सबसे पहले कलश देवता और गणेश जी की पूजा करें। इसके बाद हाथ में फूल और अक्षत लेकर माँ ब्रह्मचारिणी का ध्यान करें।

**पंचामृत स्नान:** माँ की प्रतिमा या चित्र को पंचामृत (दूध, दही, घी, शहद, चीनी का मिश्रण) से प्रतीकात्मक स्नान कराएं।

**अर्पण:** माँ को गंध, अक्षत, पीले फूल और सिंदूर अर्पित करें।

**भोग:** माँ ब्रह्मचारिणी को शक्कर या मिश्री का भोग लगाएं। मान्यता है कि इससे लंबी आयु और सौभाग्य का वरदान मिलता है।

**कन्या भोज**– इस दिन ऐसी कन्याओं का पूजन किया जाता है कि जिनका विवाह तय हो गया है


चैत्र इनवरात्रि की शुभकामनाएं
Chandrabhal Hospital
Multi Speciality Hospital
आयुष्मान भारत PMJAY एवं दीनदयाल उपाध्याय कैशलेश योजना द्वारा अनुवंधित
24 घंटे सुविधा उपलब्ध
डा. राजेश बाजपेयी (MBBS, D.Ortho, Mch.)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
कुल्हा एवं घुटना प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
ICU, NICU, EMERGENCY, MEDICAL STORE
Y-1280, Kidwai Nagar, Near R.B.I. Colony, Kanpur Mob.: 7571810604

केवल २० मिनट में
चश्मा और कान्टैक्ट लेंस को कहें अलविदा।
• ब्लेड मुक्त लेज़र सर्जरी
• अस्पताल में रुकने की कोई आवश्यकता नहीं
• सभी लेज़िक सुविधाएँ उपलब्ध
किसी भी मौसम में सुरक्षित कैटरैक्ट सर्जरी चाहे बारिश हो या धूप!
नवीनतम तकनीक और IOLS के साथ। अपना अपॉइंटमेंट आज ही बुक करें।
Monofocal, EDOF, Multifocal, Toric
डॉ. संगीता शुक्ला
MBBS, MS Associate Director
Dept.of Ophthalmology
Regency Health, Kanpur
Regency OPD: 10.30am to 1.30pm (Mon-Fri)
Shahi Darbar Clinic: 2:00pm to 6:00pm (Mon-Fri)
Shahi Darbar Apartment, Swaroop - Nagar (Near LLR Metro Station), Kanpur
Call: +91 9919249414, +91 8853219725

चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं
Rama Devi Medical Centre Pvt. Ltd.
RAMA DEVI, G.T. ROAD, KANPUR
Email: ramadevi@rediffmail.com
हमारे यहाँ निम्न सुविधाएं उपलब्ध हैं
विशाल निःशुल्क मोतियाबिन्द, ऑपरेशन शिविर
(लेन्स प्रत्यारोपण विधि द्वारा)
निम्न कार्ड धारकों के लिए निःशुल्क सुविधायें उपलब्ध
C.G.H.S. E.C.H.S. E.S.I.C. T.P.A. C.A.P.F. AYUSHMAN
PANDIT DEENDAYAL UPADHYAY
PAPA IVF निःशुल्क निःसंतानता जाँच शिविर कानपुर में
8090052201/02
Mob.: 9140718743, 7080902028

नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
द पनेशिया
ए मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड सेंटर फॉर न्यूरोसाईन्सेस
Come Home to Wellness...
स्ट्रोक होने पर, तुरन्त इलाज न मिलने से मस्तिष्क का नुकसान होता है
हर 6 में से 1 व्यक्ति अपने जीवन में स्ट्रोक का सामना करता है।
117/473, एल-ब्लॉक, काकादेव
(नीरछीर चौराहा और डबल पुलिया के मध्य) कानपुर
सम्पर्क करे: 7897997634
9889556689, 7897997361

सुखमय वैवाहिक जीवन के लिए
आज ही मिलें...
डॉ. शुक्ला
गुप्त रोग क्लीनिक
9889975347
समय – 09:00 बजे से रात 08:00 बजे
रविवार 09:00 बजे से दोपहर 01:30 बजे तक
केशव नगर, निकट शिवाजी इंटर कॉलेज, गेट नं0-2 के सामने, कानपुर

चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं
वैदिक हॉस्पिटल
24 Hrs SERVICE
आई.सी.यू. डायलिसिस
एन.आई.सी.यू. एन्डोस्कोपी
ICU की सर्वोत्तम सुविधा
डॉ. आशीष वर्मा M.D.
डॉ. शैलेष पटेल M.D.
पता- जूही, गौशाला, कानपुर (निकट डबल पेट्रोल पम्प)
मो.: 7880462929, 7880472929

## सिटी ब्रीफ

### महिला के बैंक खाते में रकम की जांच शुरू

**कल्याणपुर।** साइबर सेल में तैनात दारोगा रोहित कुमार दुबे ने बताया कि नवीन नगर पुरानी बस्ती निवासी उमा गुप्ता के खाते में विभिन्न खातों से एक लाख से की रकम ट्रांसफर किए जाने की जानकारी मिली। जिस पर वह टीम के साथ पूछताछ के लिए महिला के घर पहुंचे, जहां महिला ने बताया कि, वह लोगों के घरों में काम करती है। कुछ समय पहले एक सुशांत पांडे उर्फ रिशु नाम के युवक ने उन्हें लालच देकर खाते से सबंधित जानकारी व उनका एटीएम कार्ड ले लिया था। हालांकि, महिला बताए गए युवक के सबंध में कोई भी जानकारी नहीं दे पाई। जिस पर दारोगा ने महिला के खिलाफ कल्याणपुर थाने में आईटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज करा मामले की जांच शुरू कर दी है।

### दबंग दंपती ने घर पर किया पथराव

**कल्याणपुर।** पनकी पड़ाव निवासी प्रियंका मिश्रा के मुताबिक 17 मार्च को वह घर पर अकेली थी। तभी पड़ोसी निर्मल गौतम उर्फ शिवम व उसकी पत्नी आरती ने उनके घर के बाहर खड़े होकर गाली गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि विरोध करने पर दबंग दंपती घर में घुसकर मारपीट करने का प्रयास किया। अन्य लोगों के हस्तक्षेप के बाद आरोपी दंपती जान से मारने की धमकी देकर वहां से चले गए। पनकी थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### किशोरी को किया अगवा, रिपोर्ट दर्ज

**कल्याणपुर।** कल्याणपुर निवासी युवक व उसकी पत्नी दिहाड़ी मजदूर है। युवक के मुताबिक सात मार्च को वह दोनों काम पर गए थे। शाम को घर लौटे, तो उनकी 13 वर्षीय बेटी लापता थी। आरोप है कि पनकी निवासी पिंटू नाम का युवक किशोरी को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। कल्याणपुर थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश की जा रही है।

### पशु क्रूरता में दो के विरुद्ध एफआईआर

**कानपुर।** नौबस्ता के हंसपुरम में कुत्ते के बच्चे को रस्सी से बांधकर सड़क पर घसीटने और फिर बंबा में फेंककर जान लेने के मामले में आरोपी और उसके साथी के खिलाफ पशु क्रूरता का मुकदमा दर्ज हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है उम्मीद एक किरण के संस्थापक मयंक त्रिपाठी की ओर से नौबस्ता थाने में दर्ज कराई गई एफआईआर के मुताबिक 13 मार्च को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें आवास विकास हंसपुरम निवासी जितेंद्र सिंह उर्फ जीतू ने अपनी दुकान में काम करने वाले एक लड़के के साथ मिलकर श्वान को रस्सी से बांधकर सड़क पर बेरहमी से घसीटते हुए बंबा में फेंक दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पशु क्रूरता की एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### चाकू दिखाकर खाते में ट्रांसफर कराई रकम

**कल्याणपुर।** कल्याणपुर में चोरी की इरादे से कार का शीशा तोड़ रहे हिस्ट्रीशीटर व उसके दबंग साथी ने एक युवक के विरोध करने पर चाकू दिखाकर शराब के लिए रुपयों की मांग की । कैश न होने पर दबंगों ने युवक को डरा धमका कर उससे आठ सौ रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करा लिए। आवास विकास एक निवासी राहुल सिंह के मुताबिक बुधवार रात इलाके का हिस्ट्रीशीटर अपने साथी के साथ पड़ोसी गोविंद सिंह की कार का शीशा तोड़कर चोरी का प्रयास कर रहे थे। आरोप है कि राहुल के विरोध करने पर दबंग चाकू दिखाकर उसी से शराब के लिए रुपए मांगने लगे। इतना ही नहीं जेब में कैश न मिलने पर दबंगों ने राहुल से आठ सौ रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कराने के बाद, शिकायत करने पर उसे जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। थाना प्रभारी ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### रिटायर्ड दीवान की बेटी से छेड़छाड़, पथराव


**कानपुर।** गोविंद नगर क्षेत्र में सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी की बेटी से छेड़छाड़, गाली गलौज, मारपीट, पथराव के आरोप में पडोसी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। कच्ची बस्ती निवासी पीड़िता के पिता ने बताया कि वह पुलिस विभाग में दीवान थे। आरोप है कि 10 मार्च 2026 की शाम करीब 4 बजे उनकी बेटी घर के बाहर खड़ी थी। तभी पड़ोसी जितेंद्र सिंह शराब के नशे में वहां पहुंचा और बुरी नीयत से उसका हाथ पकड़कर खींचने लगा। विरोध करने सीने में हाथ मारा और गाली-गलौज करने लगा। इसके बाद आरोपी ने घर पर ईंट-पत्थर फेंके और पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। यह थाना प्रभारी रिकेश सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# तेल की आग में निवेशकों के 3,000 करोड़ स्वाहा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के सामने शेयर बाजार एक बार फिर बेबस नजर आया। बाजार में पिछले तीन दिनों से जारी तेजी पर गुरुवार को ब्रेक लग गया।

इजरायल द्वारा इरान के साउथ पार्स गैस क्षेत्र और आसपास के ढांचे को निशाना बनाने के चलते बाजार में बड़ी गिरावट आई। इससे क्रूड और नैचुरल गैस की ग्लोबल सप्लाई को लेकर चिंता बढ़ी और बाजार में जोखिम से बचने का माहौल बना। मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों के अलावा निफ्टी के सभी सेक्टोरल इंडेक्स में भी तेज गिरावट आई। इस चौतरफा बिकवाली के चलते दिन भर में शहर के निवेशकों के शेयर बाजार तथा इस पर आधारित योजनाओं में निवेशित पूंजी में करीब 3,000 करोड़ रुपये की कमी का अनुमान लगाया गया। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 2497 अंक वहीं निफ्टी 776 अंकों की गिरावट के साथ बंद हुआ।






वित्तीय और शेयर बाजार सलाहकार राजीव सिंह के अनुसार शेयर बाजार की गिरावट की सबसे बड़ी वजह कच्चे तेल की कीमतों में तेजी रही। यह भारत जैसे ऑयल और गैस इंपोर्टर देश के लिए बुरी खबर रही। वैश्विक तनाव के बीच विदेशी निवेशकों की बिकवाली के कारण बाजार फिलहाल दबाव में नजर आ रहा है। ऐसे में निवेशकों को सतर्क रहने और जल्दबाजी में फैसले लेने से बचना चाहिए। बाजार में डर को मापने वाला इंडिया वोलैटिलिटी इंडेक्स में करीब 22 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखने को मिली। इसका मतलब यह है कि आने वाले समय में बाजार में तेज उठापटक जारी रहेगी।

### सोना-चांदी में भी गिरावट, बाजार में आया व्यापक दबाव

- आमतौर पर युद्ध या किसी बड़े संकट के समय सुरक्षित निवेश माने जाने वाले सोने और चांदी में भी गिरावट देखने को मिली, जो यह दर्शाता है कि बाजार में व्यापक स्तर पर दबाव बना हुआ है। इसकी वजह सोना-चांदी की बिकवाली कर लोगों द्वारा कैश मनी को तरजीह देना रहा।

# प्लास्टिक और पॉलीथिन पर भी गहराया संकट, बढ़े दाम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सामान के साथ पन्नी देने से साफ मना करने लगे दुकानदार

**अमृत विचार।** ईरान युद्ध के चलते शहर में प्लास्टिक उत्पादों और पॉलीथिन की कीमतें बढ़ गई हैं। दुकानदारों ने कीमतें बढ़ने का हवाला देकर पॉलीथिन (पन्नी) देना बंद कर दिया है। प्लास्टिक के गिलास, बोतल के दाम बढ़ गए हैं। व्यापारियों का कहना है कि युद्ध के कारण होर्मुज स्ट्रेट बंद होने से पॉलिमर (कच्चे प्लास्टिक) की कीमतें काफी बढ़ गई हैं। पर्याप्त मात्रा में माल नहीं मिल पा रहा है, जिसके कारण दाम लगातार बढ़ते जा रहे हैं। मैन्युफैक्चरिंग यूनिटों के सामने संकट गहरा गया है।

पॉलिमर को कच्चे तेल से बनाया जाता है। यह पदार्थ प्लास्टिक के उत्पाद बनाने के काम आता है। उद्यमियों के अनुसार पॉलिमर के दाम 70 से 80 फीसदी तक उछल गए हैं। पैकेजिंग की लागत भी 50 से 60 फीसदी तक बढ़ गई है। पेलेट्स (पॉलिमर दाने) नहीं मिलने से बड़ी संख्या में प्लास्टिक इकाइयां बंदी की कगार पर पहुंच गई हैं। उपायुक्त उद्योग अंजनीश प्रताप सिंह के अनुसार जिले में छोटी-बड़ी करीब एक प्लास्टिक इकाइयां हैं। इनकी हालत कच्चे माल के रेट दोगुना होने से बिगड़ गई है। संकट के चलते 50 रुपये में मिलने वाला प्लास्टिक गिलास का पैकेट 70 रुपये में बिक्री किया जा रहा है। सामान्य पॉलीथिन (पन्नी) की कीमतें दुकानदार 200 रुपये किलो तक बता रहे हैं।

# चार ठिकानों पर एक साथ छापा, 44 सिलेंडर बरामद

## गैस की कालाबाजारी रोकने के लिए जिला प्रशासन ने उठाया सख्त कदम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- लाल बंगला सब्जी मंडी में गैस का अवैध खेल बेनकाब
- छोटे-बड़े सिलेंडर के साथ रीफिलिंग का सामान मिला

**अमृत विचार।** शहर में गैस की कालाबाजारी रोकने के लिए चार ठिकानों पर टीमों ने एक साथ छापा मारा गया, जिसमें बड़ी संख्या में छोटे व बड़े गैस सिलेंडर, पेट्रोमैक्स री-फिलिंग का सामान बरामद हुआ। सबसे ज्यादा लाल बंगला मंडी में गैस का खेल बेनकाब हुआ है।

लालबंगला स्थित न्यू सब्जी मंडी क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध इस्तेमाल और रिफिलिंग के खेल का गुरुवार को पर्दाफाश हो गया। मुखबिर की सटीक सूचना पर अपर जिलाधिकारी (नागरिक आपूर्ति) राजेश कुमार और जिला पूर्ति विभाग की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। एक साथ चार ठिकानों पर छापा मारते हुए 44 गैस सिलेंडर और चार पेट्रोमैक्स बरामद किए।

जिला पूर्ति अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि कार्रवाई के दौरान अर्जेंट रिपेयरिंग सेंटर से चार घरेलू सिलेंडर और पेट्रोमैक्स रिफिलिंग का सामान मिला। न्यू स्वीटी किचन सेंटर से दस छोटे कॉमर्शियल सिलेंडर, सात घरेलू सिलेंडर, रिफिलिंग उपकरण और इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन बरामद की गई। वहीं स्वाति किचन सेंटर से 13 घरेलू और चार कॉमर्शियल सिलेंडर कब्जे में लिए गए। कुल 24 घरेलू, 10 छोटे कॉमर्शियल और चार बड़े कॉमर्शियल सिलेंडर जब्त किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग और अवैध रिफिलिंग सीधे तौर पर कानून का उल्लंघन है। ऐसे मामलों में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जा रही है और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। कार्रवाई के बाद तीनों आरोपितों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।



गैस सिलेंडर की चेकिंग करती टीम। अमृत विचार

### ट्रक में कम आ रहे गैस सिलेंडर

- गैस एजेंसी पर आने वाले ट्रक में सिलेंडर कम आ रहे हैं, ऐसा आरोप उपभोक्ता लगा रहे हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि जब एजेंसी के पास ट्रक आता है तो उसमें आधा ट्रक ही सिलेंडर होते हैं। हालांकि गैस एजेंसियां इस बात को मानने को तैयार नहीं है, फिर भी उपभोक्ताओं के आरोप को ध्यान में रखते हुए जांच करने की जरूरत है।

### कालाबाजारी करने वाले बचेंगे नहीं: डीएम

- जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने स्पष्ट किया कि जनपद में गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और किसी प्रकार की कमी नहीं है। उन्होंने आमजन से अपील की कि अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक रूप से सिलेंडर की बुकिंग न करें। उन्होंने यह भी कहा कि अवैध गैस कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे नेटवर्क को जड़ से समाप्त किया जाएगा।

### स्टाक में सिलेंडर रखना चाहते लोग

- गैस की किल्लत के पीछे एक कारण ये भी है कि स्टाक में लोग सिलेंडर रखना चाहते हैं। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने शहर की सभी गैस एजेंसियों को चेक करने के निर्देश दिये हैं लेकिन पिछले कुछ दिनों लाखों की संख्या में लोगों ने सिलेंडर बुक कराये हैं। वहीं दूसरी ओर सिलेंडर की कालाबाजारी करने वाले अपना खेल कर रहे हैं। कामर्शियल सिलेंडर अभी भी ब्लैक से 2500 से 3000 रुपये, घरेलू सिलेंडर 1800 रुपये तक मिल रहा है।

# व्यावसायिक गैस की किल्लत से उद्योगों में 20 फीसदी उत्पादन कम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- प्लास्टिक और फूड सेक्टर में सबसे अधिक परेशानी
- सबसे ज्यादा नमकीन बनाने के कारोबार पर पड़ रहा असर

**अमृत विचार।** शहर में गैस किल्लत उद्योग के उत्पादन पर भी अपना असर डाल रही है। हालात यह है कि औद्योगिक क्षेत्रों में स्थापित कई यूनिट में उत्पादन 20 फीसदी से अधिक की कमी दर्ज हुई है। ऐसे भी उद्योग हैं, जहां पर कच्चे माल की कमी से उत्पादन पर प्रभाव डाल रहा है। माना जा रहा है कि यदि गैस किल्लत यूं ही जारी रही तो उत्पादन में और अधिक कमी दर्ज हो सकेगी।

गैस किल्लत की सबसे अधिक मार औद्योगिक क्षेत्रों में नमकीन बनाने वाली युनिट में पड़ रही है। गैस किल्लत के चलते एमएसएमई युनिट में बन रहे कई तरह के कच्चे माल का उत्पादन भी प्रभावित हुआ है। इनमें इनमें खासतौर पर फूड इंडस्ट्री को सप्लाई होने वाला उत्पाद भी शामिल है। इसी तरह क्रूड ऑयल संकट और आयात प्रभावित होने से प्लास्टिक कारोबार वर सबसे अधिक मार पड़ी है।



इन यूनिट में लगभग 50 फीसदी का असर है। कई छोटी यूनिट में काम बंद होने का संकट खड़ा हो गया है। कारोबारी इसके पीछे की एक वजह आयात प्रभावित होना जिससे कच्चे माल की कीमतों में उछाल शामिल है। ऐसे में अब उद्यमी यह समझ नहीं पा रहे हैं कि वे अचानक महंगे हुए प्लास्टिक के कच्चे माल से उत्पादन कर खरीदार को किस भाव में सप्लाई करे।

### खरीदार टूटने की नौबत

प्लास्टिक कारोबार में आए संकट से कारोबारियों को खरीदार टूटने की नौबत का डर सताने लगा है। इसकी वजह वर्षभर या फिर छह महीने के भीतर उत्पाद सप्लाई किए जाने का रेट है। अचानक कच्चे माल के दामों में उछाल से उत्पाद की कीमत में भी इजाफा हुआ है। ऐसे में बीच समझौते में उत्पादों के रेट बढ़ने से कुछ खरीदार समझौता रद् भी कर सकते हैं। इस स्थिति में कई कारोबारियों ने उत्पादन रोकने जैसा निर्णय पर भी योजना बना रहे हैं।

### उद्यमियों की जुबानी, गैस की कहानी

गैस किल्लत और आयात प्रभावित होने से उद्योग के कई सेक्टर में प्रभाव पड़ा है। इस प्रभाव को हल करने के लिए उद्यमी अपना पूरा प्रयास कर रहे हैं। लगातार बाजार पर नजर बनी हुई है। आपसी सहयोग से भी कई तरह की समस्याएं कम की जा रहीं है।



-उमंग अग्रवाल, महासचिव फीटा

गैस किल्लत का असर एमएसएमई सेक्टर की ऐसी युनिट जहां पर कॉमर्शियल सिलेंड का उपयोग हो रहा है वहां पर अधिक हैं। इससे कहीं अधिक आयात प्रभावित होने से युनिट प्रभावित हो रही है। इन सबसे उत्पादन पर सीधा असर पड़ रहा है।



-आशीष साहनी, महामंत्री, फीटा इस्पात नगर चैप्टर

# बिजली चोरी के झूठे केस में 1.25 करोड़ का दावा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- उपभोक्ता आयोग ने केस्को को भेजा नोटिस, 11 मई को सुनवाई

**अमृत विचार।** बिजली चोरी का झूठा मुकदमा दर्ज कराने के मामले में बैंक से सेवानिवृत्त सहायक मैनेजर ने केस्को के खिलाफ लखनऊ उपभोक्ता आयोग में वाद दर्ज कराया है और मामले में केस्को से एक करोड़ 25 लाख 50 हजार रुपये की क्षतिपूर्ति मांगी है। इस पर आयोग ने केस्को को नोटिस भेजकर जवाब दाखिल करने को कहा है। अगली सुनवाई 11 मई को होनी है।

गोविंद नगर निवासी मनोज शर्मा पांडु नगर स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया पांडु नगर में सहायक मैनेजर से सेवानिवृत्त है। उन्होंने दाखिल वाद में कहा कि वह पहले फेथफुलगंज स्थित मकान में रहते थे। मकान छोड़ने पर उन्होंने बिजली का मीटर कटवाया और पीडी फाइनल बिल के 495 रुपये जमा कर दिए। केस्को के अभियंता ने अवैध वसूली की नीयत से उन्हें मीटर सीलिंग प्रमाण पत्र नहीं दिया। बाद में 18,508 रुपये का बकाया दिखाकर उनके खिलाफ बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज करा दिया, जिसमें उन्हें जमानत करानी पड़ी। उन्हें बैंक से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति तक लेनी पड़ गई। 23 मई 2024 को विशेष न्यायाधीश ईसी एक्ट ने उन्हें मामले में बरी कर दिया। मनोज के अधिवक्ता मनीष कुमार शर्मा के मुताबिक उपभोक्ता आयोग में केस्को के खिलाफ वाद दर्ज कर 60 साल तक नौकरी न कर पाने के कारण हुए वेतन-भत्तों के नुकसान की भरपाई के लिए 85 लाख रुपये, मानसिक व शारीरिक क्षतिपूर्ति के लिए 40 लाख रुपये और वाद व्यय के लिए 50 हजार रुपये की मांग केस्को से की है। वेतन-भत्तों के नुकसान की भरपाई, मानसिक और शारीरिक क्षतिपूर्ति को मांगी है। मामले में अब अगली सुनवाई 11 मई को होगी।

### स्कूटी-कार में टक्कर के बाद बवाल

**कानपुर।** किदवई नगर थाना क्षेत्र में कार और स्कूटी की टक्कर के बाद विवाद इतना बढ़ा कि कार सवार युवकों ने स्कूटी सवार दो युवकों को जमकर पीटा और ईंट-पत्थर भी चल गए। पीड़ित की तहरीर पर तीन नामजद समेत एक अज्ञात महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

जूही लाल कॉलोनी निवासी राहुल कुमार शर्मा ने बताया कि बुधवार रात वह अपने दोस्त आकाश सचान के साथ स्कूटी से किदवई नगर जा रहे थे। इसी बीच विश्वास गार्डन के सामने हरी कॉलोनी के तरफ स्कूटी मोड़ते समय कार से टक्कर हो गई। आरोप है कि जिस पर कार सवार शमशाद, नौशाद, सरताज और एक अज्ञात महिला ने उन्हें घेर लिया और लात-घूंसों से मारपीट की। इतना ही नही बीच बचाव करने पर आकाश सचान को भी पीटा गया।

# आईआईटी छात्रों के सुसाइड की जांच करेगी तीन सदस्यीय टीम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- राज्य मानवाधिकार आयोग का आदेश, मंडलायुक्त बनाएंगे टीम
- 21 अप्रैल तक आयोग के समक्ष पेश करनी होगी जांच रिपोर्ट

**अमृत विचार।** आईआईटी में हुई छात्रों की आत्महत्याओं पर की जांच अब एक कमेटी करेगी। यह कमेटी मंडलायुक्त की ओर से बनाई जाएगी। इस कमेटी में तीन विशेषज्ञ सदस्य जांच करेंगे। कमेटी में तीन सदस्यों को शामिल किया जाएगा। यह कमेटी राज्य मानवाधिकार आयोग के आदेश पर बनी है। अब अगली सुनवाई 22 अप्रैल को होगी।

आईआईटी कानपुर में 25 महीनों के अन्दर अब तक 9 छात्र छात्राये आत्महत्या कर चुके है। जनवरी माह में तो 1 माह के अन्दर ही दो शोधार्थी छात्र आत्महत्या कर चुके है। आईआईटी में लगातार हो रही आत्महत्याओं के सन्दर्भ में सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के महामंत्री प्रवीण फाइटर एडवोकेट ने दाखिल याचिका पर 11 मार्च को हुई सुनवाई में राज्य मानवाधिकार आयोग के पीठासीन अधिकारी जस्टिस आरएल मेहरोत्रा ने मण्डलायुक्त कानपुर को आदेशित किया है कि वे तीन विशेषज्ञों की टीम गठित करते हुये मामले की जांच कराये। इसके अलावा गठित समिति आईआईटी कानपुर में अध्ययनरत छात्र-छात्राओ व उनके परिवारीजनो से समन्वय स्थापित करते हुये भविष्य में आईआईटी कानपुर में प्रश्नगत घटनाओ को रोकने के सम्बंध में अपना अभिमत देते हुये 21 अप्रैल तक आयोग के समक्ष अपनी आख्या प्रस्तुत करे। अगली सुनवाई 22 अप्रैल को होगी।

# जूही यार्ड में पांच लुटेरे हत्थे चढ़े

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सर्विलांस से लुटेरों की लोकेशन पता कर टीमों ने की कार्रवाई

**अमृत विचार।** कानपुर सेंट्रल स्टेशन अतिसंवेनशील क्षेत्रों में आता है, अब जीआरपी और आरपीएफ ने 50 किमी क्षेत्र पर पैनी नजर रखना शुरु कर दिया है। जूही यार्ड पावर केबिन के पास ट्रेनों में लूट की योजना बना रहे पांच लुटेरों को जीआरपी ने गिरफ्तार कर लिया है।

जीआरपी सीओ दुष्यंत कुमार, जीआरपी प्रभारी ओम नारायण सिंह ने ट्रेन अपराधियों की धर पकड़ के लिए कई टीमें गठित की हैं। गुरुवार को जीआरपी प्रभारी ने मुखबिर की सूचना पर तीन टीमें गठित कर पांच लुटेरों को गिरफ्तार किया। इनमें साहिल सोनकर उर्फ पोलू उर्फ गोलू निवासी सेवाग्राम कालोनी दादा नगर कच्ची बस्ती है। दूसरा अभियुक्त विशाल बाल्मीकि निवासी कच्ची बस्ती गोविन्द नगर का है लेकिन वर्तमान में ये किराये के मकान में चंपापुरवा शुक्लागंज में रहता है। तीसरा अभियुक्त अभिषेक पासवान निवासी कच्ची मईया, डीबीएस स्कूल के सामने गोविंद नगर का है। चौथा अभियुक्त जीतू सिंह निवासी ग्राम खमार खेड़ा थाना दही जनपद उन्नाव का रहने वाला है। पांचवां अभियुक्त सुमित कुमार वर्मा है जो श्री नगर तिरंगा चौराहा शुक्लागंज का रहने वाला है।

**कार्रवाई** | नगर निगम ने शहर भर में चलाया अभियान, वसूली में कानपुर को प्रदेश में दूसरा स्थान मिला

# पशुओं को आवारा छोड़ने में वसूले गए 56 .26 लाख

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नगर निगम ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में पूरे शहर में कई आवारा पशुओं व चट्टा संचालकों के खिलाफ अभियान का संचालन किया। पशुओं को आवारा छोड़ने व चट्टा संचालकों के पकड़े गए पशुओं की रिहाई से अभी तक नगर निगम ने 56.26 लाख रुपये का जुर्माना वसूल कर लिया है। इसलिए उत्तर प्रदेश के 17 नगर निगमों के पशु कल्याण विभाग में कानपुर नगर निगम वसूली गई धनराशि में यह द्वितीय स्थान पर है।

नगर निगम की टीम ने नवरात्र के पहले दिन गुरुवार को लक्ष्मी नारायण मंदिर, बसंत विहार, नौबस्ता व किदवईनगर वाई ब्लाक के आसपास क्षेत्र में चट्टा हटाओ व पशुओं के जब्तीकरण अभियान का संचालन किया, जिसके तहत टीम ने चार भैंस व 15 गौवंश मय बच्चे को जब्तकर गौशाला में संरक्षित किया। इसके अलावा नगर निगम ने अपनी सीमा के कई क्षेत्रों में अभियान का संचालन कर कर 22 आवारा पशुओं को पकड़कर गौशाला में संरक्षित किया है। मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी डॉ. आरके निरंजन व पशु कल्याण अधिकारी डॉ. शिल्पा सिंह के मुताबिक पशुओं की वजह से किसी भी प्रकार कोई समस्या न उत्पन्न हो सके, इसलिए समय-समय पर अभियान का संचालन किया जा रहा है।



अभियान के दौरान मौजूद नगर निगम के अधिकारी व प्रवर्तन दल के सदस्य।

इस वित्तीय वर्ष 2025-26 में पशुओं को आवारा छोड़ने व चट्टा संचालकों के पकड़े गये पशुओ की रिहाई से अभी तक कुल धनराशि 56.26 लाख जुर्माना की वसूली की गई, जिसे नगर निगम कोष में जमा कराया है। इसलिए उत्तर प्रदेश के 17 नगर निगमों के पशु कल्याण विभाग में कानपुर नगर निगम वसूली गयी धनराशि में द्वितीय स्थान पर है। अभियान के तहत मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी डॉ.आरके निरंजन, पशु कल्याण अधिकारी डॉ. शिल्पा सिंह, राजस्व निरीक्षक दिनेश कुमार, प्रवर्तन दल के सदस्यों में सूबेदार सत्यवीर, सूबेदार रामेन्द्र, हवलदार मनोज, जितेन्द्र, राज नारायण व कैटिल कैचिंग वाहन मय दस्ते के साथ मौजूद रहा।

## सिटी ब्रीफ

### आज इन इलाकों में कटेगी बिजली

**कानपुर।** तिलक नगर, लाइट हाउस, तिकोनिया पार्क, पनकी थाना, सुंदर नगर, नवशीलधाम, न्यू आजाद नगर और नगर मार्केट में शुक्रवार सुबह 10 बजे से दोपहर साढ़े तीन बजे तक, किदवई नगर, साकेत नगर, विराट नगर, नौबस्ता व आसपास क्षेत्र में बिजली दोपहर 12 बजे से शाम को चार बजे तक नहीं रहेगी। इसके अलावा रतनलाल नगर में सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक व गुजैनी क्षेत्र में सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक बिजली नहीं रहेगी।

### चार जगह पकड़ी गई बिजली की चोरी

**कानपुर।** केस्को की विजिलेंस टीम ने गुरुवार को चार जगह बिजली चोरी पकड़ी। केस्को मीडिया प्रभारी देवेंद्र वर्मा के मुताबिक अनवरगंज फूलवाली गली के मो.वसीक, खुर्शीद, आफिया व नुसरत हुसैन के खिलाफ टीम ने बिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। साथ ही आसपास के लोगों को बिजली चोरी न करने के लिए जागरूक किया।


परमठ में मां भगवती का श्रृंगार किया गया। अमृत विचार

# आदिशक्ति की आराधना के साथ साधना शुरू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नवरात्र के पहले दिन गुरुवार को भक्तों ने कलश स्थापना कर देवी मां का आह्वान किया। शाम को शहर के मंदिरों में भक्तों की भीड़ रही। दर्शनार्थियों ने माता रानी के समक्ष मान्यता पूरी होने की प्रार्थना की। उधर शाम को मंदिरों में विशेष आयोजन भी हुए। इनमें जंगली देवी मंदिर और गोविंद नगर दुर्गा मंदिर में हुए आयोजनों में भजनों पर भक्तों ने नृत्य किया।

नवरात्र के पहले दिन सुबह से ही पर्व की तैयारी शुरू हो गई। घरों में विधानपूर्वक पूजन हुए। कलश स्थापना के साथ ही नवरात्र के व्रत शुरू हुए। शाम को भक्त शहर के देवी मंदिरों में दर्शन करने पहुंचे। तपेश्वरी मंदिर, जंगलीदेवी मंदिर, बारादेवी मंदिर, चंद्रिका देवी मंदिर, अशोक नगर दुर्गा मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भक्तों की भीड़ रही। बारादेवी मंदिर में भक्तों की ओर से नारियल चढ़ाकर प्रार्थना की गई।


तपेश्वरी मंदिर में मां की आराधना के लिए जुटी भीड़। अमृत विचार


मंदिर में मां के नाम की ज्योति जलाई गई। अमृत विचार

इसी तरह तपेश्वरी देवी में भक्तों ने अखंड ज्योति प्रज्वलित की। यहां पर भक्तों ने मातारानी के नीर को ग्रहण कर वर्षभर संकट हरने की प्रार्थना की। इसी तरह बारादेवी मंदिर में भक्तों ने दर्शन करने के साथ ही यहां पर लगी दुकानों से खरीदारी भी की7 गोविंद नगर दुर्गा मंदिर में भक्तों की ओर से दर्शन करने के साथ ही यहां पर आयोजित भजनों संध्या में भी हिस्सा लिया। उधर जंगलीदेवी मंदिर में भी भक्तों की ओर से पान व लौंग चढ़ाकर नवरात्र के पहले दिन माता रानी से प्रार्थना की। देर रात तक मंदिरों मे भक्त दर्शन के लिए पहुंचते रहे।

**काली मंदिरों में विशेष पूजनः** नवरात्र के पहले दिन शहर के काली मंदिरों में भी विशेष पूजन हुआ। पर्व की शुरुआत मातारानी को गुड़हल की माला पहनाकर हुई। काली मंदिर बंगाली मोहाल में शाम को विशेष आरती हुई। इस आरती के दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में भक्त माहौल रहे। इसी तरह चकेरी स्थित काली बाड़ी मंदिर में भी भक्तों की ओर से मातारानी पर पान, जायफल सहित अन्य विशेष सामग्रियों का प्रसाद अर्पित किया। उधर काली मंदिर शास्त्री नगर में भक्तों ने नवरात्र की मान्यता के चलते अर्जियां लगाई। स्वरूप नगर काली मंदिर में भक्तों ने काली मां पर पान चढाकर पर्व की शुरुआत की।

भारतीय नववर्ष पर श्रीमद्भगवद्गीता वैदिक न्यास की ओर से शहर में निकाली गईं भव्य गीता संदेश यात्राएं

# सांस्कृतिक महोत्सव में भजन संध्या की धूम


जेके मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में नृत्य प्रस्तुत करतीं युवतियां। अमृत विचार


दीप प्रज्ज्वलित करने के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जेके मंदिर परिसर में आयोजित सांस्कृतिक महोत्सव में उमड़ी भारी भीड़, दिखा उत्साह
- 'सुरभित शीतल मंद मलय हो, नव वर्ष शुभ मंगलमय हो' के साथ गूंजा शांति व एकता का संदेश

**अमृत विचार।** भारतीय नववर्ष (विक्रम संवत 2083) के अवसर पर श्रीमद्भगवद्गीता वैदिक न्यास के तत्वावधान में गुरुवार को शहर में भव्य गीता संदेश यात्राएं निकाली गईं। यात्राओं के माध्यम से लोगों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए नित्य गीता स्वाध्याय करने का संदेश दिया गया। शहर के विभिन्न क्षेत्रों से निकली यात्राओं का समागम कमला नगर स्थित जेके मंदिर में हुआ, जहां सांस्कृतिक महोत्सव और भजन संध्या का आयोजन किया गया।

यात्राओं में शामिल श्रद्धालुओं ने "सुरभित शीतल मंद मलय हो, नव वर्ष शुभ मंगलमय हो" का संदेश देते हुए भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। शहर के करीब 18 स्थानों से शाम चार बजे यात्राएं शुरू हुईं और विभिन्न मार्गों से होते हुए जेके मंदिर पहुंचीं। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर यात्राओं का स्वागत किया। जेके मंदिर में आयोजित सांस्कृतिक महोत्सव में नृत्य प्रस्तुतियों और संगीत कार्यक्रमों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

प्रसिद्ध भजन गायक प्रदीप श्रीवास्तव ने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कानपुर प्रांत के प्रांत संघचालक भवानी भीख तिवारी ने की। मुख्य वक्ता पुरुषोत्तमदास जी महाराज (अयोध्या धाम) ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता विश्व को एकता और शांति का संदेश देने वाला वैश्विक ग्रंथ है। वर्तमान परिस्थितियों में मानवता को युद्ध की विभीषिका से उबारने में गीता का मार्गदर्शन अत्यंत महत्वपूर्ण है।

मुख्य अतिथि रोटरी गवर्नर जसवीर सिंह भाटिया ने कहा कि युवाओं को अपने जीवन में भारतीय संस्कारों को अपनाते हुए गीता के आदर्शों को व्यवहार में उतारना चाहिए। वहीं न्यास के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ. उमेश पालीवाल ने भारतीय नवसंवत्सर की वैज्ञानिकता और प्राचीन परंपरा पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से सनातन संस्कृति को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रोचना विश्नोई व प्रतीक त्रिवेदी ने किया, जबकि आभार मुकेश पालीवाल ने व्यक्त किया।

### आरती के साथ हुआ समापन

- इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजसेवियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का समापन श्रीमद्भगवद्गीता की आरती के साथ हुआ। इस दौरान कार्यक्रम में अरुण पुरी, राजीव महाना, सिमरन कौर, अवधबिहारी मिश्र, गुलशन धूपर, अमरनाथ, प्रेमचन्द्र सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## काली मठिया में अस्थाई यूरिनल

**कानपुर।** नवरात्रि पर गुरुवार को नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय ने गुरुवार को शास्त्री नगर स्थित काली मठिया मंदिर का निरीक्षण किया। नगर आयुक्त ने निर्देश दिए कि चौराहे से मंदिर प्रवेश द्वार व जवाहर स्कूल से मंदिर प्रवेश द्वार पर बैरीकेट किया जाए, जिससे दोपहिया वाहन प्रवेश न कर सकें। मंदिर परिसर के बाहर श्रद्धालुओं के लिए अस्थायी शौचालय व यूरिनल लगाया जाए।

मंदिर परिसर के बाहर खंभे व चौराहे पर होर्डिंग्स को हटाया जाए। मंदिर परिसर में कई जगहों पर ऊंची-नीची व अव्यवस्थित इंटरलॉकिंग टाइल्स को सही किया जाए। तीन पालियों में 15 सफाई कर्मचारी तैनाती, मंदिर के महंत व पदाधिकारियों से निरंतर संपर्क बनाने रखने व आरओ लगाये जाने के लिए जगह चिन्हित किया जाए। वहीं, मंदिर के पास बारातशाला की स्थिति अत्यन्त खराब मिली। जगह-जगह प्लास्टर उखड़ा, टाइल्स टूटे व शौचालय व यूरिनल खराब मिले। यहां क्षेत्रीय नागरिकों की मांग पर नगर आयुक्त ने सहायका अभियंता को निर्देश दिया कि तत्काल इसके रेनोवेट (पुर्नोद्वार) के लिए एक कार्य योजना प्रस्तुत की जाए, जिसमें क्षतिग्रस्त शौचालय की मरम्मत, टाइल्स का कार्य व अन्य कार्य के साथ वार्ड कार्यालय के लिए एक अलग से कमरा बनाया जाए।


गुरुवार को एंबुलेंस की शुरुआत की गई। अमृत विचार

## आंख की जांच के लिए गांव पहुंचेगी एंबुलेंस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** स्वरूप नगर स्थित एक होटल में गुरुवार को राउंड टेबल इंडिया के सहयोग से आई लेसिक हाउस व सर्व समन्वय फाउंडेशन ने मोबाइल एंबुलेंस वैन की शुरुआत की, जिसका उद्देश्य नेत्र स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाना, ग्रामीण व वंचित समुदायों स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है।

एंबुलेंस वैन का उद्घाटन सहायक आयकर आयुक्त गीता टंडन कपूर ने किया। कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को समय पर नेत्र जांच और उपचार की सुविधा नहीं मिल पाती, जिससे छोटी समस्याएं भी गंभीर रूप ले लेती हैं। यह एम्बुलेंस वैन गांवों में जाकर लोगों को नेत्र जांच, परामर्श व उपचार उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। आई लेसिक हाउस की डायरेक्टर डॉ. उमा अग्रवाल ने बताया कि एम्बुलेंस वैन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों, स्कूलों व सामुदायिक स्थलों पर निःशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाए जाएंगे। सर्व समन्वय फाउंडेशन के को-फाउंडर एवं एडवाइजर डॉ.आशुतोष मिश्रा, राउंड टेबल इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष रचित बंसल, सिद्धार्थ खेतान, क्षेत्रीय अध्यक्ष निखिल अग्रवाल, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष विपुल भुतादा, सुयस मेहरोत्रा, निकिता अस्थाना, समन्वय फाउंडेशन के प्रबंधक दीपक कुमार व आई लेसिक हाउस के प्रबंधक आशीष अवस्थी आदि लोग रहे।

# बृजेंद्र स्वरूप पार्क में ऊर्जा, एकता एवं भाईचारे का अद्भुत संगम दिखा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** 22 मार्च को निरंकारी संत समागम का आयोजन निराला नगर ग्राउंड पर होना है, जिसकी तैयारियां युद्धस्तर पर चल रही हैं। पूरे प्रदेश से आए निरंकारी युवाओं ने ग्राउंड पर निरंकारी युवाओं ने अपनी कला एवं खेल के माध्यम से लोगों को जीने की कला सिखाई। यह भी पैगाम दिया गया कि अकेले तो हर कोई जी लेता है, सभी को साथ लेकर जीने से संसार सुंदर बनता है।

शहर के बृजेंद्र स्वरूप पार्क स्थित द स्पोर्ट्स हब में गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में पूरे उत्तर प्रदेश से 15 से 45 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर उपस्थित युवाओं को आशीर्वाद देते हुए सत्गुरु माता जी ने कहा कि "इस निरंकार प्रभु ने हमें यह तन बख्शा है, इसलिए हमारा शरीर स्वस्थ रहे, मन स्वस्थ रहे और हम प्रदूषण से दूर रहें। खेलों के माध्यम से टीम स्पिरिट देखने को मिलती है। अकेले तो हर कोई जी लेता है, लेकिन सभी को साथ लेकर जीने से ही संसार सुंदर बनता है।

उन्होंने कहा कि सभी का उत्साह ऐसे ही बना रहे और अपने जीवन को भक्ति से महकाएं। इस कार्यक्रम में ऊर्जा, एकता एवं भाईचारे का अद्भुत संगम देखने को मिला। निरंकारी यूथ सिम्पोजियम युवा वर्ग को आध्यात्मिक जागरूकता, निःस्वार्थ सेवा, शारीरिक सुदृढ़ता एवं सांस्कृतिक समृद्धि के संतुलित मार्ग पर प्रेरित किया गया। संत निरंकारी मिशन द्वारा सर्वप्रथम सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज द्वारा मिशन का ध्वज फहराकर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।


बच्चों ने दिखाया कला कौशल।


सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज।

- सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के मिशन का ध्वज फहराया गया
- निराला नगर के रेलवे ग्राउंड पर 22 मार्च को होगा भव्य निरंकारी संत समागम

कार्यक्रम के जिम्मेदारों ने बताया कि सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता जी के दिव्य आशीर्वाद से निरंकारी यूथ फोरम युवाओं को एक सशक्त मंच प्रदान करता है, जहां वे अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाते हुए विनम्रता, अनुशासन, एकता एवं करुणा जैसे जीवन मूल्यों को आत्मसात करते हैं।

**समग्र विकास का माध्यम हैं खेल :** निरंकारी यूथ फोरम की एक विशेषता खेलों को समग्र विकास का माध्यम मानना है। क्रिकेट, फुटबॉल एवं एथलेटिक्स जैसी खेल गतिविधियां न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करती हैं, बल्कि टीम भावना, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन एवं सच्चे खेलभाव जैसे महत्वपूर्ण गुणों का भी विकास करती हैं, जिससे आपभाईचारे एवं एकता की भावना को बल मिलता है। फोरम द्वारा सांस्कृतिक एवं स्थानीय विरासत से जुड़े कार्यक्रमों को भी प्रोत्साहित किया जाता है जिनमें संगीत, नाटक, कला एवं पारंपरिक प्रस्तुतियों के माध्यम से युवा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हैं। ये प्रयास स्थानीय संस्कृति एवं इतिहास के संरक्षण एवं संवर्धन में सहायक होते हैं तथा युवाओं को अपनी जड़ों से जोड़े रखते हैं। इन सभी प्रयासों के माध्यम से ये संदेश देता है कि वास्तविक विकास शरीर, मन एवं आत्मा के समन्वित विकास के साथ-साथ अपनी सांस्कृतिक विरासत के प्रति गहरी समझ एवं सम्मान में निहित है।

## प्रधान ने पति की फर्म और खुद के खाते में डलवाए चार लाख

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बिधनू ब्लॉक के कड़ी चम्पतपुर में विकास कार्यों के नाम पर करीब चार लाख रुपये का भुगतान ग्राम प्रधान के पति की फर्म और खुद प्रधान के खाते में कर दिया गया। जिलाधिकारी की जांच में अनियमितताएं उजागर होने के बाद तीन पंचायत सचिवों को भी नोटिस जारी किया गया है।

गांव के नित्यानंद ने प्रधान सपना चतुर्वेदी के खिलाफ डीएम से शिकायत की थी। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी पवन कुमार और आरईएस के एक्सईएन अनिल पांडेय ने जांच में वर्ष 2021 से 2025 के बीच कराए गए कार्यों की पड़ताल की। हैंडपंप रिबोर, निर्माण कार्य, सफाई और मेंटीनेंस जैसे कई कार्यों को सिर्फ कागजों पर पूरा दिखाया गया।

## शोभायात्रा में बरसे फूल, गूंजे जयकारे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सजीव झांकियों ने भक्तों का मन मोह लिया, आरती भी हुई

**अमृत विचार।** नव वर्ष पर गुरुवार को शोभायात्रा गुबा गार्डेन से होते हुए आशादेवी मंदिर पहुंची। रास्ते में आरती कर स्वागत किया गया। झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। फूलो की बारिश की गई।

क्रॉसिंग से शुरू हुई शोभा यात्रा में राम दरबार, कृष्ण दरबार, रानी लक्ष्मीबाई, विक्रमादित्य, राणा सांगा, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी और मां दुर्गा की सजीव झांकियां भव्यता प्रदान कर रहीं थी। ढोल-नगाड़ों और जयघोष के बीच आगे बढ़ रही यात्रा पर जगह-जगह लोगों ने छतों से पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया।

कार्यक्रम के दौरान नवरात्रि के शुभारंभ, प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव, संत झूलेलाल के अवतरण, आर्य समाज की स्थापना और संघ संस्थापक डॉ. हेडगेवार के जन्मदिवस समेत विक्रम संवत 2083 चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के महत्व पर प्रकाश डाला गया। अध्यक्षता कर रहे ललित मिश्रा और अशोक सिंह ने नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए विक्रम संवत के ऐतिहासिक महत्व को बताया। शोभा यात्रा का समापन सीता तपोस्थली आशा देवी माता मंदिर में हुआ। आयोजन में समीर दीक्षित, मनोज यादव, गौरव त्रिवेदी, गोपाल द्विवेदी, विनीत द्विवेदी, राहुल मिश्रा, अनुज मिश्रा सहित अन्य मौजूद रहे।

आरती से स्वागत | कानपुर स्कूल्स वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से आयोजन, सूर्य स्तुति के साथ कत्थक एवं भरतनाट्यम की जुगलबंदी

# गंगा के अटल घाट पर दिखी भारतीय संस्कृति की झलक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भारतीय नव वर्ष की सुबह पहली सूर्य की पहली किरण का स्वागत आरती से हुआ। अटल घाट पर हुए आयोजन के जरिए भारतीय संस्कृति की झलक प्रस्तुत की गई। आयोजन के दौरान युवाओं को भारतीय नववर्ष का महत्व भी बताया गया।

भारतीय नव वर्ष स्वागत समारोह एवं पारिवारिक समागम का आयोजन भव्यता के साथ शुरू हुआ। आयोजन में ध्रुपद गायक पंडित विनोद कुमार द्विवेदी एवं आयुष द्विवेदी, वाराणसी से आये मृदंग एवं सारंगी वादक गुरु तथा उनके 108 ध्रुपद गायक शिष्यों, सुचारिता खन्ना एवं उनके कत्थक तथा भरतनाट्यम के 60 शिष्यों, सारंगी वादक सिकंदर खान एवं उनके साथियों, संगीत गुरु दीपक राजपूत के साथ नासिक से आए ढोल के सदस्यों, सुधांशु आश्रम एवं नारायण सेवा आश्रम से आए बटुकों को प्रशस्ति पत्र एवं अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया।


अटल घाट पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी और डॉ.संजय कपूर। अमृत विचार

इस दौरान संस्था के संरक्षक डॉ संजय कपूर द्वारा मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी व कर्नाटक से आई डॉ पद्मजा का तिलक लगाकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि अवनीश अवस्थी ने अटल घाट पर उपस्थित लोगों को भारतीय नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। प्रसिद्ध शहनाई वादक सिकंदर खान ने राग भैरवी से भारतीय नव वर्ष का स्वागत किया। सूर्य के दर्शन के साथ रंगों वाली आतिशबाजी के अद्भुत दृश्य का सभी आगंतुकों ने आनन्द लिया। प्राचीन, पवित्र एवं प्रकृति के शांत वातावरण के साथ सबसे अधिक सामंजस्य की शैली ध्रुपदनाट्यम का आयोजन हुआ। जिसमें गणेश वंदना, शिव स्तुति, सूर्य स्तुति के साथ कत्थक एवं भरतनाट्यम की जुगलबंदी हुई।

नासिक से आए ढ़ोल एवं अन्य वाद्ययंत्रों तथा गंगा की धारा के मध्य नाव से कलर ब्लास्ट व तोपों से फूलों की वर्षा करते हुए भारतीय नववर्ष का स्वागत किया गया। शंखनाद के साथ भगवान भास्कर को जल अर्पण किया। इसके बाद सुधांशु आश्रम तथा नारायण सेवा आश्रम के बटुकों द्वारा मंत्रोच्चारण से सूर्य की आराधना हुई। इसी तरह आचार्य पंडित कालीचरण दीक्षित के नेतृत्व में मां गंगा की आरती हुई। कार्यक्रम में अजीत अग्रवाल, संस्था के महामंत्री कृष्ण कुमार दुबे, कोषाध्यक्ष प्रतीक श्रीवास्तव, महंत कृष्ण दास, सिद्धनाथ आश्रम के महंत बालयोगी अरूण पुरी महाराज, ज्योतिषाचार्य केए दुबे ''''पदमेश'''', ज्योतिषाचार्य रमेश चिंतक, गणेश शंकर तिवारी सहित अन्य मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### आईटीआई में प्रशिक्षण के लिए आवेदन करें

**कानपुर।** आईटीआई पाण्डुनगर में असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन तथा कैपिटल गुड्स सेक्टर में फिटर-फैब्रिकेशन जॉब रोल के अंतर्गत 390 घंटे के नि:शुल्क प्रशिक्षण के लिए आवेदन कर सकते हैं। हाईस्कूल उत्तीर्ण अभ्यर्थी समस्त शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, जाति प्रमाण-पत्र एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ किसी भी कार्यदिवस में संस्थान स्थित कौशल विकास मिशन कार्यालय में उपस्थित होकर ऑफलाइन एवं ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### सीएसजेएमयू में हुई कलाकृति कार्यशाला

**कानपुर।** सीएसजेएमयू में 'धरोहर' के तहत 'कलाकृति' नामक धरोहर कला कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसका उद्देश्य व्यावहारिक अनुभवों के माध्यम से भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जीवंत बनाना और छात्रों को भारतीय परंपरा की जानकारी देना रहा। विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ क्रिएटिव्स एंड परफॉर्मिंग आर्ट्स में छात्र-छात्राओं को मास्टर कारीगरों से सीखने का अवसर मिला।

### विवि में जिमनेजियम की हुई शुरुआत

**कानपुर।** सीएसजेएमयू के शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग द्वारा नव-निर्मित जिमनेजियम का उद्घाटन हुआ। कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि आधुनिक खेल सुविधाएँ विद्यार्थियों को स्वस्थ, अनुशासित एवं प्रतिस्पर्धात्मक बनने में सहायक होंगी। कार्यक्रम में वित्त अधिकारी अशोक कुमार त्रिपाठी, कुलसचिव राकेश कुमार मिश्रा, वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्या डॉ. वंदना पाठक तथा डीएसडब्ल्यू प्रो. अंशु यादव विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

### मानसिक तनाव में आत्महत्या की

**कानपुर।** काकादेव में 45 वर्षीय शेर सिंह ने मानसिक तनाव में फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। काकादेव थाना प्रभारी ने बताया कि विजय नगर निवासी शेर सिंह की बीते तीन माह पहले नौकरी छूट गई थी। जिसके बाद से नौकरी नहीं मिलने के कारण वह नशे के लती हो गए। जिस कारण वह मानसिक तनाव में रहने लगे। बुधवार रात को उन्होंने फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली।

### भाई से कहासुनी के बाद खुदकुशी की

**कानपुर।** चकेरी के श्याम नगर स्थित भगवंत टटिया निवासी अखिलेश यादव (35) ने भाई से विवाद के बाद फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। अखिलेश रामादेवी स्थित गैस एजेंसी में डिलीवरी मैन थे। परिवार में पत्नी अंजू और दो बच्चे मिष्ठी और लड्डू है। परिजनों ने बताया कि अखिलेश नशे के लती था, जिससे अक्सर घर में विवाद होता था। बुधवार रात को वह नशे की हालत में घर पहुंचे तो भाई राजन से कहासुनी हो गई। जिसके बाद उन्होंने अपने कमरे में फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली।

### पत्नी के मायके से नहीं आई तो दे दी जान

**कानपुर।** गुजैनी के मेहरबान सिंह का पुरवा निवासी शुभम पाठक (30) ने पत्नी के मायके से नहीं लौटने पर फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। शुभम दादा नगर फैक्ट्री में काम करता था। पत्नी साधना और दो बेटियां है। कुछ दिन पहले पत्नी बच्चों को लेकर मायके चली गई थी, तब से वापस नहीं लौटी। शुभम मानसिक तनाव में था। गुरुवार सुबह काफी देर तक नहीं उठा तो परिजन बुलाने गए। कोई जवाब नहीं मिलने पर पड़ोसी के घर से पहुंचे तो उनका शव फंदे से लटकता मिला।

# नहीं हुआ चांद का दीदार, कल मनेगी ईद

## चांद की तस्दीक को लेकर रहा ऊहापोह, आज दुबारा अदा की जाएगी अलविदा जुमा की नमाज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गुरुवार को रोजा इफ्तार के बाद लाखों लोगों की निगाहें आसमान की तरफ उठ गई, लेकिन चांद के दीदार कहीं नहीं हुए। देर शाम अंधेरा होने तक लोग आसमान में इधर-उधर चांद देखने के लिए बेताब रहे। दूरबीन से भी चांद नजर नहीं आया। चांद की तस्दीक नहीं होने से अब यह तय हो गया है कि जुमा को अलविदा की दुबारा नमाज होगी और शनिवार को नमाज के साथ ईद-उल-फितर का त्योहार मनाया जाएगा।

गुरुवार को देर रात तक रुअते हिलाल कमेटी की टीम चांद की तस्दीक के लिए प्रयासरत रही लेकिन कहीं से चांद देखे जाने की इत्तेला नहीं मिली जिससे ये मान लिया गया कि कहीं भी चांद दिखाई नहीं दिया है। पिछले जुमा को अलविदा की नमाज इसलिए अदा की गई थी कहीं जुमा को ईद नहीं हो जाए लेकिन अब 20 मार्च यानी कल जुमा को दूसरी बार अलविदा की नमाज फिर अदा की जाएगी। शनिवार को ईद की नमाज के लिए ईदगाहों एवं मस्जिदों में नमाज की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।


मस्जिद में रोजा इफ्तार करते रोजेदार। अमृत विचार


दूरबीन से भी नजर नहीं आया चांद। अमृत विचार

### बड़ी ईदगाह में पहली नमाज सुबह 8 बजे और दूसरी 9.30 बजे

- शनिवार को शहर की ईदगाहों एवं मस्जिदों में ईद-उल-फितर की नमाज अदा की जाएगी। बकरमंडी स्थित बड़ी ईदगाह में दो बार नमाज पढ़ी जाएगी। पहली नमाज सुबह 8 बजे हाफिज व कारी सुब्हान इलाही एवं दूसरी नमाज सुबह 9.30 बजे हाफिज व कारी अकरम इलाही अदा कराएंगे। इसी प्रकार बगाही ईदगाह में सुबह 7.30 बजे, ईदगाह गदिदयाना एवं ईदगाह उसमानपुर में सुबह 8.30 बजे नमाज अदा की जाएगी। मस्जिद अंजुमन गौसिया किदवई नगर में दो बार नमाज होगी, पहली नमाज सुबह 7.30 बजे एवं दूसरी नमाज सुबह 8 बजे होगी। मस्जिद जूही लाल कालोनी सुबह 8.30 बजे, जामा मस्जिद शफियाबाद में पहली नमाज सुबह 8 बजे एवं दूसरी नमाज सुबह 8.45 बजे होगी। मस्जिद नूर विजय नगर, रजा मस्जिद फेथफुलगंज, मस्जिद सईदाबाद में सुबह 9 बजे नमाज होगी।

### शिया मस्जिदों में काली पट्टी बांधकर पढ़ेंगे नमाज

- ईरान के सुप्रीम आयतुल्लाह अली खामेनाई की शहादत के गम में शिया समुदाय के लोग बाजुओं पर काली पट्टी बांधकर नमाज पढ़ेंगे। बड़ी करबला नवाबगंज में सुबह 10.30 बजे नमाज होगी जबकि शिया जुमा जामा मस्जिद ग्वालटोली में पहली नमाज सुबह 8 बजे होगी। दूसरी नमाज सुबह 11 बजे अदा की जाएगी। मस्जिद कुरसुवा पटकापुर, मस्जिद अहलेबैत बेकन गंज, मरकजी अजाखाना जैनुल आबिदीन रामादेवी में सुबह 8 बजे, मकतब-ए इमामिया अजीतगंज में सुबह 8.30 बजे नमाज होगी। अन्य शिया मस्जिदों में नमाज पढ़ी जाएगी।

### मस्जिदों में तरावीह की नमाज मुकम्मल

- शहर की लगभग 500 मस्जिदों में तरावीह की नमाज मुकम्मल हो गयी। गुरुवार को मस्जिदों में आखिरी बार तरावीह की नमाज अदा की गई। मस्जिदों में कुरआन पाक मुकम्मल होने की खुशी में मस्जिदों को खूबसूरत रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया और कई मस्जिदों में मिष्ठान वितरण हुआ। दरअसल रमजान में एक कुरआन सुनना अनिवार्य है, पूरे रमजान तरावीह पढ़ने का हुक्म है लेकिन तमाम लोग 6 दिन, 10 दिन, 15 दिन में पूरा कुरआन सुनने के बाद तरावीह से दूर हो जाते हैं, जो सही नहीं है। हालांकि मस्जिदों में पूरे रमजान तरावीह होती है।

# ईद की खरीदारी को भीड़ बेकनगंज बाजार में जाम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- यतीमखाना से हलीम चौराहे तक रास्ते ब्लॉक, वाहनों पर लगी रोक

**अमृत विचार।** ईद-उल-फितर की खरीदारी के लिए शहर की बाजारों में लाखों की भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे यतीमखाना, तलाक महल, पानी की टंकी बेकनगंज, रूपम चौराहा समेत कई बाजारों में ई रिक्शों व अन्य दो पहिया चार पहिया वाहनों की इंट्री पर रोक लगा दी गई है।

बेकनगंज बाजार समेत शहर की बाजारों में अब रेडीमेड कपड़ों, जींस, टी शर्ट, पैंट व अन्य सामानों की बाजारों पर भारी भीड़ लगी है, इसी प्रकार टोपी, कुर्ता, पायजामा, चूड़ी, खोया, सिंवई, ड्राईफूड, कप प्याली आदि की दुकानों पर मारामारी की नौबत है। स्थिति ये है कि गलियों में हजारों की संख्या में दुकानें सजी हैं।

कागजी मोहाल, बजरिया, मीना मन शिवाला, छोटे मियां हाता, गम्मू खां हाता, चूड़ी वाली मस्जिद के बपास चमनगंज, मोहम्मद अली पार्क, जामा मस्जिद शफियाबाद के आलावा रेलबाजार, सुजातगंज, बाबूपुरवा, बेगमपुरवा की तंग गलियों में भी दुकानें सजी हैं।

**अफगानी, पाकिस्तानी, भूटानी टोपी की बहार:** ईद की बाजार में टोपी लेने के लिए दुकानों पर लाखों लोग टूटे हुए हैं। सबसे ज्यादा अफगानी, पाकिस्तानी, भूटानी, बांग्लादेशी टोपियां लोगों की पसंद बनी हुई हैं। बेकनगंज स्थित पानी की टंकी पर टोपी दुकानदार असद बताते हैं कि अफगानी टोपी सादी है जो 150 रुपये की बिक रही है जबकि पाकिस्तानी टोपी कढ़ाईदार है और ये टोपी 120 रुपये की बिक रही है लेकिन इस टोपी की विशेषता ये है कि टोपी गर्मी में धूप से भी बचाती है। इसी प्रकार रामपुरी, बांगलादेशी, भूटानी समेत कई देशों की टोपियां पसंद की जा रही हैं। बरेली की टोपी भी पसंद की जा रही है।

### मेहंदी लगवाने के लिए लगी रही लंबी लाइन

- बेकनंगज, नवीन मार्केट समेत कई स्थानों पर मेहंदी लगाने के लिए लड़कियां कोन लेकर बैठ गई हैं। एक हाथ में मेहंदी की लगवाई सौ रुपये ले रही हैं। यहां मेहंदी लगवाने के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं, लड़कियां लाइन लगाए रहीं।

# कांग्रेस ने सफाई पर उठाए सवाल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** लाखों लोग ईद की खरीदारी और मंदिरों में जाने के लिए सड़कों पर हैं, लेकिन अधिकारी गंभीर नहीं हैं। नशहर में जगह-जगह कूड़े के ढेर, नालियां बजबजा रही हैं लेकिन अधिकारी जनप्रतिनिधियों का फोन नहीं उठा रहे हैं।


तिलक हाल में बैठक करते कांग्रेसी। अमृत विचार

गुरुवार को कानपुर महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष पवन गुप्ता की अध्यक्षता में तिलक हाल में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं की महत्वपूर्ण बैठक हुई। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि घनी आबादी में दोपहर तक कूड़ा नहीं उठता है। कूड़ाघर गंदगी से बजबजा रहे हैं जिनके दुर्गंध से एक किमी तक लोगों का जीना दूभर है। महानगर अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि ये सारी अव्यवस्था नगर निगम की लापरवाही का नतीजा है। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि एक ओर जहां पूरा शहर धार्मिक आस्था और उल्लास के वातावरण में त्योहारों की तैयारी कर रहा है, वहीं दूसरी ओर नगर निगम की घोर उदासीनता के चलते आमजन गंदगी और दुर्व्यवस्था से जूझने को मजबूर है। शहर के प्रमुख चौराहों, बाजारों और मोहल्लों में कूड़े के ढेर लगे हुए हैं, जिससे न केवल वातावरण दूषित हो रहा है बल्कि संक्रामक बीमारियों के फैलने का भी खतरा बढ़ गया है।

उन्होंने कहा कि कई बार जिलाधिकारी एवं नगर आयुक्त को इस गंभीर समस्या से अवगत कराने का प्रयास किया गया लेकिन अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि जिम्मेदार अधिकारी फोन तक उठाना उचित नहीं समझते। यह प्रशासनिक उदासीनता और जनता के प्रति असंवेदनशीलता को दर्शाता है, जिसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चेतावनी दी गई कि यदि शीघ्र ही सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया, तो कानपुर महानगर कांग्रेस जनता के साथ सड़कों पर उतरकर व्यापक आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी, इस मौके पर धर्मेंद्र सिंह, अमरेंद्र प्रताप सिंह, राजेश द्विवेदी, शंकर दत्त मिश्रा, पदम मोहन मिश्रा, इकबाल अहमद, रितेश यादव, अरुण गुप्ता, अकील अहमद, अमिताभ दत्त मिश्रा, बृजभान राय, राम प्रकाश तिवारी आदि थे।

## सीएसजेएमयू में होगी अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी

**कानपुर।** सीएसजेएमयू में 11 व 12 अप्रैल को पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन होने जा रहा है। संगोष्ठी का विषय 'उदंत मार्तंड से एआई युग तक : दो शताब्दियों का महासंवाद' है।

कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के पोस्टर का गुरुवार को विमोचन किया। कहा कि आज हम सूचना के उस युग में हैं जहाँ तकनीक हर पल बदल रही है। यह संगोष्ठी न केवल हिंदी पत्रकारिता के 2 सौ वर्षों के संघर्ष और सफलता की कहानी कहेगी, बल्कि एआई के दौर में मानवीय संवेदनाओं और पत्रकारिता की नैतिकता को बचाने के रास्तों पर भी विचार करेगी। संगोष्ठी संयोजक डॉ. दिवाकर अवस्थी ने जानकारी दी कि अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के माध्यम से हिंदी पत्रकारिता के आयामों पर विमर्श तैयार करना है। शिक्षाविद्, शोधार्थी, और तकनीकी विशेषज्ञ अपनी बात रखेंगे।

# सफलता के लिए रुझान होना जरूरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आईआईटी कानपुर में टेककृति की शुरुआत गुरुवार से हुई। तकनीकी महोत्सव के पहले दिन विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो के महानिदेशक ने युवाओं को सफलता के टिप्स दिए। कहा कि सफलता के लिए रुझान व योजना का होना बेहद जरूरी होता है। इसके साथ ही अनुशासन व्यक्त को अपने लक्ष्य तक पहुंचान के लिए काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

तकनीकी महोत्सव के पहले दिन की शुरुआत ऑडिटोरियम में आयोजित एक औपचारिक उद्घाटन समारोह से हुई। जिसमें विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो के महानिदेशक जीवीजी युगंधर ने युवाओं मुख्य अतिथि के रूप में की। उन्होंने युवाओं के लिए विमानों के महत्व पर प्रकाश डाला। कहा कि प्रौद्योगिकी और परिवहन के भविष्य को आकार देने में विमानन की भूमिका लगातार बढ़ रही है। इस दौरान आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो. मणींद्र अग्रवाल भी मौजूद रहे।


दीप प्रज्ज्वलित कर शुरुआत करते महानिदेशक। अमृत विचार

- विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो के महानिदेशक ने रखे विचार

उन्होंने युवाओं को महोत्सव से सीखने की सीख दी। समारोह में प्रो. प्रतीक सेन, प्रो. शिवम त्रिपाठी व प्रो. दीपु फिलिप भी मौजूद रहे। उधर महोत्सव के दौरान विभिन्न तकनीकी प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। इन प्रतियोगिताओं में देशभर से विभिन्न संस्थानों से आए युवाओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। युवाओं ने इंजीनियरिंग प्रतिभा और व्यावहारिक समस्या-समाधान कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। होवरमेनिया ने होवरक्राफ्ट के डिजाइन और प्रदर्शन पर अपने केंद्रित आयोजन से सभी का ध्यान आकर्षित किया। इसी तरह अटलासियन करियर कैफे ने विद्यार्थियों को करियर मार्गदर्शन और उद्योग जगत से परिचय का अवसर प्रदान किया। ड्रोन-आधारित प्रतियोगिता मल्टीरोटर ने वायुगतिकी और नियंत्रण प्रणालियों के उन्नत सिद्धांतों का प्रदर्शन किया।

# सेना के लिए निर्माण प्रबंध पर कोर्स कराएगा आईआईटी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के मुख्य अभियंता, सेंट्रल कमांड मुख्यालय के साथ निर्माण प्रबंधन में क्षमता निर्माण के लिए समझौता पर हस्ताक्षर किए हैं। इस एमओयू का उद्देश्य अधिकारियों की तकनीकी एवं प्रबंधकीय क्षमताओं को बढ़ाना है। यह सहयोग भारतीय सेना की संस्थागत विकास के लिए शैक्षणिक उत्कृष्टता का लाभ बढ़ाना है। इसके अलावा विकसित हो रही तकनीकी एवं परिचालन आवश्यकताओं के अनुरूप भविष्य के सतत, सुदृढ़ और मिशन-उन्मुख परिचालन अवसंरचना के निर्माण को भी सशक्त करता है।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर के इस पहल के तहत एक विशेष पाठ्यक्रम पर काम होगा। इस महीने के अंत में इसपर काम शुरू हो जाएगा। यह कार्यक्रम गुणवत्ता आश्वासन प्रणालियों, आधुनिक अनुबंध प्रबंधन प्रक्रियाओं तथा प्रभावी विवाद समाधान तंत्रों पर संरचित शिक्षण और व्यावहारिक समझ प्रदान करेगा। जो परिचालन अवसंरचना परियोजनाओं के कुशल क्रियान्वयन के लिए जरूरी हैं।

# कानपुर प्रांत में संघ की 2337 शाखाएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की हरियाणा में अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक से लौटे कानपुर प्रांत के संघचालक भवानी भीख ने बताया कि संघ ने संगठन विस्तार, सज्जन शक्ति को संगठित करने का लक्ष्य तय किया है।

गृह संपर्क अभियान के तहत देशभर में करीब 10 करोड़ घरों और 3.90 लाख गांवों तक संपर्क किया जा चुका है। केरल में 55 हजार से अधिक मुस्लिम और 54 हजार से अधिक ईसाई परिवारों से भी संपर्क किया गया। देश में 36 हजार से अधिक स्थानों पर हिंदू सम्मेलन हुए हैं। कानपुर प्रांत में 673 पथसंचलन निकाले गए, जिनमें 1,00,115 स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में शामिल हुए। 41,398 स्वयंसेवकों ने गृह संपर्क अभियान के तहत 35.16 लाख घरों तक पहुंच बनाई और 2.26 लाख से अधिक पुस्तकों का वितरण किया। प्रांत में 1900 हिंदू सम्मेलन आयोजित हुए, जिनमें पांच लाख से अधिक पुरुष और दो लाख से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि संघ की शाखाओं की संख्या देश में बढ़कर 88,949 हो गई है, जबकि कानपुर प्रांत में भी शाखाएं बढ़कर 2337 हो गई हैं।


जानकारी देते कानपुर प्रांत के संघ चालक भवानी भीख। अमृत विचार

# सीएसजेएमयू में अगले माह से शुरू होंगे प्रवेश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सीएसजेएमयू में अप्रैल महीने से कैंपस एडमीशन शुरू हो जाएंगे। इस बार विश्वविद्यालय की ओर से कई तरह के नए कोर्स भी युवाओं को ऑफर होंगे। इन कोर्स में इमोशनल वेल बींग एंड लाइफ मैनेजमेंट कोर्स युवाओं को अनिवार्य रूप से लेना होगा। खेलों में रुचि रखने वाले युवाओं को मास्टर ऑफ स्पोर्ट्स मैनेजमेंट कोर्स भी विश्वविद्यालय की ओर से ऑफर किया जा रहा है।

नए सत्र में प्रवेश के लिए समर्थ पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा। पंजीकरण के बाद विश्वविद्यालय की ओर से ऑफर किए गए कोर्स को अपनी शैक्षणिक योग्यता के अनुसार सलेक्ट कर सकेंगे। युवाओं को प्रवेश के लिए दौड़भाग नहीं करना होगा। वेबसाइट के माध्यम से ही उन्हें कोर्स से संबंधित सभी नियम व शर्तें प्राप्त हो सकेंगी। स्नातक प्रथम वर्ष के लिए अनिवार्य किए गए इमोशनल वेल बींग एंड लाइफ मैनेजमेंट कोर्स की जरूरत छात्र शैक्षणिक दबाव, समय प्रबंधन की चुनौतियां, प्रतिस्पर्धा, पारिवारिक अपेक्षाएं तथा मानसिक तनाव जैसी समस्याओं का सामना करने वाले युवाओं के लिए महत्वपूर्ण है। विद्यार्थियों में भावनात्मक विकास, तनाव के कारणों एवं प्रभावों को समझाना व प्रबंधन तकनीकों का प्रशिक्षण देना, समय प्रबंधन के कौशल विकसित कर अनुशासन को सुदृढ़ बनाना शामिल होगा।

### मास्टर ऑफ स्पोर्ट्स मैनेजमेंट कोर्स शुरू

- इस बार स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम मास्टर ऑफ स्पोर्ट्स मैनेजमेंट शुरू किया जा रहा है। शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ श्रवण कुमार यादव ने बताया कि यह पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को खेल प्रबंधन, स्पोर्ट्स मार्केटिंग, प्रशासन, वित्तीय प्रबंधन तथा खेल आयोजन प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में विशेष ज्ञान प्रदान करेगा। दो वर्ष की अवधि का यह पाठ्यक्रम पूरी तरह स्नातकोत्तर कार्यक्रम होगा, जिसमें कुल चार सेमेस्टर होंगे। सैद्धांतिक अध्ययन के साथ इंटर्नशिप, शोध और प्रायोगिक प्रशिक्षण भी कराया जाएगा। प्रवेश के लिए मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि अनिवार्य होगी। इसकी वार्षिक फीस 50 हजार रुपये है।

### पंजाबी लिटरेचर, हिस्ट्री व साइकॉलोजी

- नए कोर्स के तहत स्कूल ऑफ लैंग्वेजेज में श्री गुरु तेग बहादुर साहिब सिख शोध पीठ के तहत डिप्लोमा इन गुरु ग्रंथ साहिब स्टडीज व डिप्लोमा इन पंजाबी लिटरेचर शामिल हैं। स्कूल ऑफ आर्ट, ह्यूमैनिटीज एंड सोशल साइंसेज के तहत स्नातक स्तर पर बीए ऑनर्स हिस्ट्री व परास्नातक डिप्लोमा स्तर पर पीजी डिप्लोमा इन एडवांस साइकॉलोजी, डिपार्टमेंट ऑफ फिजिकल एजुकेशन के तहत परास्नातक स्तर पर मास्टर ऑफ स्पोर्ट्स मैनेजमेंट जैसे कोर्स शामिल हैं। स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के तहत परास्नातक स्तर पर एमबीए फाइनेंसियल सर्विसेज, स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में स्नातक स्तर पर बीवोक इन फैशन एंड अपैरल इजिइन कोर्स शुरु होंगे।

## पानी की बचत

पनकी पॉवर प्लांट के लिए बिनगवां में बनाया गया ट्रीटमेंट प्लांट

# शहर में सीवर के पानी से बिजली का उत्पादन शुरू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** देश में पहली बार पनकी पॉवर प्लांट में सीवर के पानी से बिजली का उत्पादन शुरू हो गया है। प्लांट में बिनगवां में स्थापित 40 एमएलडी टर्सरी ट्रीटमेंट प्लांट (टीटीपी) से पानी के लिए 18 किलोमीटर लंबी पाइप लाइन बिछाई गई है। इसके अलावा पनकी पॉवर प्लांट में नहर के पानी का भी उपयोग बिजली बनाने के लिए किया जाएगा। इससे शहर में पानी की कमी भी नहीं होगी और बिजली का भी पर्याप्त उत्पादन होगा।

पनकी में 660 मेगावाट पॉवर प्लांट स्थापित है, यहां बिजली उत्पादन भी हो सके और शहरवासियों को पानी की कोई समस्या भी न हो, इसलिए करीब चार करोड़ लीटर सीवेज का पानी बिनगवां में बने टर्सरी ट्रीटमेंट प्लांट(टीटीपी) से लिया जाएगा। क्योंकि बिजली उत्पादन के लिए पानी का इस्तेमाल कोयले को ठंडा करने के लिए किया जाता है। इसके लिए टीटीपी से पावर प्लांट तक 18 किलोमीटर लंबी पाइप लाइन बिछा दी गई है।


बिनगवां में तैयार हुआ टर्सरी ट्रीटमेंट प्लांट। अमृत विचार

जल निगम (शहरी) ने बिनगवां सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट परिसर में टर्सरी ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण किया है। सिंचाई विभाग की एनओसी मिल गई है। 189 करोड़ से स्वेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने निर्माण पूरा कर लिया है। पनकी पॉवर प्लांट के महाप्रबंधक विजय बहादुर के मुताबिक टीटीपी में सीवेज को शोधित कर उसी तरह का किया जाएगा, जैसा आरओ वॉटर का होता है। सीवर के ट्रीट किए हुए पानी से प्लांट में स्टीम बनेगी और बिजली का उत्पादन होगा। बताया कि बिनगवां टीटीपी से 80 फीसदी पानी लिया जाएगा और 20 फीसदी पानी नहर से लिया जाएगा। औद्योगिक कार्यों में सीवर जल का उपयोग होने से ताजे व मीठे पानी की खपत कम होती है।

### पहले लोअर गंगा केनाल से लिया जाता था पानी

- पनकी पावर हाउस में अभी तक लोअर गंगा केनाल से रोज करोड़ों लीटर पानी लिया जाता था। इसमें इस्तेमाल होने वाले नहर के पानी को बचाने के लिए सीवेज के शोधित पानी के उपयोग का फैसला वर्ष 2018 में लिया गया था। इस प्लांट के निर्माण के लिए धन भी पावर हाउस ने ही दिया है। पुराने पावर हाउस की जगह अब यह आधुनिक प्लांट बन गया है। पनकी पॉवर प्लांट के महाप्रबंधक के मुताबिक बिनगवां टीटीपी द्वारा तृतीयक उपचारित सीवर जल का विद्युत उत्पादन में प्रयोग करने वाली यह देश की पहली परियोजना है, जो कानपुर के लिए एक उपलब्धि है।

## नर्वल में एक हॉस्पिटल सील, दूसरे को नोटिस

**कानपुर।** जिलाधिकारी के निर्देश पर नर्वल तहसील क्षेत्र में अभियान के दौरान बिना रजिस्ट्रेशन चल रहा एक हॉस्पिटल सील कर दिया गया, जबकि दूसरे हॉस्पिटल को नोटिस जारी किया गया है।

नर्वल एसडीएम विवेक मिश्रा के नेतृत्व में मेडिकल ऑफिसर इंचार्ज सीएचसी सरसौल अविनाश यादव एवं महाराजपुर पुलिस ने निरीक्षण कर एक अस्पताल को सील कर दिया, जबकि दूसरे के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। टीम ने नरवल मोड़ के पास स्थित श्रेयांश अस्पताल का निरीक्षण किया, जहां बिना पंजीकरण के मरीजों को भर्ती कर इलाज किए जाने का मामला सामने आया। मौके पर न तो कोई पंजीकरण अभिलेख मिले और न ही डॉक्टर व पैरामेडिकल स्टाफ उपलब्ध था। गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर अस्पताल को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया तथा मेडिकल ऑफिसर इंचार्ज को संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

न्यूज ब्रीफ

## अधेड़ ने तमंचे से गोली मारकर की आत्महत्या

**उन्नाव, अमृत विचार :** बारा सगवर थाना अंतर्गत गढ़ेवा गांव में पारिवारिक विवाद में अधेड़ ने तमंचे से गोली मारकर अपनी जान दे दी। थाना क्षेत्र के गढ़ेवा गांव निवासी रणधीर सिंह (55) पुत्र राम जियावन पारिवारिक विवाद के चलते तनाव में थे। गुरुवार की शाम उन्होंने तमंचे से खुद को गोली मार ली। फायर की आवाज सुनकर पहुंचे परिजन इन्हें खून से लथपथ हालत में जिला अस्पताल लाए जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। ईएमओ ने शव को मोर्चरी में रखवा कर पुलिस को मेमो भेजा है। एसओ ने बताया कि परिजनों ने इसकी सूचना नहीं दी। सीधे उसे जिला अस्पताल ले गए। गांव पहुंच कर जांच कर रहा हूं।

## डंपर पलटने से बचा चालक ने बचाई जान

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर अमृत स्टेशन योजना के तहत चल रहे निर्माण कार्य के दौरान गुरुवार दोपहर एक बड़ा हादसा टल गया। मिट्टी लदा डंपर अचानक धंसने से एक ओर झुक गया और पलटने की स्थिति में पहुंच गया। जानकारी के अनुसार, डंपर चालक गुड्डू मिट्टी लेकर निर्माण स्थल पर पहुंच रहा था। इसी दौरान कच्ची जमीन धंस गई, जिससे डंपर असंतुलित होकर एक तरफ झुकने लगा। खतरा भांपते ही चालक ने तुरंत कूदकर अपनी जान बचा ली। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से डंपर के आसपास की मिट्टी हटाई गई और किसी तरह वाहन को पीछे कर सीधा किया गया। गनीमत रही कि डंपर पलटा नहीं, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

# चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन देवी मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब

## शक्तिपीठों में लगे 'जय माता दी' के जयकारे, शहर से गांवों तक भजनों से गूंज उठे मंदिर

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचारः** चैत्र नवरात्र पर भोर की पहली किरण के साथ जिले के तमाम देवी मंदिर या देवी सर्वभूतेषु व जय माता दी के उद्घोष से गूंज उठे। पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना के लिए मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं घरों में भी वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश स्थापना की गई। गुरुवार तड़के जैसे ही शहर के प्रसिद्ध दुर्गा मंदिर, कल्याणी देवी मंदिर व पूर्णा देवी मंदिर के कपाट खुले तो वहां मौजूद सैकड़ों श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन किए। भक्तों ने कतारबद्ध होकर मां को चुनरी, नारियल, फल व मिष्ठान अर्पित किए। दोपहर में भीड़ इतनी बढ़ गई कि मंदिर परिसरों में लाइनें लग गईं। जहां सुरक्षा व्यवस्था बनाने के लिए मंदिर समितियों के स्वयं सेवक मुस्तैद दिखे।

### शुभ मुहूर्त में हुई घट स्थापना

ज्योतिष के अनुसार, भक्तों ने दो विशेष मुहूर्तों में घरों में कलश स्थापित की। पहला मुहूर्त सुबह 6:52 से 7:43 बजे तक रहा। जिसमें अधिकांश लोगों ने पूजन किया। वहीं, जिन्होंने सुबह स्थापना नहीं की थी उन्होंने दोपहर 11:38 से 12:26 बजे के बीच अभिजित मुहूर्त में कलश रखे।

घरों में भक्तों ने अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित की और विधिविधान से दुर्गा सप्तशती का पाठ किया। लौंग, कपूर व घी से घर-आंगन पवित्र हो उठे। शाम को मंदिरों में भजन-कीर्तन हुए। जिसमें महिलाओं व बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



कल्याणी मंदिर में भक्तों द्वारा लाया गया प्रसाद चढ़ाते सेवादार।



मंदिर में देवी मां के दर्शन करते भक्त। • अमृत विचार

### ढोल-नगाड़ों व जय श्रीराम के उद्घोष के साथ मना हिंदू नव वर्ष

**उन्नाव :** हिंदू नव संवत्सर (विक्रम संवत) व चैत्र नवरात्रि पर हिंदूवादी नेता व नर सेवा-नारायण सेवा संस्थान के संस्थापक विमल द्विवेदी ने में नगर के मुख्य मार्गों पर जनसंपर्क कर लोगों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। इसकी शुरुआत ढोल-नगाड़ों की थाप व जय श्रीराम के उद्घोष से हुई। विमल ने संस्था के पदाधिकारियों के साथ शहर के मुख्य बाजार में व्यापारियों, राहगीरों व आमजन को तिलक लगाकर अभिनंदन किया। भारतीय संस्कृति के सम्मान में उन्होंने सभी को भगवावस्त्र भेंट किए और हिंदू नववर्ष की महत्ता बताते हुए कहा कि चैत्र प्रतिपदा से शुरू होने वाला यह नव संवत्सर हमारी गौरवशाली परंपरा व सनातन संस्कृति का जीवंत प्रतीक है। यह समय आत्म-चिंतन व अपनी जड़ों की ओर लौटने का है। इस दौरान ढोल नगाड़ों की गूंज से वातावरण भक्तिमय बना रहा। इसमें हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी, राकेश राजपूत, एके दीक्षित, राजेश मिश्रा, सुजीत सिंह, धर्मेंद्र शुक्ला, योगेंद्र तिवारी, केतन अवस्थी, राजेन्द्र राजपूत, आलोक शुक्ला, अंशुल सिंह चंदेल आदि मौजूद रहे।



व्यापारियों को अंगवस्त्र पहनाकर बधाई देते विमल द्विवेदी।

### गायत्री शक्तिपीठ में सवा लाख गायत्री महामंत्र जप शुरू

नवरात्रि पर शांतिकुंज हरिद्वार की प्रेरणा से डीएसएन कॉलेज रोड स्थित गायत्री शक्तिपीठ में आध्यात्मिक अनुष्ठानों के प्रथम दिन मां शैलपुत्री के विधि-विधान से पूजन के साथ शक्तिपीठ परिसर भक्ति से सराबोर हो गया। पीठ व्यवस्थापक सिद्धनाथ श्रीवास्तव ने बताया कि नवरात्र में सवा लाख गायत्री महामंत्र के सामूहिक जप का संकल्प लिया गया है। यह जप अनुष्ठान नवमी तक चलेगा। इस जप से साधक विश्व कल्याण व आत्मिक शांति की प्रार्थना कर रहे हैं। पहले दिन 5 कुडीय यज्ञ शुरू हुआ। इसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं व साधकों ने आहुतियां दीं। संचालन अंशिका तिवारी व विमला मिश्रा ने किया। शाम को महिला मंडल द्वारा विशेष भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ। इसमें अंशिका, विमला, नैन्सी, पूनम, माया, संतोषी, मालती, निर्मला, रामादेवी, सुदामा, दीनू, अजय, सुरेश, अशोक राय व कन्हैया आदि मौजूद रहे।

### अभियान चलाकर की गई देवी मंदिरों की सफाई

**फतेहपुर चौरासी:** चैत्र नवरात्र के अवसर पर गुरुवार को एडीओ पंचायत हेमंत कुमार के निर्देश पर ग्राम पंचायत में बने प्रमुख मंदिरों की साफ सफाई की गई। उन्होंने बताया कि नवरात्रि में मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो इसके लिए ग्राम पंचायत में विशेष अभियान चलाने के लिये कई टीम में लगाई गई हैं। जिसमें भुवनेश्वरी माता मंदिर, मनसा रानी माता मंदिर, फूलमती माता मंदिर, पंच पखारी माता मंदिर, कालीमाता मंदिर आदि मंदिरों की सफाई की जा रही है। वहीं ईओ शिवेंद्र वर्मा व चेयरमैन मिथलेश जायसवाल ने फतेहपुर चौरासी के प्रमुख शीतला माता मंदिर में साफ सफाई करवाकर चूना डलवाकर व प्रकाश की व्यवस्था की है।

### शुक्लागंज में सुबह से ही देवी मंदिरों के बाहर लगने लगी थी भक्तों की कतारें

**शुक्लागंज, उन्नाव :** चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन नगर के सभी देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह मंदिरों के पट खुलते ही भक्तों में मां दुर्गा के दर्शन की होड़ मच गई। भोर से ही मंदिरों के बाहर लंबी कतारें लग गईं जो देरशाम तक बनी रहीं। पूरे दिन मंदिर परिसर मां के जयकारों से गूंजते रहे। राजमार्ग स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर में सुबह से भारी भीड़ रही। श्रद्धालु के हाथों में सजी पूजा थाल में नारियल, चुनरी, धूप, दीप व नैवेद्य शामिल था। पट खुलते ही श्रद्धालु दर्शन को उमड़ पड़े। यहां कतार सरस्वती टाकीज तक पहुंच गई। इसके अलावा कंचन नगर स्थित कंचनामाई मंदिर, महेश मार्ग के सिद्धिधात्री मंदिर, डाकतार कॉलोनी के सोमा गौरी मंदिर, गांधी नगर के काली मंदिर, पोनी रोड झंडे चौराहा स्थित झंडेश्वर मंदिर, बिंदानगर व गंगा विशुनघाट के दुर्गा मंदिर आदि मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ रही। मंदिरों के बाहर मेले जैसा माहौल रहा। पूजा सामग्री की दुकानों पर दिनभर खरीददारों की भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने उपवास रखकर विधि-विधान से मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। देरशाम तक दर्शन का सिलसिला लगातार जारी रहा। **घर-घर हुई कलश स्थापना :** नवरात्रि के पहले दिन शुभ मुहूर्त में श्रद्धालुओं ने घरों में कलश स्थापना कर मां दुर्गा का आह्वान किया। मंत्रोच्चार के साथ दुर्गा सप्तशती का पाठ हुआ। पुरोहितों की व्यस्तता के चलते कई स्थानों पर दोपहर बाद तक कलश स्थापना का क्रम चलता रहा।



दुर्गा मंदिर के बाहर लगी श्रद्धालुओं की कतार। • अमृत विचार

### शंकरी देवी, दुर्गा माता व मां संतोषी के दर्शनों को उमड़ी भीड़



सफीपुर में पूजा-अर्चना करतीं महिलाएं।

**सफीपुर, उन्नाव :** नवरात्रि के प्रथम दिन गुरुवार सुबह श्रद्धालुओं ने विधिविधान से कलश स्थापना कर पूजा-अर्चना व पाठ की शुरुआत हुई। नगर के प्रमुख देवी मंदिरों मां शंकरी देवी मंदिर, दुर्गा माता मंदिर व संतोषी माता मंदिर में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। ग्रामीण क्षेत्रों में भी नवरात्रि का उल्लास दिखा। मिर्जापुर गांव स्थित मां हिंगलाज देवी मंदिर, दरौली, सकहन, बम्हना, किशुनपुर टड़वा, जमल्दीपुर व आसपास के गावों के देवी मंदिरों में दिनभर भक्तों की भीड़ रही। मां के भजन-कीर्तन व संगीतमय आरती से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। मंदिरों में दीप व पुष्प सज्जा के बीच भक्तों ने आस्था व भक्ति के साथ देवी माता के दर्शन किए।

### नवरात्र के पहले दिन श्रीमद्भगवत कथा का शुभारंभ

**बांगरमऊ, उन्नाव :** चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन त्रिपुर सुंदरी राजराजेश्वरी देवी मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। भागवताचार्य पंडित सतीश शास्त्री ने श्रद्धालुओं को मां भगवती की कथा सुनाई और भक्तों को प्रसाद वितरित किया। कथा व्यास ने चैत्र नवरात्र पर माता के शैलपुत्री सहित नौ रूपों का बखान कर बताया कि माता ने नौ राक्षसों का दलन किया था। इसीलिए नवरात्र में सभी भक्त श्रद्धा पूर्वक 9 दिन माता की शरण में रहकर कलश की स्थापना करते हैं और गौरी-गणेश की स्थापना कर मां का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।



मंदिर में विराजमान माता रानी।

# बालक से कुकर्म के दोषी को 10 साल की सजा व जुर्माना

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचारः** 8 साल के अबोध बालक से कुकर्म करने के दोषी को कोर्ट ने अंतिम सुनवाई के बाद दोषी ठहराते हुए 10 साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने उस पर 48 हजार का जुर्माना भी लगाया है।

बता दें कि असोहा थानाक्षेत्र क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि 31 जनवरी-2018 की दोपहर 3 बजे उसका 8 वर्षीय बेटा खेत जा रहा था। तभी रास्ते में थानाक्षेत्र के रानीपुर गांव निवासी दिनेश उर्फ टिन्ना उसे बहलाकर खेत में ले गया। जहां उसने बालक से कुकर्म किया। विरोध करने पर आरोपी ने उससे मारपीट कर किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी और भाग निकला। घर पहुंचकर बेटे ने परिजनों को आपबीती बताई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर बच्चे का मेडिकल कराकर बयान दर्ज किए। 2 फरवरी को पुलिस ने आरोपी को जेल भेजा था। दरोगा राजू राव ने जांच कर 8 फरवरी-2018 को कोर्ट में चार्जशीट पेश की थी। तभी से केस एडीजे-13 कोर्ट में विचाराधीन था। गुरुवार को हुई अंतिम सुनवाई के बाद न्यायाधीश रवि प्रकाश साहू ने शासकीय अधिवक्ता की दलील व साक्ष्य के आधार पर दिनेश उर्फ टिन्ना को दोषी ठहराते हुए 10 साल की सजा सुनाई है।

# संदिग्ध परिस्थिति में खेत में पड़ा मिला युवक का शव

संवाददाता नवाबगंज, उन्नाव

**अमृत विचारः** अजगैन कोतवाली अंतर्गत चमरौली गांव में युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। परिजनों ने सिर पर चोट होने की बात बता उसकी हत्या किए जाने की आशंका जताई है। इस पर सीओ ने फोरेंसिक टीम बुलाकर साक्ष्य संकलित कर शव मोर्चरी भेजा है। वहीं शव दो दिन पुराना होने से अनुमान लगाया जा रहा है कि इसे यहां लाकर फेंका गया है। घटना की सूचना पर एसएसपी जय प्रकाश सिंह ने भी मौके पर पहुंचकर जांच की और घटना का जल्द खुलासा करने के निर्देश मातहतों को दिये हैं।

अजगैन कोतवाली क्षेत्र के चमरौली गांव निवासी श्रीकांत उर्फ जंगली (30) पुत्र गंगाराम लोध का शव गुरुवार को गांव के बाहर खेत में पड़ा मिला। उसके सिर पर चोट के निशान थे। हाईवे से महज 100 मीटर अंदर शव पड़ा मिलने से लोगों में सनसनी फैल गई। श्रीकांत ने 9 साल पहले गांव की युवती से प्रेम विवाह किया था। उसका साला रामपाल गांव के राजेश पुत्र शिवदयाल का खेत बटाई पर लिए है। गुरुवार दोपहर 3 बजे साला व उसकी पत्नी शिवरानी खेत गए थे। तभी उसने नंदोई का शव पड़ा होने की जानकारी परिजनों को दी। श्रीकांत की मौत से पत्नी सुखराना बेहाल है। उसके दो बच्चों में यश (5) व वंश (2) है। बेटे की मौत से मां सुंदारा का रो-रोकर बुरा हाल है। वह 5 भाइयों मनोज, विनोद, बउवा व अमरू से छोटा था। मां सुंदारा ने बताया कि बेटे ने 9 साल पहले गांव की सुखराना से प्रेम विवाह किया था। मां ने बेटे की हत्या किये जाने की आशंका जताई है। कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया कि शव दो दिन पुराना लग रहा है। इससे उसे यहां लाकर डाले जाने की संभावना है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति साफ हो पाएगी। वहीं ग्रामीणों व परिजनों के मुताबिक श्रीकांत ट्रक चालक था। बताया जा रहा है कि 3 दिन पूर्व उसका अपनी पत्नी सुखराना से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद वह घर से चला गया था। तब से वापस नहीं लौटा। गुरुवार को उसका शव मिला। सीओ पुरवा तेज बहादुर सिंह ने फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल की जांच की है। उन्होंने भी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट होने की बात कही है।



रोते-बिलखते परिजन। • अमृत विचार

• हत्या कर युवक का शव फेंके जाने की लोगों में की जा रही चर्चा

### सेवा व संकल्प के तहत संदेश फाउंडेशन ने बांटी हिंदू दिनदर्शिका

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** भारतीय संस्कृति के संरक्षण व सनातन नववर्ष के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से संदेश फाउंडेशन द्वारा हिंदू दिनदर्शिका का वितरण किया गया। नवरात्रि के प्रथम दिन राजमार्ग स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर में सेवा व संकल्प के तहत यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। फाउंडेशन अध्यक्ष संदीप पांडे ने बताया कि आधुनिक दौर में लोग अपनी परंपराओं व हिंदी पंचांग से दूर हो रहे हैं। ऐसे में समाज को अपनी जड़ों से जोड़ने के लिए यह पहल की गई है। बताया कि चैत्र नवरात्रि के पहले दिन एक हजार से अधिक हिंदू दिनदर्शिकाएं श्रद्धालुओं को नि:शुल्क बांटी गईं। इस दिनदर्शिका में हिंदी महीनों, तिथियों और महत्वपूर्ण धार्मिक जानकारियों को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि यह अभियान पूरे नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन सुबह 6 से 7 बजे तक जारी रहेगा, जिससे अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें।




दर्शनार्थियों को बांटी गई हिंदू दिनदर्शिका।

### बच्चों की शरारत से लगी आग, तीन वाहन जले

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** नाथूखेड़ा निवासी मुकेश निषाद ने बताया कि वह बीते 40 वर्षों से यहां गुमटी में बाइक मरम्मत की दुकान चला रहे हैं। दुकान के पीछे स्थित बब्बन का हाता के मैदान में वह ग्राहकों के वाहन खड़े करते हैं। गुरुवार शाम कुछ बच्चे मैदान में खेल रहे थे। तभी उन्होंने सूखी घास व खरपतवार में आग लगा दी। तेज हवा से आग तेजी से फैल गई और पास खड़ी स्कूटी व दो बाइकें उसकी चपेट में आ गईं। वाहनों में आग लगते ही धू-धूकर जलने लगे और काला धुआं उठने लगा। धुआं देख आसपास के लोग मौके पर दौड़ पड़े। लोगों ने बाल्टी व पाइप से पानी डालकर किसी तरह आग पर काबू पाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते आग पर काबू न पाया जाता तो पास के मकानों तक आग पहुंच सकती थी और नुकसान हो सकता था।

### मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया जागरूक

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** जिले में महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व सशक्तिकरण को लेकर मिशन शक्ति फेज-5 के तहत अभियान चल रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को गंगाघाट क्षेत्र के मां दुर्गा मंदिर में मिशन शक्ति व एंटी रोमियो टीम ने जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में महिलाओं व बालिकाओं को 1090, 112, 1930, 1098 व 181 जैसे महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। साथ ही साइबर अपराधों से बचाव व सरकारी योजनाओं के बारे में बताया गया। टीम ने महिलाओं से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।



महिलाओं व छात्राओं को जागरूक करती पुलिस।

# 400 मीटर में खुशी और उपासना ने मारी बाजी

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचारः** जिला खेल कार्यालय द्वारा आयोजित जिला स्तरीय एथलेटिक्स व फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन सेंट लॉरेंस स्कूल पीडी नगर में हुआ। उद्घाटन डीएम गौरांग राठी व जॉइंट मजिस्ट्रेट शौर्य अरोड़ा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

प्रतियोगिता में अंडर-12 व अंडर-18 वर्ग में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विशेष रूप से खुशी ने 400 व 800 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर सभी को रोमांचित कर दिया। वहीं उपासना ने कठिन मुकाबलों में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। दोनों खिलाड़ियों की प्रतिभा देख खेलो इंडिया के कोच कुशमेश कुमार ने उन्हें खेलो इंडिया टीम के ट्रायल में शामिल करने की घोषणा की। फुटबॉल के फाइनल में 7 स्टार स्टेडियम व 11 स्टार स्टेडियम में हुए मुकाबले में 7 स्टार स्टेडियम ने 4-2 के अंतर से जीत दर्ज कर ट्रॉफी अपने नाम की। समापन पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्पोर्ट्स स्टेडियम में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ। डीआईओएस सुनील दत्त ने विजेताओं को मेडल व प्रमाणपत्र दिये। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि खेलों से न केवल शारीरिक विकास होता है बल्कि भविष्य की राहें खुलती हैं। जिला क्रीड़ाधिकारी मुकेश सब्बरवाल ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन को जिले के लिए गर्व का विषय बताया। इसमें कोच प्रदीप वर्मा, खेल शिक्षक कपिल पांडे, व्यायाम शिक्षक पुरुषोत्तम व रईसुल इस्लाम गौहर मौजूद रहे।



खिलाड़ियों के साथ मौजूद डीएम, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, जिला क्रीड़ाधिकारी।

• सेंट लॉरेंस में हुआ जिला स्तरीय एथलेटिक्स व फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

### यह रहे एथलेटिक्स के परिणाम

- -100 मीटर : मिथुन व प्रशिष्ठि ने बाजी मारी
- -200 मीटर : प्रशिष्ठि (प्रथम) व उपासना (द्वितीय)
- -400 मीटर : खुशी, शीला व उपासना (महिला वर्ग) व सौरभ व आर्यन (पुरुष वर्ग) ने पदक जीते
- -800 मीटर : खुशी व रजनीकांत विजेता रहे
- -3000 मीटर : सरोज व मीनाक्षी ने रहे प्रथम
- -2000 मीटर वॉक : आकाश व शगुन को स्वर्ण

# महिला अस्पताल से शुरू हुआ एचपीवी टीकाकरण अभियान

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचारः** बालिकाओं को गंभीर बीमारियों से बचाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए गुरुवार को जिला महिला चिकित्सालय (पीपीसी) में एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। सीएमओ की मौजूदगी में शुरू हुए टीकाकरण अभियान में पहले दिन 4 बालिकाओं को वैक्सीन लगाई गई।

सीएमओ डॉ .सत्य प्रकाश ने बताया कि यह टीका ह्यूमन पैपिलोमा वायरस से होने वाले संक्रमण व उससे होने वाले सर्वाइकल कैंसर से बचाव में प्रभावी है। टीकाकरण विशेष रूप से 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं के लिए लाभकारी है। अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी बेटियों का समय पर टीकाकरण कराएं। इससे भविष्य में गंभीर बीमारियों से बचा जा सके। बताया कि जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा यह अभियान चरण बद्ध तरीके से संचालित होगा। जिससे अधिक से अधिक बालिकाओं को प्रतिरक्षित किया जाए। इसके लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। जिसमें स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों व सामुदायिक स्तर पर लोगों को जागरूक किया जाएगा।

• महिलाओं में बढ़ते सर्वाइकल कैंसर से बचाव की कवायद

दूसरा दिन


1748 परीक्षकों में से 967 उपस्थित व 781 अनुपस्थित रहे

# चारों मूल्यांकन केंद्रों में 967 परीक्षकों ने जांचीं 27013 कापियां

कार्यालय संवाददता, उन्नाव

**अमृत विचारः** माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटर की कापियों के मूल्यांकन के दूसरे दिन चारों केंद्रों में 967 परीक्षकों ने 27013 कापियों का मूल्यांकन किया। 1748 परीक्षकों में 967 उपस्थित व 781 अनुपस्थित रहे।

दूसरे दिन डॉ. जीनाथजी दयाल बालिका इंटर कॉलेज में हाईस्कूल के 52 डिप्टी हेड में 48 उपस्थित रहे व 517 परीक्षकों में 240 उपस्थित हुए। इससे केवल 5188 कापियों का ही मूल्यांकन हो सका। यहां 27 में 22 अंकेक्षक परीक्षक उपस्थित हुए। जीआईसी में हाईस्कूल के 52 डिप्टी हेड में 47 उपस्थित रहे व 491 परीक्षकों में 276 उपस्थित हुए। जिन्होंने 7047 कापियों का मूल्यांकन किया। प्रधानाचार्य परमात्मा शरण ने बताया कि सामाजिक विज्ञान की कापियां आने से उन विषयों के परीक्षकों को आवंटित की गई हैं। जीजीआईसी में इंटर के 31 डिप्टी हेड में 26 व 289 परीक्षकों में 178 परीक्षक रहे। इसमें 10116 कापियों का ही मूल्यांकन किया गया। अटल बिहारी इंटर कॉलेज में इंटर के 30 डिप्टी हेड में 28 व 286 परीक्षकों में 124 परीक्षक उपस्थित हुए। इसमें 4662 कापियों का मूल्यांकन हुआ। डीआईओएस ने कहा कि कोई परीक्षक केंद्र में मोबाइल लेकर नहीं जाएगा। वह मोबाइल केंद्र में बने स्टांग रूम में जमा कर सकते हैं ।



बोर्ड परीक्षा की कापियों का मूल्यांकन करते परीक्षक। • अमृत विचार

### पारिश्रमिक 1 रुपये प्रति कापी होने से असंतोष

**उन्नाव :** हाईस्कूल व इंटर की कापियों के मूल्यांकन का पारिश्रमिक हाई स्कूल में 14 रुपए प्रति कॉपी व इंटर में 15 रुपए प्रति कॉपी की दर से दिया जाता है। जबकि उनका अंकेक्षण करने वाले परीक्षकों (ज्यादातर प्रधानाचार्य व वरिष्ठ शिक्षक बोर्ड द्वारा नियुक्त) का पारिश्रमिक (1-1 रुपया) प्रतिकॉपी देने की व्यवस्था है। इससे अंकेक्षण करने वाले परीक्षकों में असंतोष है। अंकेक्षकों का कार्य है कि परीक्षक द्वारा जांची गई कापियों में से 10 प्रतिशत कापियां चेक करें कि उनका सही तरीके से मूल्यांकन हो रहा है या नहीं। जिसे एक कॉपी को दो अंकेक्षकों द्वारा चेक करने की व्यवस्था है। इसमें दोनों को मिलाकर 2 रुपए प्रति कॉपी की दर से पारिश्रमिक दिया जाता है। बोर्ड से उनके पारिश्रमिक में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। इससे उनमें आक्रोश है। गुरुवार को चारों केंद्रों में 85 में 70 अंकेक्षक उपस्थित हुए।

# एआई से मजबूत होंगी स्वास्थ्य सेवाएं

• सीयू यूपी में स्मार्ट हेल्थकेयर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का हुआ उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचारः** चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को तकनीक से सशक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए 'स्मार्ट हेल्थकेयर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' का शुभारंभ गुरुवार को हुआ। इसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश सरकार के 'स्मार्ट हेल्थकेयर' विजन को गति देना है। इसमें समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण वर्चुअली शामिल हुए और विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना की।

यह सेंटर मेडिकल इमेजिंग, एक्स-रे, एमआरआई, सीटी स्कैन, प्रेडिक्टिव एनालिटिक्स व डेटा प्राइवेसी जैसे क्षेत्रों में शोध व नवाचार को बढ़ावा देगा। सेंटर का नेतृत्व प्रो. वाइस चांसलर डॉ. थिपेंद्र पी. सिंह करेंगे। यहां अत्याधुनिक एआई तकनीक व उच्च क्षमता वाली कंप्यूटिंग सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। जिससे छात्रों व शोधकर्ताओं को उन्नत स्तर पर काम करने का अवसर मिलेगा। इस मौके पर 'एआई एथिक्स ट्रेनिंग प्रोग्राम' भी लॉन्च हुआ। इसके तहत अगले 5 वर्षों में प्रदेश के 1.5 लाख युवाओं को जिम्मेदार एआई उपयोग के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। यह पहल एआई लिटरेसी को बढ़ाने और सुरक्षित व जिम्मेदार तकनीकी उपयोग को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है। सेंटर के माध्यम से अस्पतालों के साथ रिसर्च सहयोग, स्टार्टअप्स को समर्थन व छात्रों को प्रैक्टिकल लर्निंग के अवसर मिलेंगे।



कार्यक्रम को संबोधित करते प्रो. डॉ. टीपी सिंह। • अमृत विचार

अमृत विचार
शुक्रवार, 20 मार्च 2026



# आग के सबक

पालम और इंदौर में हुई अग्नि त्रासदियां हमारे शहरी जीवन की असुरक्षित सच्चाइयों का आईना हैं। पालम में नौ और इंदौर में सात लोगों की मौत के यह आंकड़े नहीं, बुझती हुई जिंदगियों की दर्दनाक कहानियां हैं। हर ऐसी घटना के बाद शोक, मुआवजा और आश्वासन का क्रम चलता है, लेकिन इनसे हम कोई सबक नहीं लेते। चिंताजनक यह है कि इस बार आग की ये घटनाएं भीषण गर्मी के चरम से पहले ही सामने आ गईं। यह संकेत है कि समस्या केवल मौसम नहीं, बल्कि हमारी तैयारियों और व्यवस्था की कमी है। शहरी इलाकों में ज्वलनशील सामग्री का अनियंत्रित भंडारण, बिजली के असुरक्षित कनेक्शन, संकरी गलियां और अग्नि सुरक्षा के प्रति उदासीनता-ये सभी मिलकर ऐसी त्रासदियों को जन्म देते हैं। पालम की घटना में रिहायशी इलाके में ही ज्वलनशील पदार्थों का संग्रह होना गंभीर प्रशासनिक चूक है। आखिर ऐसी गतिविधियों की अनुमति कैसे दी गई? स्थानीय निकायों की नियमित निगरानी का क्या हुआ? इंदौर की घटना में आधुनिक तकनीक जैसे ऑटोमैटिक लॉकिंग दरवाजे भी मौत का कारण बने। विडंबना है कि सुविधा के लिए अपनाई गई तकनीक, संकट के समय जाल बन जाती है। हम तकनीक तो अपना लेते हैं, लेकिन उसके जोखिमों के प्रति जागरूक नहीं होते। इन दोनों घटनाओं में निवासियों की भूमिका को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। घरों में ज्वलनशील सामग्री जमा करना, अग्निशमन के प्राथमिक उपायों की अनदेखी करना और आपातकालीन निकास की व्यवस्था न होना। ये सब लापरवाही के उदाहरण हैं, लेकिन नागरिकों की यह लापरवाही भी व्यवस्था की ढिलाई से ही जन्म लेती है, जहां नियमों का पालन न तो सख्ती से होता है और न ही जागरूकता का पर्याप्त प्रसार होता है। सबसे दुखद है आपदा के समय हमारी तैयारी की पोल खुलना। फायर ब्रिगेड का देर से पहुंचना, उपकरणों का खराब होना और आवश्यक संसाधनों की कमी, ऐसी तकनीकी खामियां जीवन और मृत्यु के बीच का अंतर हैं। यदि संकरी गलियों में पहुंचने के लिए छोटे फायर टेंडर या वैकल्पिक व्यवस्था होती, यदि हाइड्रोलिक सिस्टम दुरुस्त होता, बचाव के साधन उपलब्ध होते, तो शायद कुछ जानें बचाई जा सकती थीं।

बेशक कुछ लाख रुपये किसी परिवार के खोए हुए सदस्य की भरपाई कर सकते हैं? यह केवल प्रतीकात्मक राहत है, असली आवश्यकता है ऐसी घटनाओं को रोकने की। इन त्रासदियों से स्पष्ट है कि हमें सुधार की त्रिस्तरीय व्यवस्था की तत्काल आवश्यकता है। पहला-प्रशासनिक स्तर पर, सख्त नियम, नियमित निरीक्षण और अवैध गतिविधियों पर तत्काल कार्रवाई। दूसरा-तकनीकी स्तर पर, भवन निर्माण और सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करवना, अग्निशमन व्यवस्था का आधुनिकीकरण करना, जबकि तीसरा सुधार सामाजिक स्तर पर, नागरिकों में जागरूकता, जिम्मेदारी और आपातकालीन तैयारी की संस्कृति विकसित करना। ऐसे अग्निकांड प्राकृतिक नहीं मानवजनित आपदाएं हैं। इसलिए यदि इच्छा और व्यवस्था दोनों मजबूत हों, तो इन्हें रोका जा सकता है। पालम और इंदौर की आग हमें यही याद दिलाती है कि लापरवाही की कीमत हमेशा जान से चुकानी पड़ती है। अब भी समय है कि हम चेतें, वरना अगली खबर फिर किसी और शहर से आएगी और हम सिर्फ शोक और मुआवजे तक सीमित रह जाएंगे।

## प्रसंगवश

# खुशी: उपलब्धियों से परे एक आंतरिक अनुभूति

मनुष्य के जीवन की सबसे बड़ी चाह क्या है? यदि इस प्रश्न का सरल उत्तर खोजा जाए, तो शायद एक ही शब्द सामने आता है- खुशी। हर व्यक्ति अपने जीवन में सुख, संतोष और आनंद की तलाश में निरंतर प्रयास करता है। बचपन से लेकर वृद्धावस्था तक मनुष्य के अधिकांश निर्णय, प्रयास और संघर्ष इसी उद्देश्य के इर्द-गिर्द घूमते हैं, लेकिन विडंबना यह है कि आज जब दुनिया ने अभूतपूर्व आर्थिक और तकनीकी प्रगति हासिल कर ली है, तब भी सच्ची खुशी लोगों के जीवन से कहीं दूर होती दिखाई देती है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 20 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय खुशी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस पहल का उद्देश्य यह संदेश देना है कि विकास केवल आर्थिक प्रगति तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि लोगों के जीवन में वास्तविक खुशी और संतोष भी उतना ही महत्वपूर्ण है। यह दिन हमें ठहरकर यह सोचने का अवसर देता है कि क्या आधुनिक जीवनशैली वास्तव में हमें अधिक सुखी बना रही है या हम केवल सुविधाओं के विस्तार को ही खुशी समझ बैठे हैं?



संध्या अग्रवाल
साहित्यकार

आज के समय में सुविधाओं की कोई कमी नहीं है। तकनीक ने जीवन को सरल और तेज बना दिया है। संचार के साधन पहले से अधिक सुलभ और प्रभावी हो गए हैं। भौतिक संसाधनों में भी निरंतर वृद्धि हुई है, जिससे जीवन स्तर में सुधार देखने को मिलता है। इसके बावजूद, तनाव, अकेलापन और मानसिक असंतोष जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। यह स्थिति इस बात की ओर संकेत करती है कि केवल बाहरी प्रगति ही जीवन को पूर्ण नहीं बना सकती। आधुनिक जीवन की इस विडंबना का एक बड़ा कारण यह है कि मनुष्य ने अपनी आंतरिक शांति और संतुलन को कहीं पीछे छोड़ दिया है। प्रतिस्पर्धा की दौड़, निरंतर तुलना और अधिक पाने की लालसा ने जीवन को जटिल बना दिया है। हम अक्सर यह भूल जाते हैं कि खुशी केवल उपलब्धियों या भौतिक संपन्नता से नहीं मिलती, बल्कि यह एक आंतरिक अनुभूति है, जो हमारे विचारों, संबंधों और जीवन के प्रति दृष्टिकोण से जुड़ी होती है।

वास्तविक खुशी का संबंध हमारे संबंधों और संवेदनाओं से भी गहराई से जुड़ा है। परिवार के साथ बिताया गया समय, मित्रों का साथ, किसी की मदद करने का संतोष और प्रकृति के साथ बिताए गए शांत क्षण ये सभी जीवन को अर्थपूर्ण बनाते हैं। जब हम अपने आसपास के लोगों के साथ जुड़ाव महसूस करते हैं, तो हमारे भीतर संतोष और सुरक्षा की भावना विकसित होती है। यही भावनात्मक जुड़ाव हमें वास्तविक खुशी के करीब ले जाता है।

आज के तेज रफ्तार जीवन में मानसिक स्वास्थ्य का महत्व पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है। अपेक्षाओं का दबाव, काम का तनाव और भविष्य की चिंताएं कई लोगों को मानसिक रूप से थका देती हैं। ऐसे में यह आवश्यक हो जाता है कि हम अपने जीवन में संतुलन बनाए रखें। हमें यह समझना होगा कि विश्राम, आत्मचिंतन और अपनी भावनाओं को समझना भी उतना ही जरूरी है, जितना सफलता प्राप्त करना। अंतर्राष्ट्रीय खुशी दिवस हमें यह भी याद दिलाता है कि खुशहाल समाज केवल व्यक्तिगत प्रयासों से नहीं बनता। इसके लिए सामाजिक और सामूहिक वातावरण भी उतना ही महत्वपूर्ण होता है। जब समाज में समान अवसर, पारस्परिक सम्मान और सहयोग की भावना होती है, तब लोगों के जीवन में संतोष और स्थिरता बढ़ती है। एक संवेदनशील और सहयोगी समाज ही वास्तविक खुशी का आधार बन सकता है। अंततः यह स्पष्ट है कि सच्ची खुशी किसी एक लक्ष्य की प्राप्ति में नहीं, बल्कि जीवन के प्रति संतुलित दृष्टिकोण में निहित होती है।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)



प्रेम का मार्ग कोई उम्मीद न रखने का मार्ग है। प्यार तभी मौजूद होता है, जब पूर्ण स्वीकृति हो और कुछ भी बदलने की कोई इच्छा न हो। **-ओशो**, दार्शनिक

# मार्च में दिसंबर की दस्तक बिखरता ऋतुचक्र





पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ लेखक

भारतीय कैलेंडर में मार्च का महीना उस संधि काल का प्रतीक है, जहां शिशिर की विदाई होती है और ग्रीष्म अपनी दस्तक देने लगता है। यह वह समय है जब पलाश के फूल दहकते हैं और गेहूं की बालियां सूरज की सुनहरी किरणों को सोखकर पकने की ओर बढ़ती हैं। किंतु इस वर्ष उत्तर भारत के आसमान ने जो रंग दिखाया है, वह न केवल अस्वाभाविक है, बल्कि डराने वाला भी है। दिल्ली, गाजियाबाद, कानपुर और लखनऊ जैसे शहरों में मार्च के पहले हफ्ते में अचानक छा जाने वाला घना कोहरा कोई साधारण मौसमी फेरबदल नहीं है। जब हवाई जहाजों को रास्ता बदलकर दूसरे राज्यों में उतरना पड़े और सड़कों पर दृश्यता शून्य हो जाए, तो समझ लेना चाहिए कि प्रकृति का संतुलन बुरी तरह डगमगा चुका है। इसे मौसम वैज्ञानिकों ने जलवायु आपातकाल की संज्ञा दी है, जो इस बात का प्रमाण है कि वायुमंडल अब अपनी मर्यादाएं भूलने लगा है। रही बची कसर पूरी हो गई अचानक हुई बरसात और ओला वृष्टि से इससे फसलें तक चौपट हो गई।

इस विचित्र कोहरे के पीछे के वैज्ञानिक कारणों को समझना अनिवार्य है। सामान्यतः कोहरा सर्दियों की रात में तब बनता है, जब धरती तेजी से अपनी गर्मी छोड़ती है और नमी का स्तर अधिक होता है। इस वर्ष फरवरी के अंतिम सप्ताह से ही गर्मी ने अपने पिछले कई दशकों के रिकॉर्ड तोड़ दिए। अचानक बढ़ी इस तपिश ने धरती की ऊपरी सतह को अत्यधिक गर्म कर दिया। बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी युक्त पूर्वी हवाएं इस गर्म सतह के संपर्क में आईं और उसी दौरान रात के तापमान में अचानक छह से सात डिग्री की गिरावट दर्ज की गई, तो विकिरण की प्रक्रिया ने एक घना आवरण तैयार कर दिया। इसे विज्ञान की भाषा में विकिरण कोहरा कहा जाता है। उत्तर भारत की भौगोलिक स्थिति और हवा की गति का अचानक मंद पड़ जाना इस स्थिति को और भयावह बना देता है। वायुमंडल के निचले स्तर पर हवा की स्थिरता ने उस धुंध और प्रदूषण के मिश्रण को जमने का अवसर दे दिया, जिसे हम अक्सर कड़ाके की ठंड में देखते हैं।

इस विचित्र कोहरे के पीछे के वैज्ञानिक कारणों को समझना अनिवार्य है। सामान्यत: कोहरा सर्दियों की रात में तब बनता है, जब धरती तेजी से अपनी गर्मी छोड़ती है और नमी का स्तर अधिक होता है।

होली बीतते ही दिन और रात के तापमान में आ रहा यह भारी अंतर प्रकृति के बदलते मिजाज का एक गंभीर संकेत है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, उत्तर भारत के कई हिस्सों में दिन का तापमान सामान्य से 8 से 12 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया है, जबकि रातें तुलनात्मक रूप से ठंडी बनी हुई हैं। इस तापमान की गड़बड़ी का बड़ा कारण पश्चिमी विक्षोभ का अत्यंत कमजोर होना है। आमतौर पर ये विक्षोभ बारिश और बर्फबारी लाते हैं, जो तापमान को नियंत्रित रखते हैं। इनकी अनुपस्थिति के कारण आसमान पूरी तरह साफ है, जिससे दिन में सूरज की किरणें सीधे धरती को तपा रही हैं।

याद करें, इस बार जनवरी और फरवरी में करीब 60 प्रतिशत कम हुई। इसके चलते मिट्टी में नमी न होने के कारण दिन की गर्मी वाष्पीकरण में खर्च होने के बजाय सीधे सतह को गर्म करती है। रात में, साफ आसमान होने के कारण धरती की गर्मी तेजी से वापस अंतरिक्ष में चली जाती है, जिससे रातें ठंडी हो जाती हैं। इसके साथ पश्चिमी भारत के ऊपर बने उच्च वायुदाब के क्षेत्रों के कारण हवाएं नीचे की ओर दब रही हैं। यह दबती हुई हवा गर्म हो जाती है और बादलों को बनने से रोकती है, जिससे दिन में 'हीटवेव' जैसी स्थिति बन रही है।

इस अनियमित तापमान से उपज रहे कोहरे के व्यापक और दूरगामी नुकसान भी हैं। सबसे बड़ी मार हमारी कृषि व्यवस्था पर पड़ रही है। रबी की फसल, विशेषकर गेहूं, इस समय अपने पकने के अंतिम चरण में है। तापमान में यह अनिश्चित उतार-चढ़ाव गेहूं के दानों की गुणवत्ता को प्रभावित करता है। कोहरे के कारण बढ़ने वाली नमी और फिर अचानक निकलने वाली तेज धूप फसलों में पीला रतुआ और विभिन्न प्रकार की फफूंद जनित बीमारियों को जन्म देती है। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि यदि यह अनिश्चितता बनी रही, तो खाद्य सुरक्षा के मोर्चे पर हमें बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। केवल अनाज ही नहीं, बल्कि बागवानी फसलों जैसे आम के बौर पर भी इसका विपरीत प्रभाव पड़ता है। अचानक आई नमी और ठंडक फूलों को झाड़ देती है, जिससे उत्पादन में भारी गिरावट की आशंका प्रबल हो जाती है।

पारिस्थितिक नुकसान के साथ-साथ यह मानवीय स्वास्थ्य के लिए भी एक बड़ा संकट है। मार्च के इस कोहरे में केवल जलवाष्प नहीं है, बल्कि इसमें वातावरण में मौजूद सूक्ष्म धूल कण और जहरीली गैसें भी फंसी हुई हैं। यह एक प्रकार का विषैला धुंआ है, जो सीधे फेफड़ों पर प्रहार करता है। श्वसन रोगियों और बुजुर्गों के लिए यह स्थिति बेहद घातक सिद्ध होती है। यातायात के क्षेत्र में होने वाली बाधाएं आर्थिक तंत्र को प्रभावित करती हैं। यह एक ऐसा दुष्चक्र है, जहां जलवायु परिवर्तन के कारण कोहरा बनता है और उस कोहरे के कारण होने वाले उपाय पुनः पर्यावरण को दूषित करते हैं।

मार्च में दिसंबर जैसा यह दृश्य एक बड़ी आपदा की आहट है। यह हमारी जीवनशैली और विकास के उन मॉडलों पर सवालिया निशान खड़ा करता है, जो प्रकृति की कीमत पर तैयार किए गए हैं। हमें यह समझना होगा कि अब मौसम के पूर्वानुमान केवल बारिश या धूप तक सीमित नहीं रह गए हैं, बल्कि वे अस्तित्व की रक्षा के संकेत बन चुके हैं।

यदि हमने स्थानीय स्तर पर प्रदूषण नियंत्रण और वैश्विक स्तर पर कार्बन उत्सर्जन को कम करने की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए, तो ऋतुओं का यह विलोपन हमारे जीवन को अनिश्चितता के अंधेरे में धकेल देगा। यह कोहरा केवल दृश्यता कम नहीं कर रहा, बल्कि हमें भविष्य की उस धुंधली तस्वीर को देखने के लिए मजबूर कर रहा है, जिसे हमने खुद निर्मित किया है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

## आमने सामने



हम महिलाओं को राहुल गांधी को देखकर बहुत ज्यादा असहजता महसूस होती है, क्योंकि एकदम वो जैसे टपोरी की तरह आते हैं और किसी को भी ऐ तू ऐसे करके तू-तड़ाक करते हैं। उनको अपनी बहन, प्रियंका गांधी वाड्रा के आचरण और व्यवहार को देखना चाहिए, "जो बहुत अच्छा है"। **-कंगना रनौत** सांसद, बीजेपी

कंगना रनौत को मेडिकल मदद की जरूरत है। उनके साथ कुछ बहुत ही गलत हो रहा है। शायद इसलिए कि उनकी फिल्में अच्छा नहीं कर रही हैं। वह किसी तरह के डिप्रेशन में हो सकती हैं। इसीलिए वह इस तरह के बयान दे रही हैं। आपको ऐसे लोगों की टिप्पणियों को ज्यादा अहमियत देने की जरूरत नहीं है। राहुल गांधी जैसे हैं, वैसे ही हैं। **- एस. ज्योतिमणी**, सांसद, कांग्रेस



# आखिर कब तक चलेगा पाकिस्तान का पाखंड



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

पाकिस्तान खुद को दुनिया का सबसे बड़ा इस्लामिक देश बताता है। इसका झंडा हिलाल (चांद का टुकड़ा) और तारा से सजा है, जो इस्लामिक परंपरा और मूल्यों के प्रतीक हैं। इसके नाम में 'इस्लामिक रिपब्लिक' जुड़ा है और ये हर मौके पर इस्लाम का हवाला देता है, लेकिन हकीकत में यह देश मुसलमानों के खिलाफ ही सबसे ज्यादा हिंसा और जुल्म का इतिहास रखता है। यह पाखंड की एक लंबी कहानी है, जहां इस्लाम का नाम सिर्फ सत्ता और नियंत्रण के लिए इस्तेमाल होता है, जबकि अमल उसके ठीक उलट है।

इसका सबसे ताजा और दिल दहला देने वाला उदाहरण बीते सोमवार (16 मार्च) को काबुल में मिलता है। पाकिस्तानी एयर स्ट्राइक ने अफगानिस्तान की राजधानी में ओमिद एडिक्शन ट्रीटमेंट हॉस्पिटल (एक ड्रग रिहैबिलिटेशन सेंटर) को निशाना बनाया। तालिबान सरकार के अनुसार, इस हमले में 400 से ज्यादा लोग मारे गए और 250 से अधिक घायल हुए। हमला रमजान के पवित्र महीने में हुआ, जब लोग रोजा रखकर इबादत में मग्न थे। अस्पताल में ज्यादातर गरीब अफगान मुसलमान थे, जो नशे की लत से मुक्ति पाने आए थे।

पाकिस्तान का दावा है कि उसने सिर्फ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया, लेकिन तालिबान और अफगान मीडिया इसे साफ-साफ सिविलियन अस्पताल पर हमला बता रहा है। सवाल वही है कि रमजान में मुसलमानों के अस्पताल को उड़ाना क्या इस्लाम की कोई शिक्षा है? मारे गए तो आम मुसलमान ही थे। यह कोई नई बात नहीं। 1971 में पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) में पाकिस्तानी सेना ने ऑपरेशन सर्चलाइट के तहत लाखों बंगाली मुसलमानों का कत्लेआम किया था। बंगालियों ने आजादी की मांग की, तो उन्हें 'काफिर', 'गद्दार' और 'हिंदू एजेंट' कहकर मार डाला गया। अनुमान के मुताबिक 3 लाख से ज्यादा लोग मारे गए और 2 से 4 लाख महिलाओं के साथ बलात्कार हुआ। स्कूल, कॉलेज, गांव सब तबाह कर दिए गए। पाकिस्तानी जनरल टिक्का खान को 'बचर ऑफ बंगाल' कहा गया। पाकिस्तान आज भी इसे 'सिविल वॉर' कहकर सच छुपाता है, लेकिन बांग्लादेश हर साल 16 दिसंबर को विजय दिवस मनाता है। एक 'इस्लामिक' देश ने अपने ही मुसलमानों पर ऐसा जुल्म ढाया, यह पाखंड नहीं तो क्या है?

पाकिस्तान का दावा है कि उसने सिर्फ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया, लेकिन तालिबान और अफगान मीडिया इसे साफ-साफ सिविलियन अस्पताल पर हमला बता रहा है।

पाकिस्तान के अंदर भी मुसलमान सुरक्षित नहीं। अहमदिया समुदाय को 1974 के संविधान संशोधन और ऑर्डिनेंस XX के जरिए 'नॉन-मुस्लिम' घोषित कर दिया गया। उन्हें मस्जिद कहने, अजान देने, सलाम कहने या कुरान छूने तक की मनाही है। अगर कोई अहमदिया खुद को मुसलमान कहे, तो ब्लास्फेमी का केस बन जाता है। हाल के वर्षों में कई अहमदिया डॉक्टर, दंत चिकित्सक और आम नागरिक गोली मारे गए। खुशाब में 90 अहमदिया कब्रें तोड़ी गईं। अमेरिकी स्टेट डिपार्टमेंट की रिपोर्ट्स और एमनेस्टी इंटरनेशनल जैसी संस्थाएं बताती हैं कि पुलिस भी अहमदिया घरों पर हमलों में शामिल होती है। शिया मुसलमान भी निशाने पर हैं, खासकर हजारा शिया। इन पर बलूचिस्तान और कुर्रम एजेंसी में बार-बार हमले होते हैं। 2024 में 40 से ज्यादा शिया मारे गए, 2013 के क्वेटा हमले में 90 से अधिक। सेना और कानून इन पर कार्रवाई नहीं करती, बल्कि चुप रहती है। एक देश जो खुद को इस्लाम का गढ़ कहता है, वहां शिया और अहमदिया को दूसरे दर्जे का नागरिक बना दिया गया है।

वहीं जनवरी 2024 में पाकिस्तान ने ईरान पर 'ऑपरेशन मार्ग बार सरमाचार' के तहत मिसाइल हमले किए। दोनों देश मुस्लिम हैं। ईरान शिया बहुल, पाकिस्तान सुन्नी, लेकिन हमला फिर मुसलमानों पर ही हुआ।

सवाल है कि पाकिस्तान मुसलमानों को क्यों मारता है? मुख्य कारण सेना की सर्वोच्चता है। आर्मी इस्लाम के नाम पर सत्ता संभालती है, लेकिन उसकी नीतियां सेक्टेरियन हैं। सुन्नी बहुल सेना शिया, अहमदिया और अन्य समुदायों को कमजोर रखना चाहती है। दूसरा, राजनीतिक खेल तालिबान, जैश-ए-मोहम्मद जैसे गुटों को पाला जाता है, लेकिन अब टीटीपी पाक फौज पर हमला कर रही है, तो बदले में अफगानिस्तान पर हमला। मुसलमान ही मुसलमान का शिकार बन रहा है। तीसरा, इस्लाम का दुरुपयोग सिस्टम इस्लाम के नाम पर चलता है, लेकिन असल में पावर और नियंत्रण का खेल है। अहमदिया को 'काफिर', बंगालियों को 'हिंदू एजेंट' कहकर मार डाला जाता है।

दुनिया को यह सच देखना चाहिए। पाकिस्तान अभी भी इस्लाम का सिपाही होने का दावा करता है, लेकिन हकीकत में वह मुसलमानों का कातिल है। अगर सच में इस्लामिक देश बनना है, तो पहले अपने मुसलमानों की हिफाजत करे। अहमदिया और शिया को बराबरी दे, अफगानिस्तान से बातचीत करे, 1971 के नरसंहार की माफी मांगे, लेकिन ऐसा लगता है कि सेना की ताकत और सेक्टेरियन नीतियां जारी रहेंगी। पाकिस्तान का 'इस्लामिक' चेहरा नाम का है। असल में यह मुसलमान-विरोधी नीतियों का देश बन चुका है। रमजान में अस्पताल उड़ाना, लाखों मुसलमान मारना, शिया-अहमदिया पर जुल्म ये सब इस्लाम के खिलाफ हैं। दुनिया के मुसलमानों को समझना चाहिए कि पाकिस्तान का चेहरा दोहरा है। एक तरफ मक्का-मदीना का नाम, दूसरी तरफ मुसलमानों का खून। यह पाखंड कब तक चलेगा?

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

## सोशल फोरम

# अर्थव्यवस्था पर युद्ध का प्रभाव

युद्ध का सीधा प्रभाव अर्थव्यवस्था और शेयर बाजार पर भी पड़ता है। युद्ध शुरू होते ही बाजार में घबराहट पैदा होती है और शुरुआती दिनों में तेज गिरावट देखी जाती है, लेकिन अक्सर यह गिरावट स्थायी नहीं होती। अधिकांश युद्धों में एक दिलचस्प पैटर्न दिखाई देता है कि यदि युद्ध एक महीने से अधिक समय तक चलता है, तो अगले कुछ महीनों में बाजार धीरे-धीरे उस स्थिति के साथ खुद को अनुकूलित कर लेते हैं और गिरावट का प्रभाव कम होने लगता है।



मनोज अभिज्ञान
अधिवक्ता

युद्ध जब भी शुरू होता है, तो अनिश्चितता सबसे बड़ी समस्या बनती है। निवेशकों को यह स्पष्ट नहीं होता कि युद्ध कितना लंबा चलेगा, किन देशों तक फैलेगा और अर्थव्यवस्था पर कितना प्रभाव पड़ेगा। इसी अनिश्चितता के कारण निवेशक घबराकर अपने शेयर बेचने लगते हैं, जिससे बाजार तेजी से गिरता है। अगस्त 1990 में जब इराक ने कुवैत पर हमला किया, तब अमेरिकी शेयर बाजार लगभग 15 प्रतिशत तक गिर गया, लेकिन जनवरी 1991 में युद्ध शुरू होने के बाद कुछ ही महीनों में बाजार तेजी से उभर गया और उसी साल नया उच्च स्तर बना लिया। 2022 का रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होते ही वैश्विक बाजारों में गिरावट आई, लेकिन कुछ महीनों बाद निवेशकों ने स्थिति को न्यू नॉर्मल मानकर निवेश शुरू कर दिया।

इससे समझ में आता है कि बाजार घटना से अधिक अनिश्चितता से डरता है। जब घटना स्पष्ट हो जाती है, तो बाजार धीरे-धीरे स्थिर होने लगता है। लंबे समय तक चलने वाले युद्धों में सरकारें और उद्योग तेजी से खुद को ढाल लेते हैं। रक्षा उद्योग में उत्पादन बढ़ता है। ऊर्जा और कच्चे माल के नए स्रोत खोजे जाते हैं। सप्लाई चेन धीरे-धीरे नई परिस्थितियों के अनुसार बदल जाती है। इस प्रक्रिया के कारण आर्थिक गतिविधियां पूरी तरह रुकती नहीं हैं, बल्कि नए रूप में जारी रहती हैं। यही कारण है कि शुरुआती झटके के बाद बाजार अक्सर संभलने लगते हैं। निवेश की दुनिया में घबराहट के समय अवसर छिपे होते हैं। जब युद्ध या किसी बड़े संकट के कारण बाजार गिरता है, तब कई अच्छी कंपनियों के शेयर भी सस्ते हो जाते हैं। यह भी समझना जरूरी है कि हर युद्ध का प्रभाव एक जैसा नहीं होता। कुछ युद्ध बहुत सीमित होते हैं, जबकि कुछ पूरे वैश्विक आर्थिक ढांचे को प्रभावित कर सकते हैं। इसलिए निवेश करते समय कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। मजबूत और लाभकारी कंपनियों में निवेश करें, अत्यधिक कर्ज वाली कंपनियों से बचें, एक ही सेक्टर में पूरा पैसा न लगाएं और लंबी अवधि का दृष्टिकोण रखें।

**-फेसबुक वॉल से**

## सामयिकी

# साझा चूल्हा: संकट से समाधान की राह

रसोई गैस की कीमतों को लेकर समय-समय पर देश में राजनीतिक बहस तेज हो जाती है। महंगाई निश्चित रूप से आम आदमी के जीवन को प्रभावित करती है, लेकिन इस चर्चा में अक्सर समाज की अपनी सामूहिक शक्ति पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जाता। भारतीय समाज की संरचना मूलतः सामूहिकता पर आधारित रही है। परिवार केवल सीमित दायरे तक नहीं, बल्कि व्यापक रिश्तों और समुदाय से जुड़ा होता है। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में यह भावना और गहरी दिखाई देती है, जहां कठिन समय में लोग एक-दूसरे का सहारा बनते हैं। इसी सामाजिक परंपरा का एक महत्वपूर्ण प्रतीक रहा है- 'साझा चूल्हा'। यह केवल खाना बनाने का साधन नहीं, बल्कि सामूहिक जीवन का केंद्र था। सीमित संसाधनों के दौर में कई परिवार एक ही चूल्हे पर भोजन बनाते थे, जिससे ईंधन की बचत होती थी और श्रम का विभाजन भी सहज हो जाता था। इससे लोगों के बीच संवाद और संबंध भी मजबूत होते थे।



डॉ. प्रियंका सौरभ
शिक्षिका

समय के साथ तकनीकी विकास और शहरीकरण ने जीवन को सुविधाजनक तो बनाया, लेकिन सामूहिक परंपराओं को कमजोर भी किया। आज लगभग हर घर में अलग रसोई है, जो व्यक्तिगत स्वतंत्रता का प्रतीक है, लेकिन इसके साथ ही सामाजिक दूरी भी बढ़ी है। पड़ोसी भी कई बार एक-दूसरे से अपरिचित रहते हैं। ऐसे में जब गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों की चर्चा होती है, तो हमें केवल राजनीतिक दृष्टिकोण तक सीमित नहीं रहना चाहिए। 'साझा चूल्हा' का विचार आज भी प्रासंगिक हो सकता है, यदि उसे आधुनिक संदर्भ में समझा जाए। हमारे समाज में भंडारे और लंगर की परंपरा इसका जीवंत उदाहरण है। मंदिरों और गुरुद्वारों में हजारों लोग एक ही रसोई से भोजन करते हैं। वहां न कोई भेदभाव होता है और न ही किसी प्रकार की असमानता। यह केवल सेवा ही नहीं, बल्कि सामाजिक एकता का प्रतीक है। इसी भावना को छोटे स्तर पर भी अपनाया जा सकता है। मोहल्लों या समुदायों में कुछ परिवार मिलकर सामूहिक भोजन व्यवस्था कर सकते हैं, खासकर तब जब खर्च अधिक हो या संसाधन सीमित हों। इससे न केवल आर्थिक बचत होगी, बल्कि सामाजिक संबंध भी मजबूत होंगे। साझा चूल्हा केवल आर्थिक समाधान नहीं, बल्कि सामाजिक जुड़ाव का माध्यम भी है। जब लोग साथ बैठकर काम करते हैं और भोजन साझा करते हैं, तो उनके बीच विश्वास और सहयोग बढ़ता है। इससे सामाजिक तनाव भी कम होते हैं।

ग्रामीण जीवन में यह परंपरा आज भी कहीं न कहीं जीवित है। खेती-किसानी और श्रम से जुड़े लोग अक्सर सामूहिक रूप से भोजन की व्यवस्था करते हैं। यह जीवन को सरल और संतुलित बनाने का एक व्यावहारिक तरीका है। इसके विपरीत, शहरी जीवन में सुविधाएं तो बढ़ी हैं, लेकिन सामाजिक जुड़ाव कम हुआ है। लोग अपने-अपने घरों तक सीमित हो गए हैं, जिससे अकेलेपन की भावना भी बढ़ रही है। ऐसे समय में 'साझा चूल्हा' केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि सामाजिक पुनर्संरचना का प्रतीक बन सकता है। यह हमें याद दिलाता है कि समाज की असली ताकत आपसी सहयोग में है। हालांकि आज की परिस्थितियों में इसे हर जगह लागू करना संभव नहीं है, लेकिन इसके मूल विचार सहयोग और साझेदारी को जरूर अपनाया जा सकता है। इतिहास गवाह है कि जब भी संकट आया, भारतीय समाज ने एकजुट होकर उसका सामना किया है। आज भी यदि हम इस भावना को पुनर्जीवित करें, तो कई समस्याओं का समाधान सहज हो सकता है। 'साझा चूल्हा' केवल अतीत की स्मृति नहीं, बल्कि भविष्य की एक दिशा है। यह हमें सिखाता है कि यदि आधुनिकता और परंपरा के बीच संतुलन स्थापित किया जाए, तो समाज और अधिक सशक्त बन सकता है। (यह लेखिका के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा।)

अमृत विचार
# यूरेका

## खोज

### वाई-फाई का आविष्कार

वाई-फाई (Wi-Fi) आज हमारी रोजमर्रा की जिंदगी का अहम हिस्सा है, लेकिन इसका आविष्कार एक ही व्यक्ति द्वारा नहीं, बल्कि कई वैज्ञानिकों के शोध और प्रयोगों के परिणामस्वरूप हुआ। सबसे पहले इसकी नींव 19 वीं सदी में पड़ी, जब जेम्स क्लर्क मैक्सवेल ने विद्युतचुंबकीय तरंगों का सिद्धांत दिया। बाद में हाइनरिख हट्र्ज़ ने इन तरंगों को प्रयोग में सिद्ध किया। यही तरंगें आगे चलकर वायरलेस संचार का आधार बनीं। 20 वीं सदी में रेडियो और वायरलेस तकनीक का विकास हुआ, लेकिन असली क्रांति 1990 के दशक में आई। ऑस्ट्रेलिया की संस्था CSIRO के वैज्ञानिकों की एक टीम ने वायरलेस डेटा ट्रांसमिशन की एक नई तकनीक विकसित की। इस टीम का नेतृत्व जॉन ओ' सुलिवन कर रहे थे। असल में यह टीम अंतरिक्ष में ब्लैक होल से आने वाले रेडियो सिग्नल्स को समझने पर काम कर रही थी। इसी दौरान उन्होंने एक ऐसी तकनीक विकसित की, जिससे रेडियो तरंगों के माध्यम से डेटा को साफ और तेजी से भेजा जा सकता था। यही तकनीक आगे चलकर Wi-Fi का आधार बनी।



इसके बाद 1997 में IEEE ने 802.11 नाम का पहला वायरलेस नेटवर्क मानक जारी किया। यही वह तकनीकी ढांचा है, जिस पर आज का Wi-Fi आधारित है। 'Wi-Fi' नाम खुद कोई तकनीकी शब्द नहीं है, बल्कि यह एक ब्रांड नाम है, जिसे Wi-Fi Alliance ने 1999 में अपनाया। इसका उद्देश्य वायरलेस नेटवर्किंग को आसान और लोकप्रिय बनाना था। आज Wi-Fi रेडियो तरंगों का उपयोग करके आपके मोबाइल, लैपटॉप और अन्य डिवाइस को इंटरनेट से जोड़ता है। इसमें एक राउटर होता है, जो इंटरनेट सिग्नल को वायरलेस रूप में फैलाता है, और आपके डिवाइस उस सिग्नल को पकड़कर डेटा भेजते और प्राप्त करते हैं। Wi-Fi किसी एक आविष्कार का परिणाम नहीं, बल्कि विज्ञान, अंतरिक्ष अनुसंधान और संचार तकनीक के लंबे विकास का नतीजा है, जिसने दुनिया को बिना तारों के जोड़ दिया।

### वैज्ञानिक के बारे में

जॉन ओ सुलिवन का व्यक्तिगत जीवन उतना ही रोचक है, जितना उनका वैज्ञानिक योगदान। उनका जन्म 1946 में ब्रिस्बेन में हुआ था। बचपन से ही उन्हें विज्ञान और गणित में गहरी रुचि थी, जिसने आगे चलकर उनके करियर की दिशा तय की। उन्होंने अपनी उच्च शिक्षा यूनिवर्सिटी ऑफ सीडनी से प्राप्त की, जहां उन्होंने भौतिकी में अध्ययन किया। बाद में उन्होंने सैद्धांतिक भौतिकी में विशेषज्ञता हासिल की। निजी जीवन में वे काफी सरल, शांत और शोध में डूबे रहने वाले व्यक्ति माने जाते हैं। वे प्रचार-प्रसार से दूर रहकर अपने काम पर ध्यान केंद्रित करना पसंद करते थे। उनका पारिवारिक जीवन भी संतुलित रहा है। वे विवाहित हैं और अपने परिवार के साथ साधारण जीवन जीते रहे हैं। अपने काम के अलावा उन्हें संगीत और पढ़ने का भी शौक रहा है, जो उनके व्यक्तित्व के एक संवेदनशील और रचनात्मक पक्ष को दर्शाता है।



# मार्च में आकाश दर्शन

आकाश में चंद्रमा और तारों (या ग्रहों) को देखने का रोमांच कुछ ऐसा है, जो दिल को छू लेता है। यह सिर्फ देखना नहीं, बल्कि महसूस करना है, जैसे ब्रह्मांड खुद आपको बुला रहा हो और आप उसकी विशालता में खो जाना चाहें। खासकर जब चंद्रमा किसी चमकीले ग्रह के पास आता है, तो वह दृश्य रोमांटिक, रहस्यमयी और जादुई लगता है। अब चंद्र ग्रहण से आगे चलते हैं और इस रोमांच पर विस्तार से बात करते हैं कि मार्च, 2026 में आकाश में और क्या घटित होने वाला है।



डॉ. इरफान ह्यूमन
विज्ञान लेखक



### चंद्रमा और शुक्र का संयोजन

आज यानी 20 मार्च को चंद्रमा और शुक्र का संयोजन की घटना घटित होगी, जहां चंद्रमा शुक्र के उत्तर में लगभग 4.4-4.6 की दूरी पर होगा। समय यूटीसी में शाम, भारत में सूर्यास्त के समय (लगभग 18:30-19:00 आईएसटी) दिखेगा। चंद्रमा सिर्फ 1-5 प्रतिशत प्रकाशित (बहुत पतला क्रिसेंट) होगा।

शुक्र बहुत चमकीला-4 magnitude के आसपास) होगा, जो शाम का सबसे चमकीला तारा (संध्या तारा) के रूप में दिखाई देगा। यह पश्चिमी आकाश में निम्न क्षितिज पर होगा और चंद्रमा उसके ऊपर या पास दिखेगा। यह दृश्य सिर्फ 30-60 मिनट तक रहेगा, क्योंकि दोनों जल्दी अस्त हो जाएंगे। इस दृश्य को सूर्यास्त के ठीक बाद पश्चिम में देखा जा सकता है। इसे देखने के लिए किसी दूरबीन की जरूरत नहीं होगी। यह इस माह का सबसे आसान और चमकीला संयोजन होगा।



### ठीक भूमध्य रेखा पर सूर्य

20 मार्च को मार्च विषुव की घटना घटित होगी। यह घटना 14:46 यूटीसी (कोऑर्डिनेटेड यूनिवर्सल टाइम) और 8:16 पीएम आईएसटी (इंडियन स्टैंडर्ड टाइम) पर होगी, तब सूर्य सीधे भूमध्य रेखा पर चमकता दिखाई देगा और दुनियाभर में दिन और रात लगभग बराबर होंगे। यह उत्तरी गोलार्ध में वसंत का पहला दिन भी होता है और दक्षिणी गोलार्ध में पतझड़ अर्थात शरद ऋतु विषुव का पहला दिन भी। अर्थात उत्तरी गोलार्ध में वसंत की शुरुआत और सर्दियों के अंत को चिह्नित करने के लिए मार्च विषुव को लिया जा सकता है, लेकिन दक्षिणी गोलार्ध में शरद ऋतु की शुरुआत और गर्मियों की समाप्ति को चिह्नित करता है।

यह हर साल 19, 20 या 21 मार्च के बीच पड़ता है। 2026 में यह ठीक 20 मार्च को है। एक सामान्य वर्ष के लिए गणना किए गए समय में कमी पिछले वर्ष की तुलना में 5 घंटे 49 मिनट बाद है और पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 18 घंटे 11 मिनट पहले लीप वर्ष के लिए है। खगोल विज्ञान में, मार्च विषुव काल के नक्षत्र समय का शून्य बिंदु माना जाता है। विषुव ऐसा समय-बिंदु होता है, जिसमें दिवस और रात्रि लगभग बराबर होते हैं। इसका शब्दिक अर्थ होता है-समान।

किसी क्षेत्र में दिन और रात की लंबाई को प्रभावित करने वाले कई दूसरे कारक भी होते हैं। पृथ्वी अपनी धुरी पर साढ़े तेईस डिग्री झुके हुए सूर्य के चक्कर लगाती है, इस प्रकार वर्ष में एक बार पृथ्वी इस स्थिति में होती है, जब वह सूर्य की ओर झुकी रहती है और एक बार सूर्य से दूसरी ओर झुकी रहती है। इसी प्रकार वर्ष में दो बार ऐसी स्थिति भी आती है, जब पृथ्वी का झुकाव न सूर्य की ओर ही होता है और न ही सूर्य से दूसरी ओर, बल्कि बीच में होता है। इस स्थिति को विषुव या इक्विनॉक्स कहा जाता है। इन दोनों तिथियों पर दिन और रात की लंबाई लगभग बराबर होती है। यदि दो लोग भूमध्य रेखा से समान दूरी पर खड़े हों तो, उन्हें दिन और रात की लंबाई बराबर महसूस होगी। ग्रेगोरियन वर्ष के आरंभ होते समय (जनवरी माह में) सूरज दक्षिणी गोलार्ध में होता है और वहां से उत्तरी गोलार्ध को अग्रसर होता है। वर्ष के समाप्त होने (दिसंबर माह) तक सूरज उत्तरी गोलार्ध से होकर पुनः दक्षिणी गोलार्द्ध पहुंच जाता है। इस तरह से सूर्य वर्ष में दो बार भू-मध्य रेखा के ऊपर से गुजरता है।

### चंद्रमा और बृहस्पति का संयोजन

26 मार्च को चंद्रमा और बृहस्पति के संयोजन की घटना घटित होगी, जहां चंद्रमा बृहस्पति के उत्तर में लगभग 3.5 की दूरी पर होगा। समय यूटीसी में दोपहर, भारत में रात के समय (शाम से मध्यरात्रि तक) दिखेगा। चंद्रमा 58 प्रतिशत प्रकाशित होगा। इसकी दृश्यता की बात करें, तो बृहस्पति का मैग्नीट्यूड -2.3 के आसपास बहुत चमकीला होगा। यह रात में दक्षिणी आकाश में ऊंचा दिखेगा। चंद्रमा बृहस्पति के पास होगा, जो एक शानदार जोड़ी बनेगी। दूरबीन या छोटे टेलीस्कोप से बृहस्पति के 4 गैलीलियन चंद्रमा भी दिख सकते हैं। इस घटना को शाम 7-8 बजे से रात भर दक्षिण या दक्षिण-पूर्व दिशा में देखें।



## वैज्ञानिक फैक्ट

### पृथ्वी पर ऑक्सीजन का उत्पादन और महासागर

क्या आपने कभी सोचा है कि ऑक्सीजन आखिर आती कहां से है? आमतौर पर हमारा ध्यान घने वर्षावनों, विशेषकर अमेजन जैसे क्षेत्रों की ओर जाता है, जिन्हें 'पृथ्वी के फेफड़े' कहा जाता है, लेकिन एक रोचक वैज्ञानिक तथ्य यह है कि पृथ्वी पर उपलब्ध ऑक्सीजन का एक बहुत बड़ा हिस्सा समुद्रों से आता है। वैज्ञानिकों और समुद्री अनुसंधानों के अनुसार, वैश्विक स्तर पर उत्पादित ऑक्सीजन का लगभग 50 से 60 प्रतिशत भाग महासागरों में रहने वाले सूक्ष्म जीवों द्वारा निर्मित होता है। समुद्रों में पाए जाने वाले फाइटोप्लवक, सूक्ष्म शैवाल और सायनोबैक्टीरिया जैसे जीव प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया के माध्यम से कार्बन डाइऑक्साइड और सूर्य के प्रकाश का



उपयोग कर ऑक्सीजन का उत्पादन करते हैं। ये जीव आकार में अत्यंत सूक्ष्म होते हैं, लेकिन संख्या में इतने विशाल होते हैं कि उनका सामूहिक योगदान पूरे ग्रह के वायुमंडलीय संतुलन को बनाए रखने में निर्णायक भूमिका निभाता है। विशेष रूप से 'प्रोक्लोरोकोकस' नामक सूक्ष्म जीव को पृथ्वी का सबसे अधिक मात्रा में ऑक्सीजन उत्पन्न करने वाला जीव माना जाता है। यह अकेला ही वैश्विक ऑक्सीजन उत्पादन में महत्वपूर्ण योगदान देता है। इसके अतिरिक्त, समुद्री शैवाल की बड़ी प्रजातियां, जैसे केल्प, भी तटीय क्षेत्रों में ऑक्सीजन उत्पादन और कार्बन अवशोषण में अहम भूमिका निभाती हैं। महासागर केवल ऑक्सीजन ही नहीं बनाते, बल्कि वे पृथ्वी के जलवायु तंत्र को भी नियंत्रित करते हैं। ये समुद्री जीव कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर उसे जैविक पदार्थ में परिवर्तित करते हैं, जिससे ग्रीनहाउस गैसों का प्रभाव कम होता है। इसे 'ब्लू कार्बन' प्रक्रिया कहा जाता है, जो जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण मानी जाती है। हालांकि यह संतुलन अब खतरे में है। समुद्री प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, महासागरों का तापमान बढ़ना और अम्लीकरण इन सूक्ष्म जीवों के अस्तित्व को प्रभावित कर रहे हैं। यदि फाइटोप्लवक की संख्या में कमी आती है, तो इसका सीधा प्रभाव वैश्विक ऑक्सीजन उत्पादन और जलवायु संतुलन पर पड़ेगा। इसलिए यह समझना आवश्यक है कि ऑक्सीजन केवल जंगलों से ही नहीं, बल्कि महासागरों की गहराइयों में बसे सूक्ष्म जीवन से भी आती है। यह ज्ञान हमें पर्यावरण संरक्षण की व्यापक दृष्टि अपनाने के लिए प्रेरित करता है, जिसमें समुद्रों की सुरक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी वनों की।

## मरीन लाइफ



### जब नर समुद्री घोड़ा देता है जन्म

समुद्री जीवों की दुनिया में एक अद्भुत अपवाद के रूप में नर समुद्री घोड़े ही गर्भ धारण करते हैं। दरअसल समुद्री घोड़ा की शारीरिक संरचना में एक विशेष थैली होती है, जो उसके पेट के हिस्से में विकसित होती है। प्रजनन के दौरान मादा अपने अंडों को नर की इस थैली में स्थानांतरित कर देती है। इसके बाद निषेचन की प्रक्रिया नर के शरीर के भीतर ही होती है, जो इसे अन्य अधिकांश जीवों से अलग बनाती है। नर समुद्री घोड़ा इस थैली में अंडों को केवल सुरक्षित ही नहीं रखता, बल्कि उन्हें पोषण और ऑक्सीजन भी प्रदान करता है। यह थैली किसी हद तक स्तनधारियों के गर्भाशय की तरह कार्य करती है, जहां भ्रूण का विकास नियंत्रित वातावरण में होता है। प्रजाति के अनुसार 10 से 25 दिनों तक गर्भधारण की अवधि पूरी होने के बाद नर समुद्री घोड़ा संकुचन के माध्यम से सैकड़ों से लेकर लगभग 2,000 तक शिशुओं को जन्म देता है। यह प्रक्रिया देखने में किसी छोटे 'प्राकृतिक प्रसव' जैसी प्रतीत होती है।

समुद्री घोड़ों की एक और रोचक विशेषता उनका एकनिष्ठ व्यवहार है। कई प्रजातियों में नर और मादा लंबे समय तक एक ही जोड़ी के रूप में रहते हैं और रोजाना 'डांस' जैसे व्यवहार के माध्यम से अपने संबंध को मजबूत करते हैं। यह समन्वय प्रजनन प्रक्रिया को सफल बनाने में सहायक होता है। इसके अतिरिक्त, समुद्री घोड़े उत्कृष्ट छलावरण क्षमता रखते हैं। वे अपने आसपास के वातावरण के अनुसार रंग बदल सकते हैं और समुद्री घास या प्रवाल के बीच आसानी से छिप जाते हैं, जिससे वे शिकारियों से बच पाते हैं। उनकी पूंछ लचीली होती है, जिससे वे समुद्री पौधों को पकड़कर स्थिर रह सकते हैं, क्योंकि वे अन्य मछलियों की तरह तेजी से तैर नहीं पाते। हालांकि इन अद्भुत जीवों का अस्तित्व आज कई खतरों से घिरा है। समुद्री प्रदूषण, तटीय आवासों का विनाश, जलवायु परिवर्तन और अवैध व्यापार (विशेषकर पारंपरिक दवाओं और सजावटी वस्तुओं के लिए) इनके लिए गंभीर चुनौती बन चुके हैं। इसलिए समुद्री घोड़ों का संरक्षण केवल जैव विविधता की रक्षा नहीं, बल्कि समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन को बनाए रखने के लिए भी आवश्यक है।

# पारिस्थितिकी के विघटन की चेतावनी लुप्त होती गौरैया

भारतीय जनजीवन में प्रकृति और जीव-जंतुओं के साथ सह-अस्तित्व की परंपरा अत्यंत प्राचीन रही है। इसी परंपरा की एक सहज अभिव्यक्ति है गौरैया, जो केवल एक पक्षी नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के साथ विकसित हुई सांस्कृतिक स्मृति भी है। ग्राम्य जीवन में मिट्टी के घर, खपरैल की छतें, खुले आंगन और वृक्षों से युक्त वातावरण गौरैया के लिए आदर्श आवास प्रदान करते थे। उस समय मानव और प्रकृति के बीच कोई कृत्रिम दूरी नहीं थी, इसलिए गौरैया हर घर का हिस्सा बनकर रहती थी और उसकी चहचहाहट जीवन की सरलता का प्रतीक मानी जाती थी। समय के साथ औद्योगिक विकास और शहरीकरण ने इस संतुलन को प्रभावित किया। आधुनिक निर्माण पद्धतियों, रासायनिक कृषि और कृत्रिम जीवनशैली के कारण गौरैया का प्राकृतिक आवास और भोजन स्रोत दोनों ही प्रभावित हुए हैं। परिणामस्वरूप, जो पक्षी कभी सर्वत्र दिखाई देता था, वह आज अनेक क्षेत्रों में दुर्लभ हो गया है।



वैज्ञानिक दृष्टि से गौरैया का महत्व अत्यंत व्यापक है। यह एक कीटभक्षी पक्षी है, जो विशेष रूप से अपने बच्चों के पालन-पोषण के समय कीटों का सेवन करती है। कीट प्रोटीन से भरपूर होते हैं, जो बच्चों के शारीरिक विकास के लिए आवश्यक होते हैं। किंतु रासायनिक कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग ने कीटों की संख्या को गंभीर रूप से कम कर दिया है। इससे गौरैया के बच्चों के पोषण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है और उनकी मृत्यु दर बढ़ जाती है। रासायनिक खादों का प्रभाव भी इस संकट को बढ़ाता है। इनके निरंतर उपयोग से मृदा की गुणवत्ता और उसमें रहने वाले सूक्ष्म जीव प्रभावित होते हैं, जो खाद्य श्रृंखला की आधारशिला हैं। जब यह आधार कमजोर होता है, तो उसका प्रभाव पूरे पारिस्थितिकी तंत्र पर पड़ता है। इसके साथ ही रासायनिक अवशेष गौरैया के शरीर में पहुंचकर उसकी प्रजनन क्षमता और जीवनकाल को भी प्रभावित करते हैं।



डॉ. जितेंद्र शुक्ला
वन्य जीव विशेषज्ञ

सामाजिक परिवर्तन भी इस संकट के लिए उत्तरदायी हैं। पहले लोग अपने घरों में दाना-पानी रखते थे और पक्षियों के लिए स्थान छोड़ते थे। आज की जीवनशैली में यह परंपरा लगभग समाप्त हो गई है। इसके अतिरिक्त जल स्रोतों की कमी और शहरी क्षेत्रों में बढ़ती स्वच्छता की प्रवृत्ति ने भी गौरैया के लिए उपलब्ध संसाधनों को सीमित कर दिया है। यह सभी परिवर्तन मिलकर उसके अस्तित्व को चुनौती देते हैं। पारिस्थितिकी तंत्र में गौरैया का महत्व अत्यंत व्यापक है। यह केवल कीट नियंत्रण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह ऊर्जा प्रवाह और पोषण चक्र का भी एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह बीजों के प्रसार में सहायक होती है और पौधों की विविधता बनाए रखने में योगदान देती है। इसके अतिरिक्त यह स्वयं भी अन्य जीवों के लिए भोजन का स्रोत बनती है। इस प्रकार यह खाद्य जाल की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। जब यह कड़ी कमजोर होती है, तो पूरे तंत्र पर उसका प्रभाव पड़ता है। यही कारण है कि गौरैया को जैव संकेतक के रूप में भी देखा जाता है। इसकी संख्या में गिरावट यह संकेत देती है कि पर्यावरण में ऐसे परिवर्तन हो रहे हैं, जो अन्य जीवों के लिए भी हानिकारक हो सकते हैं।

यदि हम इस संकट को केवल एक पक्षी की समस्या मानकर अनदेखा करते हैं, तो यह हमारी सबसे बड़ी भूल होगी। गौरैया का लुप्त होना उस व्यापक पर्यावरणीय संकट का प्रारंभिक संकेत है, जो भविष्य में और भी गंभीर रूप ले सकता है। यह हमें चेतावनी देता है कि हमारा विकास प्रकृति के अनुकूल नहीं है और यदि हमने समय रहते इसमें सुधार नहीं किया, तो इसका परिणाम अत्यंत गंभीर हो सकता है। इस स्थिति को सुधारने के लिए आवश्यक है कि हम अपने विकास के मॉडल पर पुनर्विचार करें। हमें रासायनिक कीटनाशकों और खादों के उपयोग को सीमित करना होगा और जैविक उपायों को अपनाना होगा। शहरी क्षेत्रों में हरित स्थानों का संरक्षण और विस्तार आवश्यक है। घरों और भवनों में ऐसे स्थानों की व्यवस्था की जा सकती है, जहां गौरैया घोंसला बना सके। इसके साथ ही लोगों में जागरूकता बढ़ाना भी आवश्यक है ताकि वे अपने आसपास के पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बन सकें।

गौरैया का संकट हमें यह सिखाता है कि प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखना ही हमारे अस्तित्व की कुंजी है। यह केवल एक पक्षी की रक्षा का प्रश्न नहीं है, बल्कि उस पारिस्थितिक संतुलन की रक्षा का प्रश्न है, जिस पर समस्त जीवन निर्भर करता है। यदि हम इस चेतावनी को समय रहते समझ लें और अपने व्यवहार में परिवर्तन करें, तो संभव है कि आने वाली पीढ़ियां भी उस मधुर चहचहाहट को सुन सकें, जो हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा हुआ करती है।

## बिजीनेस ब्रीफ

### आवासीय परियोजना से 3,000 करोड़ कमाएगी महिंद्रा लाइफस्पेस

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी महिंद्रा लाइफस्पेस डेवलपर्स लिमिटेड को मुंबई में अपने नए आवासीय परियोजना से लगभग 3,000 करोड़ रुपये का राजस्व मिलने की उम्मीद है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को एक नियामकीय सूचना में कहा कि उसने मुंबई के कांजुर में एलबीएस मार्ग पर एक मिश्रित-उपयोग परियोजना 'महिंद्रा रेनफॉरेस्ट' के पहले दो चरण की पेशकश की है।

### 'नवरात्रि महोत्सव' में ग्राहकों को कई तरह की छूट देगी ओला

**नई दिल्ली।** ओला इलेक्ट्रिक ने 'नवरात्रि महोत्सव' की शुरुआत करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। इसके तहत कंपनी के एस1 स्कूटर और रोडस्टर मोटरसाइकिल खंड पर 30,000 रुपये से अधिक के लाभ दिए जा रहे हैं। चैत्र नवरात्रि के नौ दिवसीय उत्सव के तहत कंपनी नकद छूट, विस्तारित वारंटी और 'इंस्टेंट कैशबैक' जैसे कई पेशकश लाई है। कंपनी के बयान के अनुसार, उत्सव के माहौल को और बढ़ाते हुए ओला इलेक्ट्रिक रोजाना 90 मिनट के 'मुहूर्त' खिड़की आयोजित करेगी। इसमें चुनिंदा मॉडल की सीमित इकाइयां विशेष एवं सीमित समय की कीमतों पर उपलब्ध होंगी। ओला के प्रवक्ता ने कहा कि यह 'नवरात्रि महोत्सव' हमारे ग्राहकों के साथ नए आरंभ और समृद्धि की भावना का उत्सव मनाने का तरीका है।

### बीएमडब्ल्यू ने उतारा 'मिनी कूपर एस' का विक्ट्री संस्करण

**जयपुर।** जर्मनी की वाहन कंपनी बीएमडब्ल्यू ने लक्जरी कार ब्रांड 'मिनी' का विशेष संस्करण 'मिनी कूपर एस विक्ट्री संस्करण' बृहस्पतिवार को भारतीय बाजार में पेश किया। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सीमित संख्या में बनने वाली यह कार तुरंत ग्राहकों को उपलब्ध होगी। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के मुख्य कार्यकारी (सीईओ) हरदीप सिंह बरार ने यहां मीडिया से कहा कि इसे जयपुर में पहली बार पेश करते हुए भारतीय बाजार में उतारा गया है। इसकी शोरूम कीमत 57,50,000 रुपये है। इस विशेष संस्करण की सीमित कारें बनाई जाएंगी।

### गुजरात को पछाड़ तमिलनाडु बना देश का शीर्ष वस्त्र निर्यातक

**चेन्नई।** तमिलनाडु वस्त्र निर्यात के मामले में देश का शीर्ष राज्य बनकर उभरा है। राज्य ने वित्त वर्ष 2024-25 में 799.717 करोड़ अमेरिकी डॉलर के निर्यात दर्ज किए जो पिछले चार वर्षों में 29.12 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, पिछले चार वर्ष में राज्य के निर्यात मूल्य में 29 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने कहा कि तमिलनाडु ने गुजरात और महाराष्ट्र जैसे प्रतिस्पर्धी राज्यों को पीछे छोड़कर पहला स्थान हासिल किया है।

### तपूकड़ा संयंत्र में होंडा करेगी 1,500 करोड़ रुपये का निवेश

**नई दिल्ली।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) राजस्थान के तपूकड़ा स्थित अपने संयंत्र में तीसरी उत्पादन लाइन स्थापित करने के लिए करीब 1,500 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बयान में यह जानकारी देते हुए बताया कि इस नई इकाई के वर्ष 2028 में शुरू होने की उम्मीद है।

# आईबीसी का दुरुपयोग करना अर्थव्यवस्था के लिए घातक : मुंबई हाईकोर्ट

**मुंबई, एजेंसी**

मुंबई उच्च न्यायालय ने कर्ज न चुकाने वालों और गारंटी देने वालों द्वारा दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) के प्रावधानों के दुरुपयोग पर कड़ी आपत्ति जताई है। अदालत ने कहा कि कर्ज चुकाने की अवधि में छूट (मोरेटोरियम) का लाभ उठाकर कानूनी सुरक्षा की आड़ लेने की यह प्रवृत्ति देश की अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है।

न्यायमूर्ति मनीष पितले और न्यायमूर्ति श्रीराम शिरसाट की पीठ ने बुधवार को दिए एक आदेश में कहा कि चूककर्ताओं की ऐसी रणनीतियां आईबीसी के मूल उद्देश्य को विफल करती हैं और सुरक्षित लेनदारों द्वारा उठाए गए कानूनी कदमों को पंगु बना देती हैं। अदालत ने स्पष्ट किया कि जब कानूनी प्रावधानों का दुरुपयोग न्याय की विफलता का कारण बने, तो वह मूकदर्शक नहीं बनी रह सकती।

अदालत ने एक चिंताजनक प्रवृत्ति की ओर इशारा करते हुए कहा कि जानबूझकर कर्ज न चुकाने वाले लोग सुरक्षित लेनदारों और नीलामी खरीदारों को (वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम) 'सरफेसी अधिनियम' के तहत कार्रवाई करने से रोकने के लिए आईबीसी का सहारा लेते हैं।

पीठ ने यह भी कहा कि अक्सर देखा गया है कि कर्जदार पूरी नीलामी प्रक्रिया के दौरान शांत रहते हैं और अंत में आईबीसी के तहत मिलीभगत वाली कार्यवाही शुरू कर देते हैं ताकि ऋण भुगतान पर रोक का दावा किया जा सके। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि आईबीसी का उद्देश्य संपत्ति के मूल्य को अधिकतम करना और सभी हितधारकों के हितों को संतुलित करना था। लेकिन चूककर्ताओं द्वारा अपनाई जा रही ये रणनीतियां इस उद्देश्य को विफल कर रही हैं, वहीं देश के वित्तीय स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुंचा रही हैं।

# एचडीएफसी बैंक के चेयरमैन का इस्तीफा, कमान मिस्त्री को

## अतनु चक्रवर्ती ने त्याग पत्र में लगाया संचालन में अनैतिकता का आरोप, बोले-मेरे मूल्यों के अनुरूप नहीं

**मुंबई, एजेंसी**



देश के अग्रणी निजी ऋणदाता एचडीएफसी बैंक के अंशकालिक चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती ने बैंक के संचालन में अनैतिकता के आरोप लगाते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी श्री चक्रवर्ती ने 17 मार्च 2026 को तत्काल प्रभाव से अपना इस्तीफा दिया था। बैंक ने बुधवार देर रात शेयर बाजार को बताया कि उनका इस्तीफा 18 मार्च को दोपहर बाद तीन बजकर 17 मिनट पर प्राप्त हुआ। बैंक ने भारतीय रिजर्व बैंक से स्वीकृति मिलने के बाद श्री केकी मिस्त्री को तीन महीने के लिए अंतरिम अंशकालिक चेयरमैन नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति गुरुवार 19 मार्च से प्रभावी हो गयी है।

श्री चक्रवर्ती ने अपने त्यागपत्र में बैंक के संचालन के तौर-तरीकों पर गंभीर आरोप लगाये हैं। लिखा है कि पिछले दो वर्षों में मैंने बैंक के भीतर कुछ ऐसी घटनाएं और चलन देखे हैं जो मेरे व्यक्तिगत मूल्यों और नैतिकता के अनुरूप नहीं रहे हैं। यही मेरे निर्णय (इस्तीफे) का आधार है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि उनके इस्तीफे का और "कोई अन्य महत्वपूर्ण कारण नहीं है"। उनके कार्यकाल में बैंक के एचडीएफसी लिमिटेड के साथ विलय का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा है कि इस रणनीतिक पहल ने एचडीएफसी बैंक को देश का दूसरा सबसे बड़ा बैंक बना दिया, हालांकि "इस विलय का लाभ अभी पूरी तरह साकार होना बाकी है"।

श्री चक्रवर्ती भारतीय प्रशासनिक सेवा से अप्रैल 2020 में सेवानिवृत्त हुए। उस समय वह वित्त मंत्रालय में आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव थे। वह मई 2021 में एचडीएफसी बैंक के निदेशक मंडल में स्वतंत्र निदेशक के रूप में शामिल हुए थे। स्वतंत्र निदेशक के रूप में उनका तीन साल का कार्यकाल समाप्त होने के बाद मई 2024 में उन्हें दोबारा तीन साल के लिए स्वतंत्र निदेशक बनाया गया गया था। इस्तीफे की बात समाने आने के बाद गुरुवार को बैंक का शेयर आज एक समय 8.42 प्रतिशत लुढ़ककर 772 रुपये पर आ गया था। वहां से उबर कर यह शेयर समाचार लिखे जाने के समय 4.26 प्रतिशत की गिरावट में 807 रुपये पर चल रहा था। बुधवार को बैंक का शेयर 842.95 रुपये पर बंद हुआ था।

### मजबूत बुनियाद वाला संस्थान: एम. नागराजू

नयी दिल्ली, एजेंसी। वित्तीय सेवा सचिव एम. नागराजू ने बृहस्पतिवार को कहा कि एचडीएफसी बैंक 'मजबूत बुनियाद वाला मजबूत संस्थान' है। एचडीएफसी बैंक के चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती के नैतिक चिंताओं का हवाला देते हुए इस्तीफा देने के बाद नागराजू ने यह बात कही। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि एचडीएफसी बैंक मजबूत बुनियाद वाला मजबूत संस्थान है। बैंक के आवेदन पर भारतीय रिजर्व बैंक ने 18 मार्च, 2026 को केकी मिस्त्री को 19 मार्च, 2026 से तीन महीने की अवधि के लिए अंतरिम अंशकालिक चेयरमैन नियुक्त करने की मंजूरी दे दी है।

### चिंताएं स्पष्ट करने को कहा गया था: सीईओ

**मुंबई, एजेंसी।** एचडीएफसी बैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक शशिधर जगदीशन ने बृहस्पतिवार को कहा कि बैंक के पूर्व चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती को अपने इस्तीफे के फैसले पर पुनर्विचार करने, नैतिकता से संबंधित चिंताओं पर विस्तार से बताने और इस्तीफे में उपयोग किये गये कुछ शब्दों को वापस लेने के लिए कहा गया था। इस अप्रत्याशित कदम के बाद संवाददाताओं से बातचीत में बैंक के निदेशक मंडल के अधिकतर सदस्यों ने कहा कि वह चक्रवर्ती के इस कदम से 'हैरान' हैं क्योंकि उन्होंने इस्तीफे में जिन चिंताओं का जिक्र किया है, उनके बारे में साफ-साफ कुछ नहीं बताया।

### इस्तीफा चिंता की बात नहीं: आरबीआई

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बृहस्पतिवार को कहा कि बैंक के आचरण या शासन के संबंध में कोई बड़ी चिंता की बात नहीं है। आरबीआई ने बयान में कहा कि एचडीएफसी बैंक एक घरेलू प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण बैंक (डी-एसआईबी) है जिसके पास मजबूत वित्तीय स्थिति, पेशेवर तरीके से संचालित बोर्ड और सक्षम प्रबंधन दल है। हमारे समय-समय पर किए गए आकलन के आधार पर, इसके आचरण या शासन के संबंध में कोई बड़ी चिंता नहीं है। बयान में जोर दिया गया कि बैंक के पास पर्याप्त पूंजी है और उसकी वित्तीय स्थिति संतोषजनक बनी हुई है। साथ ही पर्याप्त नकदी भी मौजूद है।

# एलपीजी की बुकिंग सामान्य की ओर लेकिन स्थिति अब भी चिंताजनक

## घबराहट में की गई बुकिंग 13 मार्च को 87.7 लाख पहुंची थी, 18 को घटकर 57 लाख पहुंची

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



● पश्चिम एशिया संकट से पहले प्रतिदिन औसतन हो रही थी 55 लाख सिलेंडर की बुकिंग

देश में घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) के भरे हुए सिलेंडर की बुकिंग युद्ध-पूर्व के सामान्य स्तर के करीब पहुंच रही है, जो स्थिति में धीरे-धीरे सुधार का संकेत है। हालांकि, पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण कच्चे माल की आपूर्ति में जारी व्यवधानों के चलते होटल सहित व्यावसायिक उपभोक्ताओं पर आपूर्ति प्रतिबंध अब भी लागू हैं। ईरान पर 28 फरवरी को हुए सैन्य हमलों से पहले देश के 33 करोड़ से अधिक घरेलू एलपीजी उपभोक्ता औसतन प्रतिदिन लगभग 55 लाख सिलेंडर बुक कर रहे थे। तनाव बढ़ने के बाद ''होर्मुज जलडमरूमध्य'' के बंद होने से भारत की लगभग 60 प्रतिशत गैस आपूर्ति बाधित हो गई, जिससे व्यावसायिक आपूर्ति में कटौती करनी पड़ी और घरेलू उपभोक्ताओं में घबराहट के कारण भारी बुकिंग शुरू हो गई।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि 13 मार्च को घबराहट में की गई बुकिंग का आंकड़ा 87.7 लाख के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था, जो 18 मार्च को घटकर 56-57 लाख पर आ गया है। उन्होंने कहा कि घबराहट में की जाने वाली बुकिंग कम हो रही है और सरकार परिवारों को आपूर्ति में प्राथमिकता दे रही है।

शर्मा ने स्पष्ट किया कि गैस आपूर्ति की स्थिति अब भी चिंताजनक बनी हुई है, लेकिन किसी भी वितरक के पास भंडार पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। हालांकि, व्यावसायिक उपयोगकर्ताओं को उनकी आवश्यकता का केवल पांचवां हिस्सा (20 प्रतिशत) ही मिल पा रहा है।

उन्होंने बताया कि पिछले दो सप्ताह में घरेलू गैस उत्पादन में 40 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियां बुकिंग के साथ तालमेल बिठाने के लिए अतिरिक्त पालियों में काम कर रही हैं।

सुजाता शर्मा ने बताया कि देश में ऑनलाइन बुकिंग बढ़कर 94% पहुंच गई है। करीब 83% रीफिल डिलीवरी 'डिलीवरी ऑथेंटिकेट' कोड यानी ओटीपी के जरिए हो रही है। पैनिक बुकिंग में कमी आ रही है। 18 मार्च को 56 लाख से अधिक की बुकिंग के मुकाबले 54.91 लाख सिलेंडरों की आपूर्ति की गई।

### कोयला आपूर्ति को कोल इंडिया ने उठाए कदम

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच सरकार ने बृहस्पतिवार को कहा कि घरेलू कोयला उत्पादन उपभोक्ताओं की मांग के अनुरूप है। देश के कुल कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत से अधिक की हिस्सेदारी रखने वाली कोल इंडिया ने एहतियाती कदम उठाते हुए चालू माह में 29 ई-नीलामी आयोजित करने की योजना बनाई है। इसके तहत लगभग 2.35 करोड़ टन कोयले की पेशकश की जाएगी। कोयला मंत्रालय ने बयान में कहा कि इन 29 नीलामियों में से 12 मार्च, 2026 से अब तक पांच नीलामी आयोजित की जा चुकी हैं। इनमें 73.1 लाख टन कोयले की पेशकश की गई थी, जिसमें से 31.96 लाख टन की बुकिंग हो चुकी है, जो ई-नीलामी में कोयले की पर्याप्त उपलब्धता को दर्शाता है।

### दो सप्ताह में दिए पीएनजी के सवा लाख नये कनेक्शन

शर्मा ने बताया कि सरकार उपभोक्ताओं को पाइप के जरिये आपूर्ति की जाने वाली रसोई गैस (पीएनजी) अपनाने के लिए भी प्रोत्साहित कर रही है और पिछले दो सप्ताह में 1.25 लाख नए कनेक्शन जारी किए गए हैं। कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए राज्यों में छापेमारी और प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई जारी है। केंद्र सरकार ने 18 मार्च को सभी राज्य सरकारों को पत्र लिखकर उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाने और मिट्टी के तेल (केरोसिन) जैसे वैकल्पिक ईंधनों को बढ़ावा देने का निर्देश दिया है।



टाटा ग्रुप के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन, भारत में ब्रिटिश हाई कमिश्नर लिंडी कैमरन और अन्य लोगों के साथ, नई दिल्ली में 'केबीई' का प्रतीक चिन्ह प्राप्त करने के बाद।

# टाटा समूह के चेयरमैन को ब्रिटेन का 'नाइटहुड' सम्मान

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

टाटा समूह के चेयरमैन नटराजन चंद्रशेखरन को भारत-ब्रिटेन व्यापार संबंधों को मजबूत करने में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए ब्रिटिश सरकार ने मानद 'नाइटहुड' से सम्मानित किया है।

ब्रिटिश उच्चायुक्त के आवास पर बुधवार रात आयोजित कार्यक्रम में उन्हें 'नाइट कमांडर ऑफ द मोस्ट एक्सीलेंट ऑर्डर ऑफ द ब्रिटिश एम्पायर (केबीई)' की उपाधि प्रदान की गई। यह ब्रिटेन का एक प्रतिष्ठित सर्वोच्च नागरिक सम्मान है, जो विदेशी नागरिकों को उनकी असाधारण सेवाओं के लिए दिया जाता है।

ब्रिटिश उच्चायोग ने बयान में कहा कि टाटा समूह, ब्रिटेन में लंबे समय से निवेश करता आया है। यह निवेश मोटर वाहन, इस्पात, प्रौद्योगिकी और उपभोक्ता क्षेत्रों तक फैला है। यह ब्रिटेन में रोजगार, उन्नत विनिर्माण एवं स्वच्छ प्रौद्योगिकियों की ओर बदलाव को समर्थन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

भारत में ब्रिटेन की उच्चायुक्त लिंडी कैमरून ने चंद्रशेखरन को ब्रिटेन का बेहतरीन मित्र और भारत के कॉरपोरेट जगत की एक प्रतिष्ठित हस्ती बताया।

यह सम्मान ब्रिटेन के राजा चार्ल्स तृतीय की ओर से कैमरून ने चंद्रशेखरन को प्रदान किया।

# अमेरिका ने नहीं बदली ब्याज दरें महंगाई को लेकर बढ़ी चिंता

**वाशिंगटन, एजेंसी**

पश्चिम एशिया संकट से उपजी वैश्विक अनिश्चितता और कच्चे तेल की कीमतों में आये भारी उछाल के बीच अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने बाजार की उम्मीद के विपरीत रेपो दरों में कोई कटौती नहीं की है। फेड की दो दिन चली बैठक के बाद बुधवार को जारी बयान में कहा गया है कि अर्थव्यवस्था की वृद्धि मजबूत बनी हुई है, लेकिन हाल के महीनों में नये रोजगार की रफ्तार सुस्त रही है और मुद्रास्फीति बढ़ी हुई है। साथ ही पश्चिम एशिया के घटनाक्रम के अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर प्रभाव में भी अनिश्चितता है।

अमेरिकी केंद्रीय बैंक ने बताया कि समिति ने दरों को 3.5 से 3.75 प्रतिशत के बीच स्थिर रखने का फैसला किया है। समिति के 12 में से 11 सदस्यों ने फैसले के पक्ष में वोट दिया जबकि स्टिफन माइरन एक-चौथाई प्रतिशत की कटौती के पक्ष में थे। बयान में कहा गया है कि फेड का लक्ष्य रोजगार को अधिकतम करना और महंगाई दर को दो प्रतिशत पर रखना है। संवाददाताओं से बात करते हुए फेड के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ने कहा कि इस समय बेरोजगारी दर दीर्घावधि औसत के आसपास है और मुद्रास्फीति उससे एक प्रतिशत ऊपर है। उन्होंने कहा मुद्रास्फीति में जितनी कमी का अनुमान था उतनी देखने को नहीं मिली है।

# आर्सेलर मित्तल और निप्पॉन शुरू करेंगी इस्पात संयंत्र पर काम

**अमरावती, एजेंसी।** आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया आंध्र प्रदेश में अपने प्रस्तावित एकीकृत इस्पात संयंत्र पर काम अगले सप्ताह से शुरू करेगी। इससे भारत की सबसे बड़ी नई इस्पात परियोजना की शुरुआत होगी। आर्सेलरमित्तल एवं निप्पॉन स्टील के संयुक्त उद्यम वाली यह कंपनी पहले चरण में करीब 70,000 करोड़ रुपये का निवेश कर विशाखापत्तनम के पास 82 लाख टन प्रति वर्ष क्षमता स्थापित करेगी।

# बाजार में गिरावट एफपीआई के लिए भारत में निवेश का बड़ा अवसर : सेबी

**मुंबई, एजेंसी**

पश्चिम एशिया संघर्ष के बाद शेयर बाजार में आई गिरावट विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के लिए भारत में निवेश बढ़ाने का बेहद बड़ा अवसर पेश करती है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पूर्णकालिक सदस्य कमलेश चंद्र वार्ष्णेय ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय पूंजी बाजार इस समय काफी आकर्षक है और एफपीआई के रूप में पंजीकृत निवेशकों के लिए अच्छा अवसर प्रदान करता है।

उन्होंने यहां रूस-भारत पूंजी बाजार एकीकरण मंच में कहा कि पिछले कुछ महीनों में जो हालात बने हैं, खासकर युद्ध शुरू होने के बाद...उसके मद्देनजर भारतीय शेयर बाजार में निवेश का बड़ा अवसर है। कई रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में एफपीआई भारतीय बाजारों में शुद्ध बिकवाल बने हुए हैं और मार्च के पहले 12 दिन में ही उन्होंने 77,000 करोड़ रुपये से अधिक की बिकवाली की है। कार्यक्रम में वार्ष्णेय ने रूस से भारत में निवेश को सुगम बनाने के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया और इसके लिए विशेष आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कार्यसमूह बनाने का प्रस्ताव भी रखा। उन्होंने रूसी कंपनियों से भारत में आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने का भी आग्रह किया और कहा कि कुछ विदेशी कंपनियों की भारतीय इकाइयों का मूल्यांकन उनके घरेलू बाजार में स्थित मूल कंपनी से अधिक होता है।

# रूसी साझेदारों को रिजर्व बैंक उपलब्ध करा रहा रुपये के उपयोग के विकल्प

**मुंबई, एजेंसी**



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) अपने रूसी व्यापारिक साझेदारों को भारतीय रुपये के उपयोग के लिए अधिक विकल्प उपलब्ध कराने पर काम कर रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बैंक मौजूदा रूसी व्यापार साझेदारों के संचित भारतीय रुपये का निपटान करने को लेकर भारत में आयात के लिए या पूंजी निवेश करने के विकल्पों पर विचार कर रहा है।

आरबीआई के विदेशी मुद्रा विभाग के मुख्य महाप्रबंधक एन सेंथिल कुमार ने मुंबई में आयोजित रूस-भारत मंच में कहा कि हम रूसी साझेदारों द्वारा यहां संचित भारतीय रुपये का उपयोग आयात के लिए या भारत में पूंजी निवेश आदि के लिए करने के विभिन्न विकल्प उपलब्ध कराने पर काम कर रहे हैं।

पिछले कुछ वर्षों से, दोनों देश द्विपक्षीय व्यापार निपटान के लिए स्थानीय मुद्राओं पर ध्यान दे रहे हैं और डॉलर पर निर्भरता कम की है। पिछले वर्ष, आरबीआई को सरकारी प्रतिभूतियों में अधिशेष शेष राशि का निवेश करने की अनुमति दी गई थी। कुमार ने स्थानीय मुद्राओं में लेनदेन करने में संबंधित पक्षों के बीच ''सुस्ती'' का उल्लेख किया और कहा कि इसे दूर करने की आवश्यकता है।

कुमार ने कहा कि निर्यातकों और आयातकों के बीच स्थानीय मुद्राओं के उपयोग को लेकर कुछ हद तक भरोसा होना चाहिए। इससे रुपये में होने वाले लेन-देन का स्तर बढ़ेगा। इसके अतिरिक्त, उन्होंने रुपये-रूबल लेन-देन बढ़ाने का भी आग्रह किया। कुमार ने कहा कि लेन-देन के बिना बाजार विकसित नहीं हो सकता। इसलिए, जैसे-जैसे हम लेन-देन करते रहेंगे और देखेंगे कि रुपये-रूबल सौदों में लोगों की रुचि बढ़ रही है, वैसे-वैसे बाजार विकसित होता जाएगा।

उपलब्धि

बरेली की लीड्स जेनेटिक्स ने पायी बड़ी उपलब्धि

# गिर मवेशियों के भ्रूण स्थानांतरण में 60% सफलता का दावा

**बरेली, एजेंसी**

कृषि व्यापार कंपनी बीएल एग्रो ने बृहस्पतिवार को बताया कि उसकी अनुषंगी कंपनी लीड्स जेनेटिक्स ने यहां अपने सुविधा केंद्र में ब्राज़ील से आयातित गिर मवेशियों के उच्च-गुणवत्ता वाले भ्रूण को 255 देसी गायों में सफलतापूर्वक स्थानांतरित किया है। कंपनी ने दावा किया है कि पहले बैच में गर्भधारण की सफलता दर 60 प्रतिशत रही, जो उद्योग के मानकों के हिसाब से एक रिकॉर्ड है। ये भ्रूण ब्राज़ील की कंपनी फेजेन्डा फ्लोरेशिया से लिए गए थे। इन्हें 'ओवम पिक-अप इन-विट्रो फ़र्टिलाइज़ेशन' (ओपीयू-आईवीएफ) तकनीक से तैयार किया गया था। ये गिर नस्ल के ऐसे मवेशियों से लिए गए हैं जिनमें प्रतिदिन 40 लीटर तक दूध देने की क्षमता है।

बीएल एग्रो के प्रबंध निदेशक, आशीष खंडेलवाल ने पत्रकारों को बताया कि भ्रूण स्थानांतरण के पहले बैच में शामिल 116 मवेशियों में गर्भधारण की सफलता दर 60 प्रतिशत रही है, जो उद्योग के मानकों के हिसाब से अपने आप में एक रिकॉर्ड है। भारत में देसी मवेशियों से दूध का औसत उत्पादन लगभग 4.5 लीटर प्रतिदिन है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है, लेकिन लंबे समय से यहां प्रति पशु कम उत्पादकता की समस्या बनी हुई है। भ्रूण स्थानांतरण का यह काम बरेली स्थित बीएल कामधेनु फार्म्स में किया गया। यहीं पर कंपनी का 'मवेशी प्रजनन और डेयरी प्रौद्योगिकी उत्कृष्टता केंद्र' भी स्थित है, जो अत्याधुनिक आईवीएफ, पैथोलॉजी और जीनोमिक्स प्रयोगशालाओं से सुसज्जित है। जिन गायों में भ्रूण स्थानांतरित किया गया, वे गिर, साहीवाल और होल्स्टीन फ्रीज़ियन नस्ल की हैं। फेजेन्डा फ्लोरेशिया की पशु चिकित्सा विशेषज्ञ अमांडा फ़ैंटुची, जो इस भ्रूण स्थानांतरण प्रक्रिया की देखरेख कर रही थीं, ने बताया कि भारत में मिली सफलता दर ब्राज़ील की तुलना में कहीं ज़्यादा रही है।

लीड्स जेनेटिक्स अभी बिहार, महाराष्ट्र, पंजाब और हरियाणा की सरकारों से बातचीत कर रही है। इसका मकसद इस सुविधा केंद्र का इस्तेमाल करना और अलग-अलग राज्यों के देसी मवेशियों की नस्लों में सुधार के लिए राज्य सरकारों के साथ मिलकर ब्रीडिंग फ़ार्म स्थापित करना है। अपनी बेहतरीन दूध उत्पादन और बीमारियों से लड़ने की ताकत के लिए मशहूर 'गिर' नस्ल, भारत के देसी मवेशियों की नस्ल में सुधार के कार्यक्रम का एक अहम हिस्सा है।



### गिर गाय के ब्राजील पहुंचने की कहानी

गिर नस्ल के मवेशियों के ब्राज़ील पहुंचने की कहानी एक सदी से भी ज़्यादा पुरानी है। उस समय बड़ौदा के महाराजा ने एक गिर गाय ब्राज़ील के एक परिवार को उपहार में दी थी। इसके बाद ब्राज़ील ने दशकों तक चुनिंदा प्रजनन पर शोध किया और एक ऐसी वंशावली विकसित की, जिसे अब दूध उत्पादन के मामले में आनुवंशिक रूप से श्रेष्ठ माना जाता है। बीएल एग्रो के भ्रूण स्थानांतरण कार्यक्रम के ज़रिये अब वही वंशावली भारत वापस लौट आई है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### ईद के मौके पर टीटीपी ने भी किया हमले रोकने का एलान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच अस्थायी संघर्ष विराम के कुछ ही घंटे बाद प्रतिबंधित पाकिस्तानी आतंकी समूह ने ईद के मद्देनजर तीन दिन तक हमले न करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के प्रवक्ता मोहम्मद खुरासानी ने कहा कि लोगों को ईद मनाने देने के लिए संघर्ष विराम किया गया है। अफगान तालिबान से अलग पहचान रखने वाला लेकिन फिलहाल उसके साथ हमले करने में शामिल टीटीपी ने 2021 में अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद से पाकिस्तान के अंदर हमले बढ़ा दिए हैं। अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र ने टीटीपी को प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन घोषित कर रखा है।

### लातेहार में नक्सलियों की निशानदेही पर मिला हथियारों का जखीरा

**लातेहार।** झारखंड के लातेहार जिले में पुलिस को नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में एक बार फिर बड़ी सफलता हाथ लगी है। गिरफ्तार नक्सली अभियुक्त मृत्युंजय भुईयां उर्फ फरेश भुईयां उर्फ अवधेश जी उर्फ दिलीप भुईयां एवं बब्लू राम उर्फ बब्लूराम चंद्रवंशी उर्फ रोहित चंद्रवंशी उर्फ बब्लू जी उर्फ बब्लू कहार की निशानदेही पर पुलिस ने मिरचईया जंगल से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। पुलिस बताया कि 14 मार्च को न्यायालय में पेशी के उपरांत दोनों अभियुक्तों को छिपाकर रखे गए आग्नेयास्त्र, आईईडी एवं अन्य सामग्रियों के संबंध में जानकारी प्राप्त करने के लिए पांच दिनों के पुलिस रिमांड पर लिया गया था।

### पटना में 20 हजार प्रतिबंधित इंजेक्शन बरामद, एक गिरफ्तार

**पटना।** बिहार में पटना जिले के रामकृष्णानगर थाना क्षेत्र से पुलिस ने 20 हजार से अधिक प्रतिबंधित इंजेक्शन बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पटना सदर 02 रंजन कुमार ने गुरूवार को बताया कि पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में मादक पदार्थों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है।इसी क्रम में आज रामकृष्णानगर थानांतर्गत अवैध रूप से प्रतिबंधित इंजेक्शन की खरीद-बिक्री किए जाने संबंधी सूचना प्राप्त हुई।इस सूचना की गंभीरता को देखते हुए एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया।

# श्रीलंका: एयरबस सौदे में पूर्व राष्ट्रपति राजपक्षे ने ली थी छह करोड़ की घूस

**कोलंबो, एजेंसी**

श्रीलंका की अदालत में बृहस्पतिवार को बताया गया कि पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे को एयरबस सौदे के तहत छह करोड़ श्रीलंकाई रुपये की घूस दी गई थी। यह दावा 2017 के एयरबस मामले में मुख्य आरोपी कपिला चंद्रसेना ने किया।

वर्ष 2011 से 2015 तक राष्ट्रीय एयरलाइन के सीईओ रहे चंद्रसेना को पिछले सप्ताह गिरफ्तारी के बाद मजिस्ट्रेट अदालत में पेश किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि राजपक्षे को 2015 में राष्ट्रपति रहते हुए उनके ग्रामीण दक्षिण के आवासों में तीन अलग-अलग मौकों पर दो-दो करोड़ रुपये दिए गए। पूर्व विमानन मंत्री प्रियंकारा जयरत्ना को भी रिश्वत का हिस्सा मिला। चंद्रसेना ने कहा कि



- मुख्य आरोपी राष्ट्रीय एयरलाइन के पूर्व सीईओ का कोर्ट में खुलासा

उन्हें स्वयं एयरबस से घूस मिली और पैसे उनकी पत्नी के खाते में जमा किए गए। दोनों को 2019 में गिरफ्तार कर जमानत दी गई थी।

श्रीलंका में 2024 में नया भ्रष्टाचार विरोधी कानून लागू होने के बाद घूस मामले की जांच के लिए जांच आयोग (सीआईएबीओसी) ने एयरबस मामले की पुनः जांच की। वर्तमान नेशनल पीपुल्स पावर (एनपीपी) सरकार ने 2024 के चुनावों से पहले भ्रष्टाचार समाप्त करने का वादा किया था।

## पश्चिम एशिया संकट का असर

ईरान और इजराइल-अमेरिका के बीच जारी सैन्य संघर्ष के कारण वैश्विक विमानन क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हो चुका है। हवाई यात्रा न सिर्फ काफी हद तक अनिश्चित बल्कि काफी महंगी भी हो चुकी है। इस संकट की गंभीरता का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि इसे कोविड-19 महामारी के बाद सबसे बड़ा विमानन संकट माना जा रहा है। इस युद्ध का भारत पर भी गहरा असर पड़ा है जो उसके विमानन क्षेत्र को कई पहलुओं पर प्रभावित कर रहा है। भारत के लिए यह सिर्फ आर्थिक चुनौती ही नहीं, बल्कि लाखों नागरिकों की सुरक्षा और कूटनीतिक संतुलन का भी सवाल है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि युद्ध जल्द नहीं थमा, तो मध्य पूर्व के हवाई अड्डों की साख को स्थायी नुकसान पहुंच सकता है और दुनिया की प्रमुख एयरलाइंस अपने स्थायी रूट बदलने पर मजबूर हो सकती हैं।

# हवाई यात्रा पर ग्रहण



### अनिश्चित हुई हवाई यात्रा

- ईरान, इजराइल, जॉर्डन, इराक, कुवैत, कतर समेत कई देशों को सुरक्षा कारणों से अपना हवाई क्षेत्र बंद करना पड़ा है। इससे रोज 4,000 से अधिक उड़ानें रद्द या प्रभावित हुई हैं।
- दुबई, दोहा और अबू धाबी जैसे दुनिया के व्यस्ततम हवाई अड्डे, जो पूर्व और पश्चिम को जोड़ते हैं, वे संघर्ष की चपेट में आने या सुरक्षा खतरों के कारण बुरी तरह प्रभावित हुए हैं।
- विमानों को अब ईरान और इराक के ऊपर से गुजरने के बजाय सऊदी अरब या अफ्रीका के लंबे रास्तों से जाना पड़ रहा है। इससे यात्रा का समय 2 से 5 घंटे तक बढ़ गया है।

### यात्रियों पर सीधा असर

- रूट लंबा होने और ईंधन की बढ़ी कीमतों से हवाई टिकटों के दाम आसमान छू रहे हैं।
- भारत से यूरोप और अमेरिका जाने वाली उड़ानों के किराए में 50 से 200% तक की वृद्धि हुई है।
- उड़ानों के अचानक रद्द होने से दुबई और दोहा जैसे ट्रांजिट हब में लाखों यात्री फंस गए हैं।
- लंबी देरी से यात्रियों की कनेक्टिंग फ्लाइट छूट रही हैं, अंतरराष्ट्रीय यात्रा का शेड्यूल बिगड़ा।

### वैश्विक और आर्थिक प्रभाव

- युद्ध के कारण कच्चे तेल की कीमतें 100 प्रति बैरल के पार पहुंच गई हैं। विमानन ईंधन एयरलाइन की लागत का 30-40% होता है, इसलिए एयरलाइंस को भारी घाटा हो रहा है।
- मध्य पूर्व में 2026 में पर्यटन में 13% की वृद्धि का अनुमान था, लेकिन अब 11 से 27% तक गिरावट आने की आशंका है। पर्यटन को 55 अरब डॉलर तक का नुकसान संभावित।
- यात्री उड़ानों के साथ मालवाहक विमान भी प्रभावित हुए हैं, जिससे मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स और दवाओं जैसी आवश्यक वस्तुओं की वैश्विक आपूर्ति धीमी और महंगी हो गई है।

### भारत के लिए बड़ा संकट

- भारत का अंतरराष्ट्रीय हवाई यातायात सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है क्योंकि मध्य पूर्व भारत के लिए यूरोप और अमेरिका का मुख्य रास्ता है।
- दिल्ली और मुंबई जैसे बड़े हवाई अड्डों से रोज सैकड़ों उड़ानें रद्द हो रही हैं। मार्च के पहले हफ्ते में ही 1,100 से अधिक उड़ानें प्रभावित हुई हैं।
- एयर इंडिया जैसी एयरलाइंस को अब युद्ध प्रभावित ईरान और इराक के हवाई क्षेत्र से बचकर ओमान और सऊदी अरब के रास्ते जाना पड़ रहा है।
- इससे उड़ानों का समय 2-3 घंटे बढ़ गया है और कुछ लंबी दूरी की उड़ानों को ईंधन भरने के लिए वियना या रोम जैसे शहरों में रुकना पड़ रहा है।

विमान ईंधन महंगा होने से एयरलाइंस ने फ्यूल सरचार्ज लगाना शुरू कर दिया है। घरेलू टिकटों पर 400 तक और अंतरराष्ट्रीय टिकटों पर 16,000 से 20,000 तक की बढ़ोतरी हुई है।

# ऊर्जा उत्पादन अब राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला

## पश्चिम एशिया में युद्ध के बीच आदेश, तेल-गैस क्षेत्र की इकाइयों के लिए रोज आंकड़े देना अनिवार्य

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में युद्ध के बीच सरकार ने ऊर्जा से जुड़ी जानकारी को राष्ट्रीय सुरक्षा मामले के रूप में वर्गीकृत किया है। इससे तेल एवं गैस क्षेत्र से जुड़ी सभी इकाइयों के लिए परिचालन (ऑपरेशन) की विस्तृत परिचालन जानकारी प्रदान करना अनिवार्य हो गया है। पेट्रोलियम मंत्रालय का यह आदेश सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों की रिफाइनरी कंपनियों, एलएनजी आयातकों, पाइपलाइन संचालकों, शहरी गैस वितरकों और पेट्रोरसायन कंपनियों पर लागू होगा और उन्हें पेट्रोलियम योजना एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) को नियमित रूप से दैनिक आधार पर विस्तृत जानकारी देनी होगी।

मंत्रालय की 18 मार्च को जारी राजपत्र अधिसूचना के अनुसार, इस आदेश में उत्पादन, आयात, भंडार स्तर और खपत के प्रतिरूप से संबंधित आंकड़े और जानकारी शामिल है। यह मौजूदा गोपनीयता प्रावधानों को निरस्त करता है। पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण गैस और एलपीजी आपूर्ति बाधित होने के बाद ऊर्जा सुरक्षा संबंधी चिंताओं में वृद्धि के बीच यह कदम उठाया गया है। भारत अपने कच्चे तेल का लगभग 88 प्रतिशत, प्राकृतिक गैस का 50 प्रतिशत और एलपीजी का 60 प्रतिशत आयात करता है।

युद्ध शुरू होने से पहले, भारत द्वारा आयात किए जाने वाले कच्चे तेल का आधे से अधिक हिस्सा सऊदी अरब, इराक और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जैसे देशों से होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते आता था। एलपीजी का 85 से 95 प्रतिशत और गैस का 30 प्रतिशत हिस्सा भी इसी जलडमरूमध्य से आता था। युद्ध के कारण यह जलडमरूमध्य प्रभावी रूप से बंद हो गया है। इससे भारत की ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हुई है।



### आपूर्ति में आ रही रुकावट दूर करने का उद्देश्य

भारत ने हालांकि कच्चे तेल की आपूर्ति में आई रुकावट की भरपाई रूस, पश्चिम अफ्रीका, अमेरिका और लातिनी अमेरिका जैसे वैकल्पिक स्रोतों से आंशिक रूप से की है लेकिन खाड़ी देशों से आपूर्ति में कमी के कारण औद्योगिक और वाणिज्यिक उपयोगकर्ताओं को गैस और एलपीजी की आपूर्ति बाधित हुई है। मंत्रालय के इस आदेश का मकसद आपूर्ति में आने वाली रुकावटों पर त्वरित कदम उठाने, बिजली, उर्वरक और घरेलू एलपीजी जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को प्राथमिकता देने और खरीद संबंधी बेहतर निर्णय लेने के लिए एक केंद्रीकृत, वास्तविक समय पर उपलब्ध आंकड़ा रूपरेखा तैयार करना है।

- अधिकारियों ने कहा कि इस पहल से भारत की आपूर्ति श्रृंखलाओं की निगरानी करने, बचे भंडार का प्रबंधन करने और वैश्विक झटकों के प्रति जोखिम को कम करने की क्षमता मजबूत होगी। नियामक ढांचे के सख्त होने के साथ ही कंपनियों को अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए 'डेटा रिपोर्टिंग' प्रणाली को अत्याधुनिक बनाना होगा। अधिकारियों ने कहा कि ऊर्जा सुरक्षा न केवल स्रोत पर बल्कि आपूर्ति श्रृंखला में वास्तविक समय की पारदर्शिता पर भी निर्भर करेगी।

### ईसी एक्ट 1955 के तहत आदेश

मंत्रालय ने आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत शक्ति का उपयोग करते हुए आदेश जारी किया। यह अधिनियम केंद्र सरकार को किसी भी आवश्यक वस्तु का भंडार रखने, उत्पादन करने, आयात-निर्यात या व्यापार करने वाले किसी भी व्यक्ति से उत्पादन, आपूर्ति, वितरण, स्टॉक या उपयोग संबंधी जानकारी मांगने का अधिकार देता है।

### इन आंकड़ों की देनी होगी सूचना

आदेश में कहा गया है, पेट्रोलियम उत्पादों या प्राकृतिक गैस के उत्पादन, प्रसंस्करण, भंडारण, परिवहन, आयात, निर्यात, विपणन, वितरण या उपभोग में शामिल प्रत्येक इकाई को पीपीएसी को पेट्रोलियम उत्पादों या प्राकृतिक गैस के उत्पादन, आयात, निर्यात, भंडार, आवंटन, परिवहन, आपूर्ति, उपभोग और उपयोग से संबंधित जानकारी देनी होगी।

## दो सप्ताह के अंदर सवा लाख लोगों ने लिया पीएनजी का नया कनेक्शन

### 5600 एलपीजी छोड़ पीएनजी पर आए

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर पाइप के जरिए गैस आपूर्ति के लिए पीएनजी कनेक्शन लेने की सरकार की अपील के बाद पिछले दो सप्ताह में लोगों ने लगभग सवा लाख नए पीएनजी घरेलू, वाणिज्यिक और औद्योगिक कनेक्शन लिए हैं जबकि तीन दिनों में 5600 से अधिक उपभोक्ताओं ने एलपीजी छोड़कर पीएनजी कनेक्शन लिया है। इस बीच सरकार ने एलपीजी के स्रोत में विविधता लाने के लिए अमेरिका से एलपीजी लेना शुरू कर दिया है और इसके साथ कई दूसरे देशों के साथ भी बातचीत कर रही है।



- पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने पश्चिम एशिया की स्थिति पर अंतर मंत्रालयी ब्रीफिंग में कहा कि एलपीजी की स्थिति पश्चिम एशिया में अभी भी चल रहे युद्ध के कारण चिंताजनक बनी हुई है लेकिन किसी भी वितरक केंद्र पर गैस सिलेंडर की कमी नहीं है।
- उन्होंने कहा किऑनलाइन बुकिंग 94 प्रतिशत तक बढ़ गई है और 83 प्रतिशत रिफिल आपूर्ति वितरण प्रमाणीकरण के माध्यम से की जा रही है। घबराहट में की जाने वाली बुकिंग में कमी आई है।

# रूसी हमले के बाद मोल्दोवा में पीने के पानी का संकट

**बाल्टी (मोल्दोवा), एजेंसी**

- देश के करीब बहने वाली नदी तेल से प्रदूषित, हजारों लोग प्रभावित

यूक्रेन में एक पनबिजली संयंत्र पर रूस के हमले के बाद एक प्रमुख नदी के तेल से प्रदूषित होने के कारण मोल्दोवा में पानी की आपूर्ति बाधित हो गई है। इससे दसियों हजार लोगों को पेयजल की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है।

यह नदी यूक्रेन और मोल्दोवा दोनों देशों में बहती है। मोल्दोवा की राष्ट्रपति माइया सैंडू ने सात मार्च को यूक्रेन के नोवोदनिस्त्रोव्स्क जलविद्युत संयंत्र पर हुए हमले के बाद निस्टर नदी में हुए प्रदूषण के लिए रूस को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा है कि वह मोल्दोवा में जलापूर्ति के लिए खतरा पैदा कर रहा है। यह संयंत्र मोल्दोवा की यूक्रेन के साथ लगती उत्तरी सीमा से लगभग 15 किलोमीटर ऊपर की ओर स्थित है और मोल्दोवा की करीब 25 लाख आबादी के लगभग 80 प्रतिशत लोगों को पानी की आपूर्ति करता है। रूस ने 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण करने के बाद से बांधों और बंदरगाहों जैसे यूक्रेन के असैन्य बुनियादी ढांचे को बार-बार निशाना बनाया है।

सैंडू ने 'एक्स' पर रविवार को एक पोस्ट में कहा, इसकी पूरी जिम्मेदारी रूस की है। मोल्दोवा के पर्यावरण मंत्रालय ने रविवार को 15 दिन के लिए पर्यावरण संबंधी चेतावनी की घोषणा की, जिससे अधिकारियों को तकनीकी हस्तक्षेप बढ़ाने और जलापूर्ति पर अस्थायी प्रतिबंध लगाने के लिए कानूनी अधिकार मिल गया।

## थापा ने छोड़ा नेपाली कांग्रेस प्रमुख पद

**काठमांडू।** नेपाल में हाल ही में हुए आम चुनावों में मिली करारी हार के बाद नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष गगन थापा ने पद से इस्तीफा दे दिया।

देश में पांच मार्च को हुए प्रतिनिधि सभा चुनावों में 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा का चुनाव हुआ था। नेपाली कांग्रेस को चुनावों में 38 सीट मिलीं जबकि उसका नारा था, 'इस बार 100 पार'। पार्टी ने 49 वर्षीय थापा को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया था लेकिन वह धनुषा-4 निर्वाचन क्षेत्र से राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अमरेश सिंह से हार गए। काठमांडू पोस्ट अखबार के अनुसार, पार्टी की केंद्रीय कार्य समिति की बैठक की तारीख तय होने के तुरंत बाद थापा ने राष्ट्रीय संसद के उपाध्यक्ष विश्व प्रकाश शर्मा को अपना इस्तीफा सौंप दिया। हालांकि अभी उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं किया गया है।

# पश्चिम बंगाल पर कब्जे की साजिश रच रहा है आयोग

**कोलकाता, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में 50 से अधिक वरिष्ठ अधिकारियों को मनमाने ढंग से हटाए जाने पर बृहस्पतिवार को चिंता जताते हुए इसे उच्चतम स्तर का राजनीतिक हस्तक्षेप करार दिया। निर्वाचन आयोग (ईसी) की तीखी आलोचना जारी रखते हुए ममता ने दावा किया कि इस तरह की कार्रवाई संस्थानों के व्यवस्थित राजनीतिकरण के साथ संविधान पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा, निर्वाचन आयोग साजिश के तहत पश्चिम बंगाल पर कब्जा कराना चाहता है।

विधानसभा चुनाव का कार्यक्रम घोषित करने के बाद निर्वाचन आयोग ने मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती, गृह सचिव जगदीश प्रसाद मीणा के तबादले तथा डीजीपी पीयूष पांडे और कोलकाता पुलिस आयुक्त सुप्रतिम सरकार को हटाने समेत कई वरिष्ठ अधिकारियों के तबादलों के आदेश दिए हैं। बुधवार को निर्वाचन आयोग ने वरिष्ठ अधिकारियों के नए फेरबदल का आदेश दिया, जिसमें दो सचिवों को दूसरे चुनावी राज्यों में पर्यवेक्षक बना दिया गया, साथ ही 13 आईएएस और पांच आईपीएस अधिकारियों को चुनाव प्रबंधन की महत्वपूर्ण भूमिकाओं में लगा दिया गया। ममता बनर्जी ने इस पर निर्वाचन आयोग की तीखी आलोचना करते हुए दावा किया कि चुनाव की औपचारिक अधिसूचना जारी होने से पहले ही 50 से अधिक वरिष्ठ अधिकारियों को मनमाने ढंग से बिना किसी पूर्व सूचना के हटा दिया गया।

उन्होंने एक्स पर लिखा, जिस तरह से निर्वाचन आयोग ने बंगाल को निशाना बनाया है, वह न केवल अप्रत्याशित है, बल्कि बेहद चिंताजनक भी है।



- अधिसूचना से पहले ही 50 अधिकारियों के ट्रांसफर पर भड़कीं ममता बनर्जी
- कहा- ये आयोग का उच्चतम राजनीतिक हस्तक्षेप और संविधान पर हमला

## सवाल उठाने वाले सोशल मीडिया अकाउंट डिलीट कर रहा है केंद्र

- कांग्रेस ने सरकार पर अभिव्यक्ति की आजादी को दबाने का लगाया आरोप

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर सोशल मीडिया मंचों पर अभिव्यक्ति की आजादी को दबाने का आरोप लगाया है। कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग की चेयरमैन सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि सरकार आलोचनात्मक आवाजों को नियंत्रित करने के लिए नए-नए तरीके अपना रही है।



उन्होंने गुरुवार को एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि संसद में भी विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए माइक बंद कर दिए जाते हैं और अब सोशल मीडिया पर भी इसी तरह की कार्रवाई की जा रही है। उनका दावा है कि हाल ही में ट्विटर और इंस्टाग्राम पर कई ऐसे अकाउंट्स को बैन किया गया है, जो सरकार से सवाल पूछ रहे थे। श्रीनेत के अनुसार, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के जरिए अकाउंट्स को बंद कराने का नया ट्रेंड शुरू किया गया है, जिससे यह तय किया जा रहा है कि सोशल मीडिया पर क्या कंटेंट रहेगा और क्या नहीं। कांग्रेस ने इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सीधा हमला बताया। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल करते हुए कहा कि सरकार युवाओं और आम लोगों के सवालों को दबाने की कोशिश क्यों कर रही है। उन्होंने कहा कि अकाउंट बैन करने से आवाजें नहीं दबेंगी, क्योंकि नए अकाउंट बनते रहेंगे।

## शराब नीति प्रकरण में केजरीवाल को दो अप्रैल तक देना होगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और 21 अन्य लोगों को ईडी की उस याचिका पर जवाब देने के लिए दो अप्रैल तक का समय दिया है, जिसमें शराब नीति मामले में निचली अदालत की ओर से उन्हें आरोपमुक्त करते समय निदेशालय के खिलाफ की गई कथित अनुचित टिप्पणियां हटाने का अनुरोध किया गया है।

न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने केजरीवाल के वकीलों की ओर से अधिक समय की मांग किए जाने पर नाराजगी भी जताई और कहा कि हाईकोर्ट दो अप्रैल को अगली सुनवाई के दौरान इस मामले में अंतिम सुनवाई की तारीख तय करेगी। ईडी के वकील ने कहा कि याचिका का जवाब दाखिल करने की कोई आवश्यकता नहीं है और यह मामले में देरी करने का प्रयास है।

## करीब एक दशक बाद रत्नागिरी में दाऊद की पुश्तैनी जमीन का खरीदार मिला

**मुंबई।** महाराष्ट्र में रत्नागिरी जिले में भगोड़े अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम से जुड़ी पैतृक कृषि भूमि की लंबे समय से लंबित नीलामी को आखिरकार खरीदार मिल गया है। केंद्र सरकार की ओर से नीलामी के दौरान मुंबई के एक बोलीदाता ने सभी चार भूखंडों के लिए सबसे ऊंची बोली लगाई है। करीब एक दशक से यह नीलामी अटकी पड़ी थी।

अधिकारियों के अनुसार, चारों कृषि भूखंड दाऊद इब्राहिम के पैतृक गांव रत्नागिरी के खेड़ तालुका के मुमके गांव में स्थित हैं। इनमें कई संपत्तियां उसकी मां अमीना बी के नाम दर्ज थीं। अभी तक सफल मुंबई के बोलीदाता की पहचान नहीं बताई गई है। नीलामी की शर्तों के अनुसार, बोलीदाता को अप्रैल 2026 की शुरुआत तक पूरा भुगतान करना होगा। सक्षम प्राधिकारी से मंजूरी मिलने के बाद अधिग्रहण और हस्तांतरण की प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जाएगा। पिछले वर्षों में कई प्रयासों के बावजूद इन संपत्तियों की नीलामी नहीं हो पाई थी।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** - आज काम की वजह से तनाव हो सकता है। यात्रा के दौरान कीमती सामान ले जाने से बचें। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें।

**तुला** - आज नया वाहन खरीदने का प्लान बना सकते हैं। क्रोध एवं उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। आपको पुरस्कार मिल सकता है।

**वृष** - आज सेहत के दृष्टिकोण से दिन बहुत अच्छा है। आय के नए स्रोत विकसित होंगे। आप नया काम शुरू कर सकते हैं।

**वृश्चिक** - आज जल्दबाजी में धनहानि होने की आशंका है। अपने स्वाभिमान का ध्यान रखें। मन की चंचलता परेशान करेगी।

**मिथुन** - आज बड़ी कारोबारी डील हो सकती है। अपना काम बेहतरीन तरीके से करेंगे। बौद्धिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**धनु** - आज अपने प्रयासों में कमी न होने दें। इसके कारण मन में हीनता की भावना आ सकती है। आपकी कोई योजना किसी कारणवश अटक सकती है।

**कर्क** - आज आध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। पैतृक संपत्ति को लेकर विवाद हो सकता हैं। कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त कार्यभार मिल सकता है।

**मकर** - आज कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त कार्यभार रहेगा। रुका हुआ काम अचानक बन सकता है। विरोधी आपके सामने कमजोर होंगे।

**सिंह** - आज का दिन कारोबार के लिए सामान्य है। दूसरों के भरोसे जरूरी काम न छोड़ें। आपकी विनम्रता का लोग फायदा उठा सकते हैं।

**कुंभ** - आज कारोबारी यात्रा होने के योग बन रहे हैं। व्यापार में बड़ा निवेश कर सकते हैं। आप अनावश्यक समय बर्बाद न करें।

**कन्या** - आज नया व्यापार आरंभ करने के लिए दिन उत्तम है। सभी काम समय पर पूर्ण हो जाएंगे। समाज में आपका सम्मान बढ़ेगा।

**मीन** - आज घरेलू मामलों को लेकर व्यस्त रहेंगे। वैवाहिक संबंधों में मधुरता रहेगी। अनुसंधान संबंधी कार्यों में बड़ी सफलता मिल सकती है।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 20 मार्च, शुक्रवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, द्वितीया 21 मार्च 02.30 तक तत्पश्चात तृतीया।

**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
**ताराबल**-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- रेवती 21 मार्च 02.27 तक तत्पश्चात अश्विनी।

### सुडोकू - 93 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 2 | 6 | 9 | 5 | 4 | 7 | 8 |
| 9 | 7 | 4 | 3 | 8 | 1 | 5 | 6 | 2 |
| 8 | 6 | 5 | 7 | 4 | 2 | 9 | 3 | 1 |
| 3 | 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 4 |
| 6 | 4 | 8 | 2 | 1 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 2 | 1 | 7 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 3 |
| 7 | 8 | 1 | 5 | 3 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 1 | 7 | 9 | 8 | 5 | 6 |
| 5 | 9 | 6 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 |

### सुडोकू -94

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | 9 | | 2 | | 3 | |
| | 3 | | | | | | | 9 |
| | | 8 | | | | 5 | 4 | |
| 6 | | 2 | | 8 | | 3 | | |
| | | 1 | | | 3 | 9 | | |
| | | 4 | | 7 | | | | 2 |
| 5 | 8 | | | | | 2 | | |
| 7 | | | | | | | 1 | |
| | 1 | | 3 | | 6 | 4 | | |

## नेपाल में चुनाव के अंतिम आंकड़े तैयार

**काठमांडू।** नेपाल के निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल को आम चुनाव के अंतिम नतीजे प्रस्तुत किए, जिससे चुनाव प्रक्रिया का औपचारिक समापन हो गया।

प्रतिनिधि सभा के चुनाव पांच मार्च, 2026 को हुए, जिसमें 275 सदस्यीय निचले सदन (प्रतिनिधि सभा) के लिए मतदान हुआ। सभा के 275 सदस्यों में से 165 सदस्य प्रत्यक्ष मतदान और 110 आनुपातिक मतदान से चुने जाते हैं। आयोग के बयान के अनुसार, मुख्य निर्वाचन आयुक्त राम प्रसाद भंडारी ने राष्ट्रपति कार्यालय में आयोजित एक विशेष समारोह में राष्ट्रपति पौडेल को परिणाम प्रस्तुत किए।

**बड़ा मुद्दा**

**औद्योगिक विवाद अधिनियम के तहत नौ सदस्यीय संविधान पीठ कर रही है सुनवाई**

# उद्योग की परिभाषा पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट की एक संविधान पीठ ने औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के तहत 'उद्योग' शब्द की परिभाषा के विवादास्पद मुद्दे पर अपना फैसला बृहस्पतिवार को सुरक्षित रख लिया।

सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली नौ सदस्यीय संविधान पीठ ने तीन दिन सुनवाई के दौरान अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी, अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के. एम. नटराज और अन्य वरिष्ठ अधिवक्ताओं जैसे शेखर नफाड़े, इंदिरा जयसिंह, सी यू सिंह और संजय हेगड़े समेत कई वकीलों की दलीलें सुनीं। इस पीठ में सीजेआई के अलावा न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान, न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची, न्यायमूर्ति आलोक अराधे और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली शामिल हैं। पीठ ने कहा कि वह श्रम संबंधों को नियंत्रित करने के लिए 'उद्योग' शब्द की व्यापक व्याख्या देने वाली सात सदस्यीय पीठ के 1978 के फैसले की वैधता की जांच करेगी।

सुप्रीम कोर्ट ने 16 फरवरी को नौ सदस्यीय संविधान पीठ के विचार के लिए व्यापक मुद्दे निर्धारित किए थे। कहा था, क्या बैंगलोर जल आपूर्ति एवं मलजल शोधन बोर्ड मामले (1978) में न्यायमूर्ति वीआर कृष्ण अय्यर के मत के अनुच्छेद 140 से 144 में निर्धारित जांच यह निर्धारित करने के लिए कि कोई उपक्रम या उद्यम 'उद्योग' की परिभाषा के अंतर्गत आता है या नहीं, सही कानून है। पीठ ने कहा था कि विचारणीय मुद्दों में एक यह भी होगा कि क्या सरकारी विभागों द्वारा की जाने वाली सामाजिक कल्याण गतिविधियों और योजनाओं या अन्य उद्यमों को औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 की धारा 2(जे) के प्रयोजन के लिए 'औद्योगिक गतिविधियां' माना जा सकता है।



### सात सदस्यीय पीठ ने 1978 में सुनाया था फैसला

सात सदस्यीय पीठ ने 21 फरवरी, 1978 को बैंगलोर जल आपूर्ति और मलजल शोधन बोर्ड की याचिका पर फैसला सुनाते हुए 'उद्योग' शब्द की परिभाषा का विस्तार किया, जिससे अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों, क्लबों और सरकारी कल्याण विभागों में कार्यरत लाखों कर्मचारी औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के दायरे में आ गए।



"शानदार सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा को अपनी आक्रामकता और क्रीज पर लंबे समय तक टिके रहने के बीच सही संतुलन बनाना होगा, जैसा वीरेंद्र सहवाग ने अपने करियर के दौरान किया था।
-अनिल कुंबले


# स्टेडियम

अमृत विचार
www.amritvichar.com

कानपुर नगर, शुक्रवार, 20 मार्च 2026


## हाईलाइट

### सीएसके को झटका चोटिल गेंदबाज एलिस आईपीएल से बाहर

**चेन्नई।** पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को आईपीएल के आगामी सत्र से पहले बड़ा झटका लगा है क्योंकि ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज नाथन एलिस हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। टीम के एक अधिकारी ने गुरुवार को इसकी पुष्टि की। इकत्तीस साल के एलिस से उम्मीद थी कि वह टीम के तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करेंगे क्योंकि श्रीलंकाई गेंदबाज मथीशा पथिराना को कोलकाता नाइट राइडर्स ने अपनी टीम में शामिल कर लिया है। सीएसके के एक अधिकारी ने पीटीआई को बताया, हां, वह बाहर हो गए हैं।

### दिल्ली कैपिटल्स के क्षेत्ररक्षण कोच बने आयरलैंड के जॉन मूनी

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स ने गुरुवार को घोषणा की कि उन्होंने आयरलैंड के पूर्व ऑलराउंडर जॉन मूनी को 28 मार्च से शुरू होने वाली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए अपना क्षेत्ररक्षण कोच नियुक्त किया है। मूनी (44 साल) किसी आईपीएल फ्रेंचाइजी के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा बनने वाले पहले आयरिश क्रिकेटर हैं। वह मुख्य कोच हेमांग बदानी, मुनाफ पटेल (गेंदबाजी कोच), इयान बेल (सहायक कोच) और वेणुगोपाल राव (क्रिकेट निदेशक) के साथ जुड़ेंगे। मूनी 2018-2019 तक अफगानिस्तान के क्षेत्ररक्षण कोच थे और भारत में उनके ऐतिहासिक टेस्ट पदार्पण का हिस्सा रहे थे।

### इंग्लैंड दौरे से पहले आयरलैंड में टी-20 मैच खेलेगा भारत

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के सफेद गेंद के दौरे से पहले विश्व चैंपियन भारत जून में टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए आयरलैंड का दौरा करेगा। आयरलैंड के हाई परफोरमेंस निदेशक ग्राहम वेस्ट ने इस श्रृंखला की पुष्टि तब की जब उन्होंने पॉल स्टर्लिंग के टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान के पद से हटने के फैसले की घोषणा की। भारत 20 जून को खत्म होने वाली एक टेस्ट और तीन मैच की वनडे श्रृंखला के लिए अफगानिस्तान की मेजबानी कर रहा है। इसके बाद भारत एक जुलाई से 19 जुलाई तक पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय और तीन वनडे खेलने के लिए इंग्लैंड जाएगा।

### इंडियन ओपन के दूसरे दिन अनाहत चमकीं एल्नवासनी हारे

**मुंबई।** भारत की उभरती हुई स्टार अनाहत सिंह ने गुरुवार को यहां इंडियन ओपन स्क्वाश में सीधे गेम में जीत के साथ अपना दबदबा कायम रखा जबकि मिस्र के इब्राहिम एल्काबानी ने पुरुषों के शीर्ष वरीय याह्या एल्नवासनी को हराकर टूर्नामेंट में सबसे बड़े उलटफेरों में से एक को अंजाम दिया। महिलाओं की शीर्ष वरीय अनाहत ने एकल मुकाबले में मिस्र की फरीदा वालिद को 3-0 से हराया। सबसे रोमांचक मुकाबले मिस्र की जोड़ी एल्काबानी और मोहम्मद शरफ के रहे, दोनों ही पांच-गेम के कड़े मुकाबले जीत लिए। एल्काबानी ने टूर्नामेंट का सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए 66 मिनट तक चले मुकाबले में एल्नवासनी को 3-2 से हराया। शरफ ने पांच-गेम के एक और रोमांचक मुकाबले में हांगकांग के ची हिम वोंग को कड़े संघर्ष में मात दी।

# रोहित और विराट की तरह सैमसन की जगह कोई नहीं ले सकता

## राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग को संजू जैसे खिलाड़ी की तलाश

**जयपुर, एजेंसी**

राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग ने गुरुवार को कहा कि जिस तरह से रोहित शर्मा या विराट कोहली की जगह नहीं भरी जा सकती है उसी तरह से उनकी टीम में संजू सैमसन की कमी को पूरा नहीं किया जा सकता है। सैमसन ने 2021 से 2025 तक रॉयल्स की कप्तानी की। रॉयल्स ने सत्र से पहले उन्हें चेन्नई सुपर किंग्स के साथ 'ट्रेड' कर दिया था और उनकी जगह रविंद्र जडेजा को अपनी टीम में शामिल किया।

पराग ने यहां सत्र पूर्व संवाददाता सम्मेलन में कहा अगर आप संजू भैया की बात कर रहे हैं तो उनके जैसे खिलाड़ी के स्थान पर किसी अन्य खिलाड़ी को रखने के बारे में सोचा भी नहीं जा सकता। हम उनके जैसे कौशल वाले किसी खिलाड़ी की तलाश कर सकते हैं या उनकी जगह किसी अन्य को बल्लेबाजी करने के लिए कह सकते हैं। उन्होंने कहा, जिस तरह से विराट कोहली या रोहित शर्मा का कोई विकल्प नहीं है। ठीक उसी तरह से संजू भैया का भी कोई विकल्प नहीं हो सकता है क्योंकि वह बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं। संजू राजस्थान रॉयल्स की तरफ से सर्वाधिक मैच खेलने और सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं।

उन्होंने हाल में टी20 विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करके टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार हासिल किया था। पराग ने कहा कि पिछले सत्र के आखिर में उनकी टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था लेकिन इस बार वह ऐसी कोई गलती नहीं करेंगे। उन्होंने कहा पिछली बार हमने आखिरी पांच मैच में काफी गलतियां की लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा। हम पूरी तैयारी के साथ मैदान पर उतरेंगे। यकीन मानिए इस बार राजस्थान रॉयल्स कप जरूर जीतेगी। पराग ने कहा, किसी एक खिलाड़ी के दम पर हम मैच नहीं जीत सकते। यशस्वी जयसवाल और वैभव सूर्यवंशी ही टीम को जीत दिलवा दें तो यह कहना गलत होगा। पूरी टीम को अच्छा प्रदर्शन करना होगा और टीम इसके लिए तैयार है। पराग ने कहा राजस्थान रॉयल्स मेरे लिए आईपीएल में पहले दिन से घर जैसा रहा है। अब इस टीम का नेतृत्व करना मेरे लिए बेहद खास है और यह जिम्मेदारी मैं पूरी तरह से स्वीकार करता हूं। मैं हमारे कोच और नेतृत्व समूह के साथ मिलकर समझदारी भरा क्रिकेट खेलने के लिए उत्साहित हूं। रॉयल्स के मुख्य कोच कुमार संगकारा को पूरा भरोसा है की टीम रियान पराग की कप्तानी में अच्छा प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा रियान ने दबाव में संयम दिखाया है। क्रिकेट की अपनी अच्छी समझ का शानदार नमूना पेश किया है।



जयपुर में प्रेसवार्ता के दौरान राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग (बाएं) और टीम के मुख्य कोच कुमार संगकारा। एजेंसी

### वैभव मीडिया से दूर रहें और नैसर्गिक खेल खेलें

कप्तान रियान पराग ने कहा कि उन्होंने युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी को मीडिया से दूर रहने की सलाह दी है। उन्होंने कहा मैंने वैभव को अपना नैसर्गिक खेल खेलने को कहा है। मैंने उससे कहा है कि वह केवल गेंद को हिट करने पर ध्यान दें और अगर किसी तरह का दबाव होता है तो उसे यशस्वी संभाल लेंगे।

### संजू राजस्थान रॉयल्स का चेहरा बन गए थे उन्हें खोना बहुत बड़ा नुकसान : फाफ डुप्लेसी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डुप्लेसी का मानना है कि जिस तरह से महेंद्र सिंह धोनी चेन्नई सुपर किंग्स और विराट कोहली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पर्याय बन चुके हैं, इसी तरह से संजू सैमसन को राजस्थान रॉयल्स का चेहरा माना जा सकता है और उनका जाना टीम के लिए बहुत बड़ा नुकसान है। सैमसन राजस्थान रॉयल्स की तरफ से दो कार्यकाल में 11 सत्र में खेले। वह इस टीम के सबसे सफल खिलाड़ी रहे हैं। उन्होंने रॉयल्स की तरफ से सर्वाधिक मैच खेलने के अलावा सर्वाधिक रन भी बनाए हैं। इस बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में वह चेन्नई सुपर किंग्स की तरफ से खेलेंगे। डुप्लेसी ने जिओ हॉटस्टार से कहा अगर हम आईपीएल की टीमों पर गौर करें तो अधिकतर टीमों के पास कोई एक ऐसा खिलाड़ी रहा है जो लंबे समय तक फ्रेंचाइजी का चेहरा रहा जैसे रोहित शर्मा, महेंद्र सिंह धोनी और विराट कोहली। मैं संजू सैमसन को राजस्थान रॉयल्स के लिए उसी तरह का खिलाड़ी मानता हूं। उन्होंने कहा भले ही वह नई पीढ़ी के खिलाड़ी हैं, लेकिन वह उस फ्रेंचाइजी का चेहरा बन गए थे। जब मैं राजस्थान रॉयल्स के बारे में सोचता हूं, तो मुझे संजू सैमसन याद आते हैं। इसलिए मुझे लगता है कि उनका किसी अन्य टीम से जुड़ना प्रशंसकों, आईपीएल और टूर्नामेंट के लिए बहुत बड़ा झटका है, क्योंकि उन्होंने वहां बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। डुप्लेसी ने कहा कि सैमसन के जाने से राजस्थान रॉयल्स के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल पर अतिरिक्त जिम्मेदारी आ जाएगी। सैमसन की मौजूदगी में जायसवाल अपना स्वाभाविक खेल खेलते थे लेकिन अब उन पर अधिक जिम्मेदारी आ गई है। उन्होंने कहा संजू की मौजूदगी में यशस्वी जायसवाल को अपना नैसर्गिक खेल खेलने का मौका मिलता था क्योंकि दूसरे छोर से संजू लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा था। अब ऐसा नहीं होगा और उन पर अधिक जिम्मेदारी होगी। उस तरह के बल्लेबाज के लिए यह महत्वपूर्ण होता है कि वह जिम्मेदारी के बारे में नहीं सोचें। इसलिए यह सत्र उनके लिए सीखने की एक प्रक्रिया होगी। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज लक्ष्मीपति बालाजी ने कहा कि राजस्थान रॉयल्स के रियान पराग को कप्तान नियुक्त करने के फैसले से उन्हें हैरानी हुई जबकि टीम में जायसवाल, ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा और इंग्लैंड के सैम कुरेन जैसे अधिक अनुभवी खिलाड़ी मौजूद थे। उन्होंने कहा मुझे इस फैसले से थोड़ा हैरानी हुई क्योंकि उसके पास यशस्वी जायसवाल, रविंद्र जडेजा जैसे भारतीय खिलाड़ी और सैम कुरेन के रूप में विदेशी खिलाड़ी है जो कप्तानी कर सकते थे। इसलिए मुझे यह एक तरह का जुआ लगता है। बालाजी ने कहा कि ऐसे में टीम के मुख्य कोच और क्रिकेट निदेशक कुमार संगकारा की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है।


कोलकाता के ईडन गार्डन्स में अभ्यास सत्र के दौरान टीम के साथ कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे। एजेंसी

## फिनिशर के तौर पर कमाल दिखाना चाहते हैं आशुतोष

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आशुतोष शर्मा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) जैसे बड़े मंच पर खेलने का दबाव महसूस नहीं करते और 2026 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए पिछले सत्र के मुकाबले ज्यादा से ज्यादा मैच खत्म करने (फिनिश) पर फोकस कर रहे हैं। दिल्ली कैपिटल्स के लिए अपने पहले सत्र में 'इम्पैक्ट प्लेयर' आशुतोष ने टूर्नामेंट की शुरुआत जोरदार तरीके से की थी। उन्होंने 31 गेंद में 66 रन बनाकर लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ एक रोमांचक जीत दिलाई थी। हालांकि वह और उनकी टीम टूर्नामेंट में मिली शुरुआती बढ़त का फायदा नहीं उठा सकी। टीम प्ले-ऑफ में जगह बनाने से भी चूक गई। आशुतोष ने 28 मार्च से शुरू हो रहे आईपीएल सत्र की तैयारियों के बारे में बात करते हुए पीटीआई से कहा तैयारियां बहुत अच्छी चल रही हैं। हमने सत्र पूर्व तीन-चार शिविर में हिस्सा लिया है। मेरी भूमिका पिछले साल जैसी ही रहेगी, टीम के लिए छठे या सातवें नंबर पर आकर मैच फिनिश करना।

### चहल ने शराब छोड़ी, आईपीएल को प्राथमिकता दी

**नई दिल्ली।** लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने पिछले सीजन में कई चोटों के बाद आईपीएल 2026 से पहले अपनी फिटनेस को प्राथमिकता दी है। 35 साल के चहल ने यह भी कहा कि उन्होंने अपनी टीम पंजाब किंग्स के लिए 150 प्रतिशत देने की कोशिश में शराब छोड़ दी है। चहल ने एबी डिविलियर्स के यू ट्यूब चैनल एबी डिविलियर्स 360 पर बताया, "केकेआर के गेम के बाद, मेरे कूल्हे में फ्रैक्चर हो गया और बाद में टूर्नामेंट में मेरी अंगुली की हड्डी में फ्रैक्चर हो गया। तो सेमीफ़ाइनल (क्वालिफायर) और फ़ाइनल में, मैं अपनी सही लेगस्पिन वगैरह नहीं डाल पा रहा था। लेकिन इस साल मैं सबसे पहले अपने शरीर का ध्यान रखना चाहता था और मेरे पास आपके लिए एक अच्छी खबर है, मैंने शराब छोड़ दी है। छह महीने से ज़्यादा हो गए हैं। उन्होंने कहा अब, मैं 35 साल का हूँ, मैं और ज़्यादा एक्टिव रहना चाहता हूँ और अपनी टीम के लिए अपना 150 प्रतिशत देना चाहता हूँ।

# बार्सिलोना, लिवरपूल और बायर्न क्वार्टर फाइनल में


**चैंपियंस लीग**

**लंदन, एजेंसी**

बार्सिलोना ने सात गोल किए और लिवरपूल ने चार गोल करके बुधवार को चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में बड़ी जीत दर्ज करके क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। एटलेटिको मैड्रिड ने टोटेनहम के पलटवार का का अच्छी तरह से सामना करते दूसरे चरण में 2-3 से हार के बावजूद 7-5 से जीत दर्ज करके अंतिम आठ में अपनी जगह सुरक्षित की। बायर्न म्यूनिख के लिए क्वार्टर फाइनल में पहुंचना सबसे आसान रहा। उसने बुधवार को अटलांटा को 4-1 से और कुल मिलाकर 10-2 से हराकर रियाल मैड्रिड के खिलाफ रोमांचक क्वार्टर फाइनल की नींव रखी।

चैंपियंस लीग में एक बार फिर गोल की बरसात हुई। बार्सिलोना ने रोमांचक मुकाबले में न्यूकैसल को दूसरे हाफ में बुरी तरह से हरा दिया और 7-2 से जीत हासिल की। न्यूकैसल में खेले गए पहले चरण में 1-1 से बराबरी पर रहने के बाद बार्सिलोना ने पहले हाफ के स्टॉपेज टाइम में लामिन यामल के पेनल्टी किक पर किए गए गोल से 3-2 से बढ़त हासिल की।

इसके बाद रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने दो गोल किए, फर्मिन लोपेज़ ने एक शानदार मूव को गोल में बदला जबकि राफिन्हा ने अपना दूसरा गोल किया। लिवरपूल ने एनफील्ड में गैलाटासराय पर 4-0 से आसान जीत हासिल की। वह इस्तांबुल में पहले चरण में एक गोल से हार गया था। मोहम्मद सलाह हालांकि पहले हाफ के स्टॉपेज टाइम में पेनल्टी पर गोल नहीं कर पाए जब कुल स्कोर 1-0 था। सलाह ने दूसरे हाफ में इसकी भरपायी कर दी। उन्होंने ह्यूगो एकिटिके और रयान ग्रेवेनबर्च को गोल करने में मदद की और फिर एक शानदार गोल किया। इस प्रतियोगिता में इंग्लैंड की रिकॉर्ड छह टीमें शामिल थीं और सभी टीमें राउंड ऑफ़ 16 तक पहुंचीं, लेकिन केवल आर्सेनल और लिवरपूल ही आगे बढ़ पाईं। चेल्सी को मंगलवार को मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। क्वार्टर फाइनल में रियाल मैड्रिड और बायर्न म्यूनिख आमने-सामने होंगे। लिवरपूल का सामना मौजूदा चैंपियन पीएसजी से, बार्सिलोना का एटलेटिको मैड्रिड से और आर्सेनल का स्पोर्टिंग लिस्बन से होगा।



जश्न मनाती बार्सिलोना की टीम। एजेंसी

## विश्व इनडोर एथलेटिक्स की मेजबानी करेगा भारत

**नई दिल्ली।** भारत को बृहस्पतिवार को पोलैंड में हुई विश्व एथलेटिक्स परिषद की बैठक में प्रतिष्ठित विश्व इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी के अधिकार सौंपे गए जिसका आयोजन भुवनेश्वर में किया जाएगा।

यह फैसला पोलैंड के तोरून में 2025 विश्व इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप शुरू होने से ठीक एक दिन पहले अंतरराष्ट्रीय संस्था की बैठक में लिया गया। विश्व एथलेटिक्स के उपाध्यक्ष आदिल सुमारिवाला ने पोलैंड से पीटीआई को बताया भारत को साल 2028 के लिए विश्व इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी सौंपी गई है। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने इस साल की शुरुआत में विश्व इंडोर चैंपियनशिप के लिए अपनी दावेदारी पेश की थी।

जनवरी में विश्व एथलेटिक्स की दो सदस्यीय टीम ने भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम परिसर में बनी अत्याधुनिक इंडोर सुविधा का दौरा किया था। सुमारिवाला विश्व एथलेटिक्स परिषद के सदस्य और एएफआई के पूर्व अध्यक्ष भी हैं।

# मेसी ने 900वां गोल किया

**फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका), एजेंसी**

स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने अपने करियर का 900वां गोल करके अपनी कई महत्वपूर्ण उपलब्धियों में एक और अध्याय जोड़ दिया।

मेसी ने इंटर मियामी की तरफ से खेलते हुए बुधवार की रात को नैशविले के खिलाफ कॉनकाफ चैंपियंस कप राउंड ऑफ़ 16 मैच के शुरुआती मिनटों में गोल करके यह उपलब्धि हासिल की। लगातार दो बार मेजर लीग सॉकर के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी, आठ बार बैलोन डीओर विजेता और विश्व कप चैंपियन मेस्सी ने हमेशा की तरह अपने बाएं पैर से यह गोल किया। उन्हें खेल के सातवें मिनट में बॉक्स के बीच में पास मिला, उन्होंने गेंद को नियंत्रित किया और डिफेंडरों के बीच से उसे गोल पोस्ट के अंदर पहुंचा दिया। आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार क्रिस्टियानो रोनाल्डो एकमात्र ऐसे पुरुष खिलाड़ी हैं जिन्होंने 900 से अधिक गोल किए हैं। रोनाल्डो ने यह उपलब्धि हासिल करने में मेसी से लगभग 100 मैच अधिक खेले। रोनाल्डो ने सितंबर 2024 में 900 गोल पूरे किए।

- रोनाल्डो के क्लब में शामिल हुए स्टार फुटबॉलर लियोनेल



### अनगिनत उपलब्धियां स्टार खिलाड़ी के नाम

यह उपलब्धि मेसी के करियर में अनगिनत पुरस्कारों और उपलब्धियों में शामिल हो गई है। इनमें ला लीगा के शीर्ष स्कोरर के रूप में आठ ट्रॉफी, छह बार ला लीगा के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार, तीन बार सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार, तीन बार यूईएफए पुरुष प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार, दो फीफा विश्व कप गोल्डन बॉल और 15 बार अर्जेंटीना का वर्ष का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना जाना शामिल हैं। मेसी ने क्लब और देश के लिए 47 ट्रॉफियां जीती हैं, जिनमें अर्जेंटीना के लिए 2022 विश्व कप और इंटर मियामी के साथ पिछले सत्र का एमएलएस खिताब शामिल है। इस तरह वह पुरुष फुटबॉल के इतिहास में सबसे अधिक खिताब जीतने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। मेसी लगभग दो दशक तक बार्सिलोना की तरफ से खेलते रहे और उन्होंने अपने आधे से अधिक गोल स्पेन के इस क्लब की तरफ से ही किए हैं।

### सर्वाधिक गोल में पेले सबसे आगे

कुछ लोगों का मानना है कि ब्राजील के दिग्गज पेले ने अपने करियर में 1,000 गोल का आंकड़ा पार कर लिया था, हालांकि आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार उन्होंने लगभग 800 गोल किए थे। विभिन्न स्रोतों के अनुसार पेले ने लगभग 1300 गोल किए थे। इनमें से कुछ गोल उन्होंने निचले स्तर की टीमों के खिलाफ किए थे। पेले ने लीग मैचों में लगभग 650 गोल किए थे।

**महामुकाबले का इंतजार**

**कोच क्रेग फुल्टन ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि वे सही समय पर अच्छे फॉर्म में लौट आएंगें**

# हॉकी विश्व कप : विस्तृत रणनीति तैयार कर रही भारतीय टीम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कोच क्रेग फुल्टन ने इस साल के आखिर में होने वाले विश्व कप में कड़े प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ विशेष और विस्तृत रणनीति तैयार करने की बात कही।

उन्होंने साथ ही मौजूदा समय में संघर्ष कर रही टीम का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि वे सही समय पर अच्छी फॉर्म में आ जाएंगे। भारत ने इस सत्र में अब तक सिर्फ एक मैच जीता है जो होबार्ट में खेला गया एफआईएच प्रो लीग मैच था जिसमें उसने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट में जीत दर्ज की थी।

नीदरलैंड और बेल्जियम में 15 अगस्त से शुरू होने वाले विश्व कप के पूल डी में भारत का सामना शीर्ष वरीय इंग्लैंड, अपने पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान और मजबूत वेल्स से होगा।

ग्रुप चरण के सभी मैच नीदरलैंड के एमस्टेलवीन में स्थित वैगेनर हॉकी स्टेडियम में खेले जाएंगे। हॉकी इंडिया की प्रेस विज्ञप्ति में फुल्टन के हवाले से कहा गया हम अपनी रणनीति, दबाव बनाने की रणनीति और अपनी 'फिनिशिंग' (गोल करने की क्षमता) पर कड़ी मेहनत करेंगे। ये वे छोटी-छोटी बातें हैं जो इस स्तर पर मैचों का नतीजा तय करती हैं। इस पूल में शामिल हर विरोधी टीम की अपनी अलग-अलग ताकत हैं इसलिए हमारी तैयारी भी हर टीम के हिसाब से खास और विस्तृत होगी।

अगले कुछ महीने हमारे लिए सबसे अहम हैं क्योंकि हमें ठीक सही समय पर अपनी बेहतरीन फॉर्म में आना है। ड्रॉ होने पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए फुल्टन ने इस बात पर जोर दिया कि उनकी टीम इस चुनौती का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

उन्होंने कहा हम बहुत उत्साहित हैं। यह एक बहुत मजबूत ग्रुप है लेकिन विश्व कप में आप यही तो चाहते हैं कि आपका मुकाबला दुनिया की सबसे बेहतरीन टीमों से हो ताकि आपकी असली परीक्षा हो सके। टीम के शिविर में इस समय माहौल बहुत ही सकारात्मक है। खिलाड़ी पूरी तरह से प्रेरित और जोश से भरे हुए हैं। अब जब हमें अपनी विरोधी टीमों के बारे में पता चल गया है तो हमारी तैयारियों को लेकर हमारे मन में पूरी स्पष्टता और एक निश्चित लक्ष्य है।

फुल्टन ने इस बात पर जोर दिया कि हर टीम की खेलने की अनोखी शैली के हिसाब से अपनी रणनीति में बदलाव करने और उनका सम्मान करने की जरूरत है। उन्होंने कहा इंग्लैंड एक बहुत ही व्यवस्थित और शारीरिक रूप से मज़बूत टीम है। हमारे पूल में वह शीर्ष वरीय भी है। पाकिस्तान की टीम अपने खेल में एक अलग ही अंदाज और अप्रत्याशितता लेकर आती है। साथ ही हॉकी के खेल में उनका बहुत ही समृद्ध इतिहास रहा है इसलिए उन्हें कभी भी हल्के में नहीं लिया जा सकता। फुल्टन ने कहा, वेल्स की टीम भी अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रही है और वह भी पूरी ऊर्जा और दृढ़ संकल्प के साथ मैदान में उतरेगी। उन्होंने कहा, हम इस पूल में हर प्रतिद्वंद्वी टीम का सम्मान करते हैं लेकिन हमें उनके खिलाफ मुकाबले में खुद पर भरोसा है। भारतीय टीम 15 अगस्त को वेल्स के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी।



### भारत के पूल डी मैचों का कार्यक्रम

- **15 अगस्त :** भारत बनाम वेल्स (शाम 4 :30 बजे)
- **17 अगस्त :** भारत बनाम इंग्लैंड (शाम 6 :30 बजे)
- **19 अगस्त :** भारत बनाम पाकिस्तान (शाम 6 :30 बजे)